रांची, शनिवार 29.06.2024 | * * नगर संस्करण । पेज : 12 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 345

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




# जेल से निकले हेमंत, मां ने उतारी आरती

## हाईकोर्ट से मिली बेल पर समर्थकों में उत्साह, इडी जायेगी सुप्रीम कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कथित जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग के मामले में हाइकोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार जमानत दे दी। 50-50 हजार के दो मुचलके जमानत मिलने के बाद शाम करीब चार बजे वह जेल से बाहर निकले। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन समेत पार्टी के अन्य नेता कार्यकर्ता ने जेल से निकलते ही उनका स्वागत किया। हेमंत ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। जेल परिसर से वह सीधे पिता शिबू सोरेन के घर पर पहुंचे। मां रूपी सोरेन ने आरती उतार कर बेटे का स्वागत किया। यह भावुक करने वाला पल था। इसके बाद हेमंत सोरेन ने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन से आशार्वाद लिया लिया और उनकी तबियत के बारे में जानकारी ली। जेल से निकलते ही हेमंत ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। साथ ही कहा, उन्हें गलत ढंग से फंसाया गया था। उधर इडी ने इस मामले म् अब सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। वहीं जमानत पर इंडिया गठबंधन कहा, यह सत्य की जीत और तानाशाही की हार है। जबकि भाजपा ने कहा, बेल मिली है, बरी नहीं हुए हैं।

**हेमंत को बड़ी राहत**

शुक्रवार को हाइकोर्ट से पूर्व सीएम को बड़ी राहत मिली। इससे पहले गुरुवार 13 जून की सुनवाई के दौरान इडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। (शेष पेज 11 पर)



## विपक्ष की आवाज दबाने की साजिश : हेमंत

**हाइकोर्ट** से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले। माता-पिता से आशीर्वाद लेने के बाद वह मीडिया के सामने आये। उन्होंने एक तरफ अदालत को धन्यवाद दिया तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार पर निशाना साधा। हेमंत ने कहा कहा, मैं पांच महीने के बाद जेल से आया हूं। इन पांच महीनों का जो वक्त था इस राज्य के लिए, हमारे झारखंडी भाइयों के लिए, यहां के मूल निवासी आदिवासियों के लिए चिंतनीय महीने रहे हैं। पूरे देश को पता है कि मैं किसलिए जेल गया और आखिरकार न्यायालय ने अपना न्याय सुनाया है। उसी के तहत आज मैं बाहर हूं। सोरेन ने कहा कि केंद्र की बात नहीं मानने पर राजनेता, समाजसेवी, पत्रकार गिरफ्तार किये जा रहे हैं। इन लोगों की आवाज बड़ी ही सुनियोजित तरीके से दबाने की कोशिश की जा रही है। ये किसी से छुपा नहीं है। इसको लेकर उन्हें चिंता होती है।

**झूठे केस में 5 माह जेल में रखा :** पूर्व सीएम ने कहा कि उन्हें झूठे केस में पांच महीने जेल में रखा गया। उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार के खिलाफ आवाज को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा, न्याय पाने में जो वक्त लगता है... बड़े सुनियोजित तरीके से लोगों के मुसीबत खड़ी की जाती है। यह संदेश सिर्फ राज्य नहीं पूरे देश के लिए है कि किस तरह हमारे खिलाफ साजिश रची गयी है। इस तरह आप देखते हैं कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं पत्रकार, कहीं सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग, उनके आवाज को कुचलने का काम किया जा रहा है। मंत्री रहते हुए लोगों को जेल में डाल दिया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### नक्सली हिंसा में मौत पर अधिक मुआवजा, कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

# 200 यूनिट फ्री बिजली समेत 38 प्रस्तावों पर मुहर

**चंपई कैबिनेट ने खोला खजाना**

- मुठभेड़ में शहीद जवानों के परिजनों को मिलेगा अब 60 लाख
- आमलोगों की मौत पर भी अब अधिक मुआवजा राशि
- शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फेलोशिप
- बीआरपी-सीआरपी के संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली फ्री, राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि, उग्रवादी हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों व केंद्रीय सेवा के पुलिसकर्मियों को विशेष मुआवजा समेत 38 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। झारखंड में छठा वेतनमान पा रहे पुनरीक्षित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली के स्थान पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की स्वीकृति दी गयी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग परिसर में हाई सिक्योरिटी जेल निर्माण के लिए 97 करोड़ 73 लाख की स्वीकृति दी गयी।

**200 यूनिट फ्री बिजली से 40 लाख लाभान्वित :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली के स्थान पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की स्वीकृति दी गयी। इसका लाभ 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। वहीं सरकार पर अतिरिक्त प्रतिमाह 21.7 करोड रुपये अतिरिक्त वित्तीय बोझ आयेगा।

**जवानों को विशेष मुआबजा :** कैबिनेट ने ड्यूटी के दौरान उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों व केंद्रीय सेवा के जवानों को विशेष मुआवजा देने का फैसला किया। मुठभेड़ के दौरान मौत होने पर 60 लाख रुपये, जख्मी होने पर इलाज का संपूर्ण खर्च दिया जायेगा। शहीद के बच्चों की पढ़ाई के लिए 5 लाख रुपये, शव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिये 50000 दिये जायेंगे। वहीं, रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर 35 लाख, बच्चे की पढ़ाई का सारा खर्च दिया जायेगा। सांप काटने या मलेरिया से मौत पर 35 लाख रुपये तक दिये जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)

**हरमू फ्लाईओवर को मंजूरी**

कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर की मंजूरी दी गयी। लगभग 430.75 करोड़ की लागत आयेगी। 3.30 किलोमीटर लंबा फोरलेन फ्लाई ओवर सहजानंद चौक से शुरू होकर रातू रोड होते हुये कांके रोड के एसीबी कार्यालय तक बनेगा। देवघर में अंतरराज्जीय बस टर्मिनल के लिए 60 करोड़ स्वीकृत किये गये। लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को प्रतिपूर्ति के भुगतान की मंजूरी। केंद्रीय कारा हजारीबाग में हाई सिक्योरिटी जेल निर्माण के लिये 97 करोड़ दिये गये। झारखंड सहायक कारा पाल संवर्ग नियमावली 2024 गठित किया गया। इसके तहत पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी और बाद में लिखित परीक्षा होगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक रखी गई है।

## पलामू सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

मेदिनीनगर। रामगढ़ थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गयी। मृतक दंपति गढ़वा के रमकंडा थाना क्षेत्र के रेहड़ा गांव का रहने वाला था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, रेहड़ा गांव के महाबीर प्रसाद और उनकी पत्नी कौशल्या देवी बाइक से डालटनगंज जा रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा घाटी में अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया।




## छह माह से कम सेवा वाले सदस्यों को निकासी का लाभ

**इपीएस- 95 में संशोधन**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना (इपीएस), 1995 में संशोधन किया है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले कर्मचारी पेंशन योजना के सदस्यों को भी निकासी लाभ मिल सके। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संशोधन से प्रत्येक वर्ष कर्मचारी पेंशन योजना के सात लाख से अधिक ऐसे सदस्यों को लाभ प्राप्त होगा जो छह महीने से कम अंशदायी सेवा के बाद योजना छोड़ देते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इसके अलावा, केंद्र सरकार ने तालिका डी को संशोधित किया है और यह सुनिश्चित किया है कि सदस्यों को आनुपातिक निकासी लाभ देने के लिए सेवा के प्रत्येक पूरे महीने को ध्यान में रखा जाये। निकासी लाभ की राशि अब सदस्य की सेवा के पूरे महीनों की संख्या और उस वेतन पर निर्भर करेगी जिस पर कर्मचारी पेंशन योजना का अंशदान प्राप्त हुआ था। इससे सदस्यों को निकासी लाभ के भुगतान को युक्तिसंगत बनाया है। अनुमान है कि प्रत्येक वर्ष 23 लाख से अधिक सदस्य तालिका डी के इस संशोधन से लाभान्वित होंगे। प्रत्येक वर्ष पेंशन योजना 95 के लाखों कर्मचारी सदस्य पेंशन के लिए आवश्यक 10 वर्ष की अंशदायी सेवा देने से पहले ही योजना छोड़ देते हैं। ऐसे सदस्यों को योजना के प्रावधानों के अनुसार निकासी का लाभ दिया जाता है। आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 लाख से अधिक निकासी लाभ के दावों का निपटारा किया गया। निकासी लाभ की गणना पूर्ण वर्षों में अंशदायी सेवा की अवधि और उस वेतन के आधार पर की जा रही थी, जिस पर कर्मचारी पेंशन योजना के अंशदान का भुगतान किया गया है। इसलिए, अंशदायी सेवा के छह महीने और उससे अधिक का समय पूरा करने के बाद ही सदस्य ऐसे निकासी लाभ के लिए पात्र होते थे। मंत्रालय ने कहा कि उदाहरण के लिए दो वर्ष और पांच महीने की अंशदायी सेवा और

## घोटाले की जांच में जुटे इडी अफसरों को प्रोन्नति

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इडी के 12 असिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों को डिप्टी डायरेक्टर रैंक में प्रोन्नति दी है। रांची जमीन घोटाला, साहिबगंज में अवैध खनन के केस की जांच कर रहे देवव्रत झा को भी डिप्टी डायरेक्टर रैंक में प्रोन्नति दी गयी। है। असिस्टेंट डायरेक्टर मनीष नौडियाल, राहुल वर्मा, दीपेंद्र कुमार अग्रवाल, दुर्गा शंकर डेब्टा, अंकुर तिवारी, रितेश कुमार श्रीवास्तव, अरुण गोपाल पांडेय, मनीष कुमार, दीपक कुमार कर्ण, निशांत नीरज और विकास गुप्ता को भी डिप्टी डायरेक्टर रैंक में प्रोन्नति दी गयी।

## लोकसभा में नीट हंगामा कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। वे नारे लगा रहे थे,... विद्यार्थियों को न्याय दो, न्याय दो।... उनका कहना था कि इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए।

JGi | ARKA JAIN University Jharkhand | NAAC GRADE A ACCREDITED UNIVERSITY

RANKED 3rd IN "TOP-15 EMERGING PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA" CATEGORY | Outlook ICARE RANKING 2023

NAAC GRADE A ACCREDITED UNIVERSITY
The First State Private University in Bihar, Jharkhand & West Bengal accredited with NAAC A Grade (In first Cycle)

ISO CERTIFIED | AIU MEMBER

5K+ Students | 07 Schools | 30+ Programmes | 175+ Faculty Members | 23 LPA Highest Package

ADMISSIONS OPEN (2024-25) FOR CAREER-FOCUSED UG / PG / DIPLOMA / PH.D. PROGRAMMES

ENGINEERING & IT
- B. Tech (ME / CSE / EEE / AI & ML)
- B Tech (AI & DS) with IBM
- BCA
- BCA (AI & DL) with IBM
- BCA (Cyber Security) with Cyber Dojo
- MCA (AI & DL) with IBM
- Diploma in Engineering (ME / EEE / CSE / Mechatronics)
- B. Tech / BCA + Data Analytics (IoA, UK)
- M. Tech (Manufacturing Engg. / CSE / EV Technology)

COMMERCE & MANAGEMENT
- BBA
- BBA (Capital Market) with SMI
- BBA (Digital Marketing) with ISDC
- B.Com (H)
- B Com Hons (Capital Market) with SMI
- MBA

HEALTH & ALLIED SCIENCE
- B. Optometry
- B. Sc Biotechnology
- B.Sc. (H) in MLT with Emversity
- B.Sc. (H) in A & OTT with Emversity
- B.Sc. (H) in EMT with Emversity

RESEARCH
- Ph.D in Commerce
- Ph.D in Management
- Ph.D in English
- Ph.D in Journalism & Mass Comm.
- Ph.D in Computer Science
- Ph.D in Electrical & Electronics Engg.
- Ph.D in Mechanical Engineering
- Ph.D in Pharmacy
- Ph.D in Biotechnology
- D.Litt.

NURSING
- B. Sc Nursing

HUMANITIES
- BA (H) - English
- BA (H) - Fashion Design
- BA (H) - Journalism & Mass Comm.

PHARMACY
- B. Pharm
- D. Pharm

LAW
- BBA LLB (H)
- L.L.B (Hons.)*

*Approval Applied for

LATERAL ENTRY PROGRAMMES - DIPLOMA IN ENGINEERING (ME, EEE, CSE), BCA, B. TECH (ME, EEE, CSE), B. PHARM, B. OPTOMETRY

JGi | ARKA JAIN University Jharkhand | NAAC GRADE A ACCREDITED UNIVERSITY

PHASE III - AJU CET NOTIFICATION 2024

THE UNIVERSITY INVITES APPLICATION FOR PHASE III OF COUNSELLING & COMMON ENTRANCE TEST (AJUCET) AGAINST VACANT SEATS AFTER 2ND ROUND OF COUNSELLING FOR THE FOLLOWING PROGRAMMES

- BBA
- B Com Hons.
- MBA
- BA Hons. (English, FD & JMC)
- Diploma in Engg.
- B Pharm
- BBA LLB Hons.
- BCA
- MCA (AI & DL) with IBM
- B. Tech
- M. Tech
- D Pharm
- B Optometry
- B Sc Biotechnology

Last date for Submission of AJUCET Application Form (Online/Offline) for IIIrd Phase of Counselling - 31st July, 2024

Dates of IIIrd Phase of online AJU CET - Between 1st July to 31st July 2024

* FOR MORE DETAILS, PLEASE REFER TO ADMISSION CALENDAR ON THE WEBSITE UNDER ADMISSION SECTION.

Student can procure AJUCET application form from Admission Office / University Campus or can apply Online through our website www.arkajainuniversity.ac.in

LATERAL ENTRY PROGRAMMES - DIPLOMA IN ENGINEERING (ME, EEE, CSE), BCA, B. TECH (ME, EEE, CSE), B. PHARM, B. OPTOMETRY

( Note :-Students having valid score card of CAT | MAT | XAT | CMAT (For MBA), JEE Mains (For B. Tech), PECE (For Polytechnic), NEET (For B. Pharm), JEE Mains & GATE (M. Tech) or common university entrance test (CUET) by NTA are exempted from appearing in AJU CET

1800-1200-200 | 0657-2220285 | 8406800562 | Apply Online: www.arkajainuniversity.ac.in

Chaibasa/CKP: 8406800563 | Ghatshila: 9955062615 | Hazaribagh: 7903233264 | Bokaro: 6201696510

Admission Office: D-28, Danish Arcade,Opposite Asian Inn Hotel, Dhatkidih, Jamshedpur - 831001

Campus Address: Opposite Kerala Public School, Mohanpur, Gamharia, District Seraikela Kharsawan, Jharkhand - 832108

# नीट पेपर लीक के सभी आरोपी रिश्तेदार निकले

## हजारीबाग के प्रिंसिपल समेत 3 को पटना ले कर गयी सीबीआइ टीम

### सीबीआइ का बड़ा खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना, रांची।** नीट पेपर लीक की जांच में जुटी सीबीआइ इस कांड से जुड़े हर शख्स की कुंडली खंगालने में जुटी है। शुक्रवार को दो आरोपियों चिंटू और मुकेश को साथ लेकर जांच टीम लर्न प्ले स्कूल और कंकड़बाग में रॉकी के आवास पर पहुंची। दोनों स्थानों के स्पॉट वेरिफिकेशन के बाद दोनों को लेकर वापस दफ्तर पहुंची, जहां पूछताछ जारी है। इस बीच जांच में ये बात सामने आ रही है कि इस लीक कांड के कई आरोपी एक ही परिवार के हैं या फिर नातेदार-रिश्तेदार हैं। पेपर लीक का मास्टर माइंड माना जा रहा संजीव मुखिया ही इस पेपर लीक गैंग का भी मुखिया है, जिसने अपने परिवार और




रिश्तेदारों का एक पेपर लीक गिरोह खड़ा कर लिया है। वहीं हजारीबाग में लगातार चार दिनों तक अनुसंधान के बाद सीबीआई की टीम ने ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और नीट के सिटी कॉओर्डिनेटर एहसान उल हक, डिप्टी प्रिंसिपल मो इम्तियाज और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पटना ले गयी है। तीसरे ने मुंह ढंक रखा था, समझा जा रहा है। इनमें एक अखबार का पत्रकार भी शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

### प्रिंसिपल समेत तीन गिरफ्तार

नीट- यूजी पेपर लीक मामले में लगातार चार दिनों तक अनुसंधान के बाद सीबीआइ ने ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, डिप्टी प्रिंसिपल मो इम्तियाज और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर पटना ले गयी। शुक्रवार को लगभग 4:30 बजे चरही गेस्ट हाउस से दो गाड़ी निकली। इसमें तीन लोग बैठे थे। तीसरे ने मुंह ढंक रखा था। समझा जा रहा है, इनमें एक अखबार का पत्रकार भी शामिल हैं। इसकी पुष्टि सीबीआई के किसी अधिकारी ने नहीं की है। पुलिस की गाड़ी दोनों गाड़ियों को एस्कार्ट करते हुए आगे आगे चल रही थी। सीबीआई की टीम दो ब्रीफकेस और एक बॉक्स भी अपने साथ यहां से ले गयी। ऐसा बताया जाता है कि जिस बक्से से प्रश्न पत्र लीक होने की बात कहीं जा रही थी उस बक्से को लेकर टीम निकली है। (पेज 7 भी देखें)

## जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा

# हर खेत को पानी पहुंचाना सरकार का लक्ष्य सिंचाई परियोजना को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

**मुख्यमंत्री ने विस्थापन से जुड़ी लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करने का दिया निर्देश**

- हर खेत तक पानी पहुंचाना सरकार का लक्ष्य
- समय पर पूरी हों सिंचाई परियोजना




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि हर खेत तक पानी पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। श्री सोरेन शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय में जल संसाधन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। हमारे किसान सालों भर कृषि कर सकें, इसके लिए खेतों में पटवन की व्यवस्था होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आज सिंचाई की कई आधुनिकतम तकनीकें मौजूद हैं। इसमें मेगा लिफ्ट और भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। झारखंड में भी भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं को विस्तारित किया जा रहा है। इससे फायदा है कि ना तो जमीन अधिग्रहण की समस्या आयेगी और ना ही डैम और जलाशय की वजह से गांव डूबेंगे। इसके साथ भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से एक बड़े इलाके में बिना किसी अड़चन के काफी कम समय में सिंचाई सुविधाओं को पहुंचा सकते हैं। इससे जल का भी ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग हो सकेगा।

**छोटी और लघु सिंचाई परियोजनाओं पर करें फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वह छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दे। इससे खेतों में जल्द पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने में काफी ज्यादा समय लगता है । इसकी लागत राशि भी काफी ज्यादा होती है और विस्थापन की समस्या पैदा होती है। ऐसे में छोटी-छोटी सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन से इस तरह की समस्यायें नहीं आयेगी।

**विस्थापन से जुड़ी समस्याओं का हो समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में ऐसी कई बड़ी सिंचाई परियोजनायें वर्षों से लंबित है। उनके कार्य की गति काफी धीमी है। इन सिंचाई परियोजनाओं की वजह से विस्थापन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती है। ऐसे में विस्थापितों के समस्याओं का समाधान समाधान हो जाना चाहिये। विस्थापितों के पुनर्वास और मुआवजा से संबंधित मामले लंबित नहीं रहने चाहिये । उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को इस तरह से धरातल पर उतरे कि कम से कम विस्थापन की नौबत आये।

**सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली आज की जरूरत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा से सिंचाई एक टिकाऊ और बेहतर विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। ऐसे में सोलर सिंचाई प्रणालियों का इस्तेमाल हो। उन्होंने कहा कि सिंचाई पंपों और ड्रिप सिंचाई प्रणालियों को चलाने के लिए इसका इस्तेमाल होना चाहिये। इससे पर्यावरण के साथ पानी की बबार्दी को कम करने और फसल की पैदावार बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसका फायदा है कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली पर अनावश्यक खर्च नहीं करना पड़ेगा। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सीएम के सचिव अरवा राजकमल, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार आदि थे।

## निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

# बीएलओ-सुपरवाइजर मतदाता सूची का करेंगे घर-घर भौतिक सत्यापन: सीइओ

**लोकसभा चुनाव के अनुभवों से सीख लेते हुए विधानसभा चुनाव के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने का प्रयास**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक कार्यान्यवन के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण सत्र में पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के अनुभवों से सीखते हुये आगामी विधानसभा चुनाव के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाये जाने की दिशा में सभी से बेहतर प्रयास अपेक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सभी घरों तक बीएलओ सुपरवाइजर के स्तर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य का सत्यापन कराया जाना है। बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर सत्यापन के उपरांत विभाग द्वारा प्रदत्त स्टिकर को सत्यापित घरों पर अपने हस्ताक्षर के साथ अनिवार्य रूप से लगायेंगे। इसे संबंधित ईआरओ, एईआरओ फील्ड विजिट के क्रम में भौतिक निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से कम मतदान वाले सभी मतदान केंद्रों का संबंधित ईआरओ अपने स्तर से निरीक्षण करते हुये उनके यथासंभव निराकारण का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रशिक्षण में आये सभी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार कर निर्वाचन कार्यों का ससमय दक्षतापूर्वक निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

ओएसडी गीता चौबे द्वारा ई रोल, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार द्वारा मतदाताओं से प्राप्त शिकायतों के निवारण संबंधी पोर्टल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा मतदान केंद्रों के रेशनलाईजेशन, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील द्वारा ईआरओ नेट 2.0 के बारे में पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।


**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सोगरा पी० एफ० थाना –सिसई के पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित (बालू लदा हुआ)चेचीस न०–MBNAAADA PJRB00609, इंजन न०–RJB2DB N3826, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 328047 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, RANCHI.**
**(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002)**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**( 2nd Call, PR No.- 325488 )**
**Notice No.- 05/2024-25**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ Authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN on materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http:// Jharkhand tenders.gov.in Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 02.07.2024 at the 11:30hrs. to 10.07.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 11.07.2024 at 16:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

PR 328002 Water Resource(24-25).D

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.


## जमीन घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर झामुमो और भाजपा के बीच बयानबाजी

# झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन हमारे डीएनए में है संघर्ष : सुप्रियो




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर कहा कि 148 दिन के बाद एक बड़ी राहत मिली है, जब झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत दी है। हम शुरू से इस बात को कह रहे थे और हेमंत सोरेन ने विधानसभा के पटल पर भी यह बात रखी थी। कहा था कि 8 एकड़ रकबा वाली जमीन की अगर एक छटांक जमीन भी हमारे नाम पर होगी, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सोरेन के कठोर प्रण वाली बातों में ईमानदारी और सच्चाई भरी थी, इस जमानत के आदेश से उन पर मुहर लगी है, जो आरोप लगे थे, यह कहीं से भी साबित नहीं हो पाये।

**झारखंड के 4 करोड़ लोगों के विश्वास की जमानत :** कहा कि जमानत कोई आसान शब्द नहीं है, यह झारखंड के 4 करोड़ लोगों के विश्वास की जमानत है। लोकसभा चुनाव के पूर्व एक सुनियोजित साजिश के तहत विरोधी चाहते थे कि एक प्रखर नेता की आवाज को शांत किया जाये। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रखर नेता के पैरों में बेड़ियां लगाने की साजिश रची गयी। हाथों में हथकड़ी, पैरों में बेड़ियां डाली गयी थी कि चुनाव को प्रभावित किया जा सके। आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय बीजेपी की कठपुतली था, जो उसके इशारों पर काम कर रहा था, ताकि चुनाव में एनडीए को बढ़त मिले।

**झारखंड में आदिवासियों की एक भी सीट बीजेपी के खाते में नहीं गयी :** आदिवासियों ने दिखा दिया कि झारखंड में आदिवासियों की एक भी सीट बीजेपी के खाते में नहीं गयी। अगर चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन बाहर रहते तो आज पूरे देश की राजनीतिक स्थिति कुछ अलग ही रहती। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि प्रधानमंत्री होते। झारखंड में और 9 सीटें और पूरे देश में कम से कम 30 सीटों का इजाफा इंडिया गठबंधन का होता। सुप्रियो ने कहा कि साजिश का अंत हो गया, बाहर निकल गया अपना हेमंत, यह आज का नारा है। लोकसभा चुनाव अगर कल भी होता है तो हम भारतीय जनता पार्टी को सिंगल डिजिट में रोक देंगे, अपने बल पर झारखंडियों की सरकार बनायेंगे।

**बीजेपी की गीदड़ भभकी हमें डरा नहीं सकती :** बीजेपी की गीदड़ भभकी हमें डरा नहीं सकती, 30 जून हूल दिवस है। झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन है और संघर्ष हमारे डीएनए में है। हम देश के आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों की आवाज को नहीं छोड़ सकते। युवाओं की उम्मीद के साथ हम खिलवाड़ नहीं कर सकते। सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड हाईकोर्ट के साथ-साथ तमाम लोगों का आभार जताया।

# सिर्फ जमानत मिली है, आरोप मुक्त नहीं हुए हैं: प्रतुल शाहदेव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार करते हुये तंज कसा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जमानत मिलने से झामुमो इस तरीके से उत्सव मना रहा है कि जैसे उनको सारे आरोपों से दोष मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जमानत अदालत की प्रक्रिया का एक हिस्सा है और इस पर इतना छाती ठोकर दंभ भरने की आवश्यकता नहीं है। आज उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने हेमंत सोरेन को जमानत जरूर दी है लेकिन, पूरे मुकदमे का ट्रायल अभी बाकी है। इसलिए झामुमो अभी से हेमंत सोरेन को दोष मुक्त मानकर अदालत की अवमानना कर रहा है।


उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने हेमंत सोरेन के खिलाफ जमीन घोटाले में लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया था। हेमंत सोरेन ने उच्च न्यायालय में जब अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी तो 3 मई को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की बेंच ने अपने जजमेंट में प्रथम दृष्टया हेमंत सोरेन के खिलाफ लगे आरोपों को सही माना था। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने ईडी की प्रारंभिक कार्रवाई को भी जायज ठहराया था। हेमंत सोरेन के द्वारा एक आदिवासी होने के कारण प्रताड़ित करने के आरोपों पर उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह एक हारते हुए मुवकिल को बचने का अंतिम प्रयास लगता है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची लैंड स्कैम, साहिबगंज का पत्थर खनन घोटाला, अवैध खनन घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, प्रश्न पत्र लीक घोटाला आदि ढेर सारे संगीन आरोप लगे हैं। इस सरकार के कार्यकाल में 70,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगा है। यह राज्य सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को सामने आने देना नहीं चाहती है।

## सत्यमेव जयते का नारा बुलंद: कांग्रेस

**रांची।** जमीन घोटाला के आरोप में जेल में बंद हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं किया जा सकता।. आज सत्यमेव जयते का नारा बुलंद हुआ है और तानाशाही विचारधारा की हार हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है।

## हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झारखंड कांग्रेस में उत्साह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रदेश कांग्रेस ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इसे न्याय की जीत बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि न्यायपालिका पर अभी भी जनता का विश्वास कायम है। साजिश कितनी भी गहरी हो न्यायपालिका दूध का दूध पानी का पानी कर देती है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया और झारखंड में सरकार अपदस्त करने और लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश केंद्र सरकार द्वारा की गई थी लेकिन महागठबंधन के एकजुट रहने से सरकार स्थिर रही। उन्होंने कहा कि इस फैसला का झारखंड में बड़ा प्रभाव पड़ेगा और इंडिया गठबंधन अधिक मजबूती से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा और साजिश की सूत्रधार भाजपा को वर्तमान सीटों से भी कम सीटों पर सिमट देगी।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता नेतृत्व में शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर पटाखे जलाकर और लोगों के बीच मिठाइयां बाटकर खुशी का इजहार किया गया।

जीत गुप्ता ने कहा कि आज खुशी का दिन है हमारे नेता जेल से बाहर आ गये हैं। हम उच्च न्यायालय का धन्यवाद करते हैं। जनता का विश्वास बढ़ा है और गरीब, कमजोर, आदिवासियों, मूलवासियों सहित राज्य वासियों का हौसला बुलंद हुआ है। खुशी मनानेवालों में अजीत नायक, आयुष राज वर्मा, अकबर, अजय सिंह, वीरू, अशोक, अभिषेक वर्मा, विनोद साहू, राजेश, भोलू गुप्ता, फैयाज, पंकज कुमार, हीरालाल, भारत सिंह सहित कई नेता कार्यकर्ता शामिल थे।


**कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा**
ई–मेल :–simdeganagar@yahoo.in

**अतिअल्पकालिन डाक बंदो बस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :–05/2024–25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में (02 वर्ष 08माह 15 दिन के लिए) नगर परिषद सिमडेगा क्षेत्रान्तर्गत हो र्डिग्स की बंदोबस्ती हेतु आमडाक की तिथि निर्धारित की गई है :–

1) विभाग का नाम :– नगर परिषद सिमडेगा
2) डाक प्राप्ति का स्थान :– नगर परिषद सिमडेगा
3) डाक की बिक्री का स्थान एवं तिथि :– नगर परिषद सिमडेगा / 03.07.2024 से 05.07.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। (कार्यालय अवधि में)।
4) डाक की प्राप्ति तिथि एवं समय :– 06.07.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
5) डाक बोली का स्थान एवं समय :– नगर परिषद सिमडेगा / 08.07.2024 को अपराह्न 04:00 बजे।
6) डाक आमंत्रित का मुल्य :– प्रति आमंत्रण 1,000.00 (एक हजार) रूपये मात्र ।

| क्रमांक | सैरात का नाम | डाक बोली की राशि | सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | होर्डिंग्स (विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने का कार्य) | 1. Zone A मेंकुल 19 संरचना हेतु न्यून्तम डाक की बोली 40 रूपये / Sqft (51,300.00 रूपये)<br>2. Zone B में कुल 42संरचना हेतु न्यून्तम डाक की बोली 30 रूपये / Sqft (62,370.00 रूपये)<br>3. Zone C में कुल 20 संरचना हेतु न्यून्तम डाक की बोली 20 रूपये / Sqft (40,000.00 रूपये)<br>(Zone C में 20 (10'X10') संरचना करना अनिवार्य होगा)। | Zone A, B एवं C में कुल 1,53,670.00 रूपये, (सुरक्षित जमा रा[illegible] का 10% 15,367.00 रूपये) |

डाक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद सिमडेगा के द्वारा की जायेगी। खुले डाक में सम्मिलित होने के लिए डाक वक्ता को सुरक्षित राशि का 10% राशि का बैंकड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिशद सिमडेगा के नाम से देय होगा) जो कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा में जमा करना अनिवार्य है। बैंकड्राफ्ट के साथ पैनकार्ड, अद्यतन आयकर, स्वच्छता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त कार्यालय द्वारा निर्गत), मतदाता पहचान पत्र / आधार कार्ड कार्यालय नगर परिशद सिमडेगा में जमा करना अनिवार्य होगा। 10% राशि एवं कागजात दिनांक 06.07.2024 को अपराहन 05:00 बजे तक कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा में जमा करना अनिवार्य है।

उक्त कागजातों के अलावा इस आय का शपथपत्र भी जमा करना अनिवार्य होगा कि उनका नाम काली सूची में दर्ज नहीं है एवं कार्यालय नगर परिशद सिमडेगा कोई टैक्स / बन्दोबस्ती राशि बाकी नहीं है।

वांछित कागजात नहीं रहने पर डाक में भाग नहीं ले सकेंगे एवं इसके लिए कोई भी दावामान्य नहीं होगा। पूर्व में की गई बन्दोबस्ती राशि से डाक की बोली कम होने पर उसे अमान्य कर दिया जायेगा।

होर्डिंग्सस्थल की सूची एवं अन्य शर्ते कार्यालय नगर परिशद सिमडेगा के सूचना पट्ट अथवा विभागीय वेवसाइट udhd.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 327978 Simdega(24-25)#D


## 14 लोकसभा क्षेत्र में 6 जुलाई से 15 जुलाई तक होगा विजय संकल्प कार्यक्रम

# जनभावना गठबंधन सरकार के खिलाफ : बाबूलाल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड की जनभावना गठबंधन सरकार के खिलाफ है। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित जिलाध्यक्षों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता गठबंधन सरकार से त्रस्त है। जनता ने लोकसभा चुनाव में अपनी भावनाओं से अवगत करा दिया है। इंडी एलायंस के खिलाफ जनता ने मतदान किया। एनडीए को 9 सीट देकर प्रदेश की जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के अपनी बड़ी भूमिका निभाई है। कहा कि कार्यकर्ता राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर करें।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुये नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से तैयारी में जुट गई है। आगामी 100 दिन में झारखंड में नया सवेरा लाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में लूट, भ्रष्टाचार एवं ध्वस्त विधि व्यवस्था पर गंभीर है। हम लगातार जनता के बीच इसे लेकर जा रहे हैं। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, अभियान, 20 जून को प्रस्तावित कार्यसमिति बैठक, अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक सभी लोकसभा क्षेत्रों में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में तो गुमला में एक मतदान केंद्र पर ऐसा मुस्लिम मतदाता आया जहां कोई मुस्लिम आबादी है ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर गंभीर है तथा चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी करेगी। उन्होंने कहा कि राजमहल में अनुपात से बहुत ज्यादा 50 हजार मुस्लिम वोटर बढ़ गये, जबकि पाकुड़ में 70 हजार मुस्लिम वोटर बढ़े हैं, जो एक साजिश के तहत हुआ है।

### झामुमो कांग्रेस राजद का चरित्र दोहरा

श्री बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेल मिलना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। न्यायपालिका ने एक निर्णय सुनाया है लेकिन झामुमो कांग्रेस को बताना चाहिये कि हेमंत सोरेन जेल भी गये थे तो न्यायालय की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत और आज बेल भी मिला है तो वह भी एक संवैधानिक प्रक्रिया के तहत। लेकिन, भाजपा पर दोषारोपण कर जनता को दिग्भ्रमित करना इनका दोहरा चरित्र है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी हेमंत सोरेन बेल पर जेल से बाहर आये हैं, ये अभी मुकदमों से बरी नहीं हुये हैं। बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के अलावा राकेश प्रसाद, मनोज सिंह, सरोज सिंह, सुनीता सिंह सहित मोर्चों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# स्व केके सिंह ताउम्र मानवता की सेवा में जुटे रहे : रघुवर दास

## समाजसेवी केके सिंह की स्मृति में 178 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के पेट्रन व इस शहर के जाने माने समाजसेवी स्व के के सिंह ने अपने पूरे जीवन में मानवता की सेवा के कार्यों को बखूबी किया, जिसका परिणाम आज सामने है कि लोग उनकी स्मृतियों के साथ यहां इस रक्तदान शिविर में जुड़े हैं। निजी जीवन में कोई कितना भी बड़ा हो इसकी कोई चर्चा नहीं होती, लेकिन सामाजिक जीवन के आपके छोटे से छोटे योगदान को भी समाज याद रखती है। उक्त विचार उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास ने यहां साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में स्व के के सिंह की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। उन्होने आशा व्यक्त किया कि उनके नाम पर होने वाले सामाजिक कार्यों को उनका परिवार इसी तरह आगे बढाते रहेगा, जिससे मानवता के सेवा कार्यों से जरुरतमंदों को लाभ मिलेगा। आज यहां रेड क्रॉस भवन में स्व सिंह की जयंती पर आयोजित रक्तदान महायज्ञ में श्री दास के साथ श्री कृष्ण सिंहा संस्थान के संस्थापक महासचिव हरबल्लभ सिंह आरसी, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रक्तदान प्रभारी अरुण बाकरेवाल, टाटा मोटर्स के पूर्व जीएम मानस मिश्रा, राजकिशोर सिंह, अनील ठाकुर ने संयुक्त रूप से स्व के के सिंह की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने किया। रघुवर दास नेरक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ प्रदान किया। संध्या 5 बजे तक चले रक्तदान शिविर में 178 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए रबीन्द्र नाथ चौबे, बीएनपी गुप्ता, रामबाबू तिवारी, राम उदय प्रसाद सिंह, एसडीएसएम स्कूल के चेयरमैन दिवाकर सिंह, के के एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट की संरक्षक एवं स्व सिंह की धर्मपत्नी उर्मिला सिंह, निदेशक रश्मि सिंह, उषा सिंह, देवानन्द सिंह, सिद्धनाथ दुबे, धर्मेन्द्र प्रसाद एवं अन्य लोगों ने रक्तदाताओं को पुष्प गुच्छ प्रदान किया। संचालन रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम के सचिव विजय कुमार सिंह ने किया। ब्लड सेन्टर की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। समाजसेवी दिवाकर सिंह द्वारा विकास सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।




रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते राज्यपाल रघुवर दास। साथ में हरि बल्लभ सिंह आरसी, विकास सिंह व अन्य।

## रेडक्रॉस का तीन दिवसीय नेत्र शिविर आज से

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिडेट के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 29 जून से तीन दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया जायेगा। 29 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे से नेत्र रोगियों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा तथा नेत्र रोगियों के आंखों की जांच दोपहर 1 बजे नेत्र चिकित्सक एवं उनकी सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की जायेगी। 30 जून को उपयुक्त पाये गये नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ राशि एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा तथा 1 जुलाई को इन सभी नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर उन्हें चश्मा व दवा प्रदान कर विदा किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों से आग्रह किया है कि वे जरूरतमंद नेत्र रोगियों को शिविर तक पहुंचने में मदद करें।

## स्पीड न्यूज

### डीसी से मिले डॉ दिनेशानंद गोस्वामी



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने 4 महीनों से लम्बित वृद्धावस्था पेंशन का शीघ्र भुगतान करने ग्रीनकार्डधारी राशन उपभोक्ताओं को नियमित राशन मुहैया कराने जैसी मांगों को लेकर आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से उनके कार्यालय में मिले। डॉ गोस्वामी ने उपायुक्त से कहा कि विगत 4 महीनों से वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। कई बुजुर्ग तो वृद्धावस्था पेंशन से ही अपना जीवन यापन करते हैं। नियमित पेंशन न मिलने के कारण अनेक लोगों को अपना जीवन निर्वाह करने में कठिनाई हो रही है। वहीं ग्रीनकार्डधारी राशन उपभोक्ताओं को अगस्त 2023 से राशन उपलब्ध नहीं हो रहा है। डॉ गोस्वामी ने अबुआ आवास योजना की धीमी रफ्तार के संबंध में उपायुक्त को बताया तथा अबुआ आवास की विसंगतियों को दूर करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उपायुक्त से मिलने गोस्वामी के साथ भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजीब सिंहा तथा दिनेश शर्मा भी सम्मिलित थे।

पटमदा में विधायक मगंल कालिंदी ने किया सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास

फोटो मंगल

पटमदा। पटमदा के बामनी गांव में शुक्रवार को विधायक मगंल कालिंदी ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 22 लाख की योजना से स्वीकृत सड़क का चौड़ीकरण सह सुदृढ़ीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, बीस सूत्री अध्यक्ष कालिपद महतो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बासुदेव मंडल, विमल मंडल, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, माणिक महतो, विनय मंडल, स्वपन महतो, मिलन दास, कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास, भाकपा नेता परेश मंडल, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस संबंध में विधायक मगंल कालिंदी ने कहा कि इस योजना के तहत बामनी मोड़ से घोषडीह, खेरुआ होते हुए काशियागोड़ा तक करीब 4 किमी सड़क की चौड़ीकरण सह सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र के लोगों की करीब एक दशक पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। गौरतलब हो कि इस सड़क की मरम्मत के लिए भाकपा नेता परेश मंडल लगातार प्रयासरत थे और शिलान्यास के मौके पर उन्होंने विधायक का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### हेमंत सोरेन की रिहाई पर विधायक मंगल ने लड्डू वितरण किया



जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम प्रखंड रसिकनगर पंचायत अंतर्गत बड़ा सुसनी ग्राम में ग्रामीणों द्वारा आयोजित बैठक में जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। विधायक द्वारा ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी गई और लाभ लेने के लिए कहा। बैठक के दौरान विधायक द्वारा आदरणीय हेमंत सोरेन जी को माननीय उच्च न्यायालय से जमानत मिलने की खुशी में ग्रामीणों के बीच लड्डू का वितरण भी किया गया। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हमें पूरा भरोसा था कि जेल के ताले टूटेंगे और हेमंत सोरेन छूटेंगे क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। आज का दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकताओं और नेताओं के लिए कोई त्योहार से कम नहीं है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, झामुमो नेता माणिक महतो, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, काजल सिंह, विनय मण्डल, स्वप्न महतो, गौरीनाथ महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### आदिवासी कुडमि समाज ने किया प्रदर्शन



जमशेदपुर। शुक्रवार को आदिबासि कुड़मि समाज, पूर्वी सिंहभूम जिला द्वारा जिला सह संयोजक प्रकाश महतो के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय जमशेदपुर के समक्ष एक विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से पिछले दिनों झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्राथमिक स्तर पर करवाये गये भाषाई सर्वेक्षण में हुए व्यापक गड़बड़ी को लेकर भारी रोष प्रकट किया गया। विदित हो कि कुड़मि जनजाति समुदाय की स्वायत्त कबिलावाची मातृभाषा कुड़मालि है। मगर पूरे जिले में कुड़मालि भाषा की संख्या शून्य कर दी गई है। इस जिले में निवासित पूरे कुड़मि समुदाय के साथ साथ इनकी अति विशिष्ट भाषा कुड़मालि के साथ घोर अन्याय हुआ है। पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से इस पक्षपातपूर्ण भूल को सुधार करने का निवेदन किया गया था, पर कोई न्याय नहीं किया गया।

## पॉस्को एक्ट के मामले 60 दिनों के भीतर निपटाने के दिये निर्देश

# पासपोर्ट सत्यापन में देरी बर्दाश्त नहीं : एसएसपी

> एसएसपी ने कहा कि इस वर्ष जिस थाना क्षेत्र में वाहन चोरी/गृह भेदन/चैन छिनतई आदि की कांडो में वृद्धि हुई है। उनसे 2 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी

## एसएसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक



मासिक अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में सिटी एसपी मुकेश लुणावत व ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज 28 जून को वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक, नगर/ग्रामीण, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचल निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया गया।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से सीनियर एसपी ने निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गयाः सबसे पहले दिनांक 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले 3 नये क्रिमिनल लॉ के बारे में सभी थाना प्रभारी/पुलिस निरीक्षक को ब्रीफ किया गया।

साथ ही पुलिस उपाधीक्षक को अपने अधीनस्थों को इस संबंध में ब्रीफ करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात वारंट/इश्तेहार/कुर्की का स समय निष्पादन हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने कहा कि इस वर्ष जिस थाना क्षेत्र में वाहन चोरी/गृह भेदन/चैन छिनतई आदि की कांडो में वृद्धि हुई है। उनसे 2 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी।

एनडीपीएस कांडो के अभियुक्तों के विरुद्ध पीआइटी एनडीपीसी/ निगरानी प्रस्ताव खोलने हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया कि पोक्सो एक्ट से संबंधित सभी काण्डों को 60 दिन के अन्दर निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे, अनावश्यक रूप से लंबित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में वैसे सक्रिय अपराधकर्मी जिनके विरूद्ध 02 से अधिक सम्पत्तिमूलक या अन्य संगीन काण्ड दर्ज हो तो वैसे अपराधकर्मियों के विरूद्ध उउअ/निगरानी प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। एसएसपी ने कहा कि पासपोर्ट का सत्यापन 05 दिन के अन्दर पूर्ण कर पोर्टल में अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

किसी भी परिस्थिति में पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर आवेदनकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करेंगे। बैठक में इमर्जेंसी सपोर्ट रिस्पांस सिस्टम 112 के तहत प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को 30 मिनट के अंदर रिस्पोंड करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में लोकसभा चुनाव में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक /थाना प्रभारी एवं चुनाव कोषांग के कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा सम्मानित किया गया।

## पंचायतों में सभी तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे : डीसी

**खबर मन्त्र टीम**



**पोटका/जमशेदपुर।** जमशेदपुर बीडीओ द्वारा अपने प्रखंड क्षेत्र के 18 से 20 पंचायतों में विकास कार्य पर रोक लगाने का फरमान जारी करने के पश्चात प्रखंड के सभी जन प्रतिनिधि आक्रोशित है। जिला परिषद के चेयरमैन बारी मुर्मू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर एक ज्ञापन देकर मांग किया है की 15वी वित्त आयोग की राशि को पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य जारी रखा जाए। प्रतिनिधि मंडल में बारी मुर्मू पानी सोरेन, शिव हांसदा, पलटन मुर्मू, कान्हु मुर्मू, सरस्वती टुडू, राकेश मुर्मू, सुनील किस्कू, सोनिया भूमिज, मनीषा, नीनू कुदादा, मायावती टुडू, किशोर कुमार, रैना पूर्ति आदि मौजूद थे।

## हेमंत से मिली जोबा माझी, कहा सच की हुई जीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** रांची में जमीन से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आये पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने देर शाम मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद जोबा माझी ने हेमंत सोरेन को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं लोकसभा चुनाव में सिंहभूम से ऐतिहासिक जीत पर हेमंत सोरेन ने जोबा माझी को बधाई दी। इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत पर कहा सच हमेशा सच होता है और न्यायपालिका ने सच का साथ दिया। हमें पूरा भरोसा था झारखंड के गरीब और दबे कुचले की आवाज हेमंत सोरेन को जरूर न्याय मिलेगा। उन्होंने आज के दिन को झारखंड की राजनीति का अहम दिन करार देते हुए कहा करोड़ों झारखंडियों की यह जीत है। मौके पर कल्पना सोरेन भी मौजूद रही।

## गोलमुरी क्लब में उच्च योग साधना शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सत्यानंद योग केंद्र और टीसीआईएल के संयुक्त तत्वाधान में 22 जून से शुरू हुए उच्च योग साधना शिविर का समापन आज गोलमुरी क्लब के सभागार में हुआ, जिसमें कुल 100 शिक्षार्थी उपस्थित थे। योग शिविर के समापन में सभी योग साधक भावुक स्थिति में नजर आए। उच्च साधना शिविर के अंत में लोगों ने अपने मन के जिज्ञासा का समाधान भी किया। स्वामी जी ने आज लोगों को पूरे सप्ताह में कराए गए साधना का मुख्य बिंदु के विषय में विस्तार से बताया। लोगों के खान-पान, उठने बैठने, आचरण, व्यवहार, के तरीके पर विस्तार से बताया। स्वामी जी ने बताया कि खाने के बाद हमारे दाहिने नासिक से श्वास का प्रवाह होने पर, जठराग्नि तेज होता है और खाया गया भोजन सुचारू रूप से पचता है। साथ ही स्वामी जी ने श्वास के प्रवाह को बदलने के तरीके बताएं। स्वामी जी ने सोने और जागने के संबंध में बताते हुए मार्गदर्शन किया की सोने के पहले और जागने के बाद मंत्र जाप, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कर लेने से पूरा दिन अच्छी तरह से व्यतीत होता है, मन प्रसन्नचित रहता है, काम व्यवस्थित ढंग से होता है, व्यवहार संयमित होता जाता है और नींद आसानी से अतः है और गहरा नींद होता है। अतः लोगों को इसका नियमित और नियमबद्ध तारिक्के से करना चाहिए। किरण दुबे एवम हरे राम ओझा ने शिविर के समापन में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए काफी भावुक नजर आए।

## डीसी ने सुनी लोगों की समस्यायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना । फरियादियों ने केजीबीवी में नामांकन, निजी विद्यालय में आरटीई के तहत निःशुल्क शिक्षा, दिव्यांग पेंशन व अन्य सुविधा, दाखिल खारिज, म्यूटेशन, विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र, भूमि विवाद समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर फरियादियों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्होने आश्वस्त किया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया तथा अन्य आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

## अरका जैन विवि : अर्थव्यवस्था व व्यवसाय में स्थिरता को पर्यावरण भी प्रभावित करता है

### स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


स्मारिका का विमोचन करते रमेश नंद्रायोग व विवि के पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका विषय ह्वैश्विक परिदृश्य को नेविगेट करनाः व्यवसाय और अर्थव्यवस्था में सतत रणनीतियों को अपनाना था। इसमें मुख्य अतिथि टाटा स्टील के पूर्व सीएफओ रमेश चंद्र नंदराजोग थे। उन्होंने सतत विकास पर अपने विचार व्यक्त किए और अपने जीवन के अनुभवों को कुछ उदाहरणों के साथ साझा किया। उन्होंने जीवन में सफल व्यक्ति बनने के गुर बताये। साथ ही किसी व्यक्ति के जीवन में प्रासंगिक भाग्य और कड़ी मेहनत की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। किंग सऊद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दुर्गा प्रसाद ने संयुक्त राष्ट्र के सभी एसडीजी लक्ष्यों और जीवन के चार वित्तीय लक्ष्यों के बारे में बताया। दक्षिण अफ्रीका के डरबन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रवींद्र रेना भी संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अर्थव्यवस्था और व्यवसाय में स्थिरता कैसे प्रासंगिक है और यह पर्यावरण को कैसे प्रभावित कर सकती है। उद्घाटन सत्र के अंतिम वक्ता टाइम जमशेदपुर के निदेशक शुभम खन्ना ने स्थिरता और इसके भविष्य पर अपने विचार रखे। अगली कड़ी में, वित्त, विपणन, मानव संसाधन और सामान्य प्रबंधन ट्रैक पर चार तकनीकी सत्र हुए। इमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए स्थिरता प्राप्त करने के उपायों पर चर्चा की। प्रत्येक तकनीकी सत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करनेवाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। अरका जैन विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर अंकिता सिंह, छात्रा सदफ फातमा, यश कुमार बिन्हा और स्नेहा कुमारी ने तकनीकी सत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार हासिल किया। समापन सत्र में अचिंता चटर्जी ने स्थिरता और इसके भविष्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के चेयमैन प्रो एसएस रजी, कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, डीएसडब्लूय प्रो (डॉ) अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ जसबीर सिंह धंजल, यूजी प्रोग्राम की सहायक डीन डॉ पोम्पी दास सेनगुप्ता, डीन, विभिन्न विभागों के एचओडी, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस आरंभ**

दूसरी ओर अरका जैन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार से मशीन, विनिर्माण, मॉडलिंग और प्रौद्योगिकी में हाल के रुझानों पर आधारित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस आरंभ हुआ। यह सम्मेलन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की ओर से किया गया है। इसमें सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने सामग्री प्रौद्योगिकी, धातु काटने, जोड़ने और एडिटिव विनिर्माण, धातु निर्माण, मशीन टूल डिजाइन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स में महत्वपूर्ण प्रगति पर चर्चा के लिए इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के पेशेवरों और शिक्षाविदों के लिए एक महत्वपूर्ण सम्मेलन साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अश्विनी कुमार ने की, संयोजन डॉ अनुपम कुमारी और डॉ कुलदीप साहू कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्घाटन सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी, एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख प्रो (डॉ) संजय, अरका जैन विवि के निदेशक डॉ अमित श्रीवास्तव, विवि प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो एसएस रजी और कैंपस में निदेशक डॉ अंगद तिवारी समेत अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

## एक नजर में

### पूर्व मंत्री सहिस ने उड़ीसा के राज्यपाल रघुबर दास से मिलकर लिया आशीर्वाद



जमशेदपुर। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने आज सुबह 11 बजे उड़ीसा के राज्यपाल रघुबर दस से उनके जमशेदपुर स्थित आवास पर मिले और आशीर्वाद प्राप्त किये। औपचारिक मुलाकात के बाद सहिस ने बताया कि पूर्व में रघुबर दास के नेतृत्व में मुझे सहयोगी के रूप में मंत्री बन कर कार्य करने और जनसेवा करने का अवसर मिल चुका है। साथ ही इनका हर विषयों पर मुझे सदैव ही मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहा है। दल अलग होते हुए भी हमलोगो का दिल एक ही रहा है। हमेशा मै इन्हे अपने बड़े भाई के रूप मे देखा और इन्होने भी छोटे भाई के तरह मुझे सहयोग और मदद करते आये हैं। भविष्य में इनके उज्वल भविष्य और कार्यकुशलता की कामना करते है ताकि इनका मार्ग दर्शन मिलता रहे। सहिस के साथ राज्यपाल से मिलने वालो मे सचिन प्रसाद, शेखर सहिस भी शामिल थे।

### हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो ने फोड़े पटाखे



जमशेदपुर। शुक्रवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने की खुशी में झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के द्वारा साकची गोल चक्कर में पटाखे फोड़े गए तथा लड्डू वितरण कर खुशी मनाई गई। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जी को भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी के द्वारा झूठे केस में फंसा कर 30 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 6 माह के बाद झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत दे दी गई। यह सच्चाई की जीत है। इस कार्यक्रम में शेख बदरुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, फैयाज खान राज, लकड़ा, प्रीतम हेंब्रम, राजा सिंह बलजीत सिंह, नंदू पाजी, फत्ते चन्द टुडु राजू श्रीवास्तव खीरू पाल परल्हद लोहार पिंटू लाल उमानाथ झा रंजीत सिंह गुरमीत सिंह गिल तनवीर अंसारी रानू मंडल जमील अख्तर मनोज गुप्ता सविता सिंह दुर्गा बोयपाई बाली मारडी राजकुमार विनोद डे अजय रजक तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चाकूलिया में सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक ने किया उद्घाटन



चाकूलिया। चाकुलिया के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक समीर कुमार महंती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मार कर किया। विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक रामस्वरूप यादव, गोपन परिहारी,राणा मल्लिक, राजा बारीक, प्रिय गोपाल मंडल, तापस दास, गौतम शर्मा, मिथुन कर, शिक्षक शिव शंकर पोलाइ, एन एल बास्के, अमृत लाल मिंज, सुनील कुमार सिंह, कमलेंदु महतो, काटू सोरेन, कृष्ण पद महतो, जितराइ सोरेन, परसु राम, हेंब्रम गणेश मुंडा उपस्थित थे।

### इमाम अब्दुल मालिक मिस्बाही का ह्यूमन वेलफेयर ने किया स्वागत



जमशेदपुर। मदीना मस्जिद के खतीब ओ इमाम अब्दुल मलिक मिस्बाही जो हज्ज पे गए हुए थे हज्ज की वापसी पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान शाहिद परवेज सोहैल अख्तर अंसारी मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी मास्टर खुर्शीद अहमद खान हाजी सिद्दिक अली और रिजवानुज जमा ने मदीना मस्जिद के पास फूलों का हार पहनाकर हज की वापसी पर जोर दार स्वागत किया। हाजी अब्दुल मलिक मिस्बाही ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों से जो के हज पर नहीं गए उनसे भी हज पर मक्का मदीना जाने की अपील की और कहां के तंदुरुस्त रहते रहते हज कर लेना बेहतर है।सभी लोगों ने एक दूसरे को खजूर खिलाकर मुंह मीठा किया।

### मायुमं अचीवर्स शाखा ने लगायी 7वीं स्थाई अमृतधारा



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा शुक्रवार को सर्किट हाउस रोड नं 7 स्थित माइनिंग ऑफिस के पास शिव साईं मंदिर में सत्र 2024–25 की सातवीं स्थाई अमृतधारा लगायी गयी। शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगासिया की अध्यक्षता में शाखा का अपना फॉर्मेशन वीक के दुसरे दिन इस अमृतधारा का लोकार्पण भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने किया। इस मौके पर शाखा सचिव विजय सोनी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, रवि गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य जाजोदिया, मेघा चौधरी, मुकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आनंद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### दिव्य ज्योति नेत्रहीन संस्था में लायंस क्लब ने मनाया हेलेन केलर डे




जमशेदपुर। दिव्य ज्योति नेत्रहीन संस्था शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर चार में है। लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर के पूर्व अध्यक्ष लायंस पूरबी घोष 2019 में इस संस्था को गोद लिया था और अभी भी उसे सदस्यों और बाहर के स्पॉन्सर के सहयोग से चला रही है। इस संस्था में दिव्यांग बच्चों के साथ हेलेन केलर डे मनाया गया। 27 जून 1880 में हेलेन केलर का जन्म हुआ था अमरीका में जो एक बधीर और दृष्टिहीन बच्ची थी। लेकिन दिवांग होने के बाबजूद हेलेन केलर विश्व का पहला महिला ग्रेजुएट थी। एक लेखिका और अच्छे ओरेटर भी थी। सबसे पहले अध्यक्ष पी एम जे एफ लायंस अशोक खंडेलवाल ने सब को स्वागत किए और एम जे एफ लायंस पूरबी घोष ने हेलेन केलर के जीवनी पर प्रकाश डाले और बच्चे अनुप्रेरित किए। एक दृष्टिहीन होने के बाबजूद भी हेलेन केलर ने सारा विश्र में ख्याति प्राप्त लेखिका का पहचान बनाई है।इसलिए सभी बच्चे अपना हौसला बुलंद रखे,हिम्मत न हारे। बच्चे ने अपना प्रतिभा दिखाई। जीत और कृष्ण ने संगीत पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामधन ने सिंथेसाइजर बजाया। सभी बच्चे को और उनके अभिभावक को फल, जूस, मिठाई, बिस्कुट और अनुदान भी दिया गया। क्लब के सचिव लायंस मदन केशरी जी इतनी गर्मी में आने के लिए सभी को हार्दिक धन्यवाद दिए। कार्यक्रम में डॉक्टर रघुमोनी, डॉ केटी भथेना, केटी मल्लेगमवाला, जोन चेयरपर्सन एस एस गाडियां, बिनीता शाह और अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। सर्वप्रथम बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किये गये कार्रवाई से उपायुक्त रंजन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जून माह में अवैध खनन से जुड़े कुल 23 वाहनों को जब्त किया गया है वहीं जुर्माने के रूप में 15.09 लाख रूपए की वसूली की गयी है साथ ही कुल 33 राजसात केस दायर किये गये हैं।

**एनजीटी के नियमों का पालन कराने के निर्देश**

बैठक के दौरान डीसी रंजन द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जिले में अवैध खनन के स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान अवैध खनन से बाहर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा,सुदूर क्षेत्रों में होने वाले अवैध खनन की रोकथाम के लिए आवश्यक कारवाई की समीक्षा भी हुई। संबंधित अंचल में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संयुक्त टीम बनाकर उन क्षेत्र में अवैध खनन पर निगरानी रखी जाय। साथ ही अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव न होने से संबंधित एनजीटी के नियमों का अक्षरश:पालन होना चाहिये। संबंधित पदाधिकारी आपस में कोऑर्डिनेशन स्थापित कर इसे सख्ती से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, सीओ व थाना प्रभारियों से अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन के प्रति पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर ऑनलाइन मोड से जिला खनन टास्क फोर्स से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

### रोजगार सेवक ने थाना प्रभारी से की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के ग्राम सिक्की के अभय कुमार सिंह ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। अभय ने कहा कि वह ग्राम पंचायत पाल्हे कला में रोजगार सेवक है। 27 जून को मनरेगा दिवस के अवसर पर पंचायत सचिवालय में काम कर रहा था। इस दौरान अभिषेक सिंह व दिवाकर सिंह, देवेंद्र व पांच अन्य लोग पंचायत सचिवालय में आकर मारपीट किया व दस्तावेज फाड़ दियाऔर धमकी दिया कि पैसा नहीं देगा तो मार देंगे। हल्ला मचाने पर कई लोग वहां आकर जान बचाये।

### विधायक ने कुराईन पतरा में लोगों की सुनी समस्यायें



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत कुराईनपतरा में ग्रामीणों से मुलाकात किया। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी बिधानसभा क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। चुनाव मे किये गए वादा को निभाने का काम किया हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

### टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर देख सकेंगे टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल

मेदिनीनगर। टी 20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच शनिवार रात्रि 8 बजे से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जायेगा। इस मैच का आनंद मेदिनीनगर के शहरवासी भरपूर तरीके से उठा सकें इस हेतु मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन के तत्वाधान में न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच देखने की व्यवस्था की गयी है। सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का वितरण भी किया जायेगा वहीं 100 रूपये के शुल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स भी उपलब्ध रहेंगे। ज्यादा जानकारी के लिये अनूप के मोबाइल संख्या: 8789250979 व प्रदीप के मोबाइल नंबर 9570073050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### प्रो सुभाषचंद मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण आज


मेदिनीनगर। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के अंग्रेजी के पूर्व प्राध्यापक प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा की पुस्तक 'कोयल की धारा' का लोकार्पण शनिवार को होगा। रॉयल जेएमपी कॉम्प्लेक्स में दोपहर ढाई बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी उपस्थित रहेंगे। पर्यावरणविद और जीएलए कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ डीएस श्रीवास्तव समारोह की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो कमला कांत मिश्र, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी और मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 29 जून को प्रो मिश्रा अपने जीवन के 80 साल पूरे कर रहे हैं। इस पुस्तक में 'कोयल की धारा' के अतिरिक्त 'बेतला की बानगी', 'गढ़वा की गढ़देवी ' और 'रोहतास गढ़ का रोमांच ' चार अध्याय हैं। ये सभी आकाशवाणी, डालटनगंज से करीब 20 साल पहले प्रसारित रूपक हैं। पुस्तक में आंशिक बदलाव किया गया है।

### दलित व मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष ने किया पंचायत यात्रा



पाटन पलामू। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत यात्रा किया गया। नेताद्वयों ने यहां के विभिन्न गांव में इंडिया गठबंधन के जनकल्याणकारी कार्यों को बताया गया। लोगों को बताया गया कि 200 यूनिट बिजली मुफ्त झारखंड सरकार द्वारा दिया जा रहा है। 25 वर्ष से जितनी भी गरीब महिलाएं हैं उनको प्रतिमाह 1000 रूपये उनके बैंक अकाउंट में दिया जा रहा है। अबुआ आवास की योजना सभी गरीब परिवार को मिल रहा है। मौके पर अशोक पासवान ने सभी ग्रामीणों से कहा कि यह योजना हरेक गरीबों तक पहुंचाने का संकल्प कांग्रेस पार्टी ने लिया है। मौके पर दलित कांग्रेस पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, लव सिंह, राकेश दुबे, राहुल कुमार उपस्थित थे।

### लाखों खर्च के बावजूद भी भीषण गर्मी में प्यासे रह गये सिगसिगी पंचायत लोग



विश्रामपुर (महेंद्र प्रजापति)। पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के सभी दस पंचायतों में पीएम मोदी का महत्वाकांक्षी जल नल योजना ठेकेदारों की मनमानी और लूटाखसोट नीति के कारण हाथी का दांत साबित हो रहा है। करोड़ों खर्च के बावजूद भी किसी पंचायत में यह योजना सफल होता नही दिख रहा। इस सारे मामले का सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह है विभागीय अधिकारियों की चुपी,जो कई सवाल भी खड़ा कर रहा है। यहां बताते चलें कि जल नल योजना के तहत सभी पंचायतों के हर गांवों में घर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। पेयजल स्वच्छता विभाग के देखरेख में इस कल्याणकारी योजना को धरातल पर उतरना है लेकिन विभागीय अधिकारियों और संवेदकों की मिली भगत से यह योजना सरकारी फाइलों में ही सिमटता दिख रहा है। इसकी एक बानगी विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिजी पंचायत है। इस पंचायत में कुल 65 डीप बोर कर जलमिनार अधिष्ठापीत करते हुए हर घर को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराना था। यहां यह योजना पिछले साल मे ही शुरू हुआ था। इस दौरान संवेदक ने 62 बोर तो करवाया, लेकिन कोई भी बोर मानक के अनुरूप नहीं हुआ .हर डीप बोर कम से कम 300 फिट करना था लेकिन ढिकेदार ने मात्र 60 फिट से लेकर 150 फिट तक ही बोर कराया।

## चैनपुर को पार्क युक्त छठ घाट का तोहफा : अरुणा शंकर

**चैनपुर-नेउरा पथ नहीं बना तो होगा आंदोलन**





खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का निरीक्षण करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष छठ पर्व में मैंने चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण में छठ सामग्री वितरण करते हुए चैनपुर की माता, बहनों, भाइयों एवं बुजुर्गों से वादा किया था कि जल्द चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का जीर्णोद्धार करते हुए शहर के गांधी उद्यान के तर्ज पर सजाया जाएगा और छठ व्रतियों के लिए सुविधा युक्त घाट बनाया जाएगा। जो सपना कल से काम प्रारंभ कर पूरा होने जा रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि अपने कार्यकाल में ही पूरे शहर के 6 तालाब जिसमें गोरियाही तालाब, शहीद भगत सिंह तालाब, शामदा अहरा तालाब, किशन साव तालाब एवं 2 तालाब चैनपुर का जिसमें सूर्य मंदिर तालाब प्रमुख है सबों का डिजाइन बनवाते हुए फंड भी उपलब्ध करा दी थी लेकिन तकनीकी स्वीकृति में विलंब होने के कारण थोड़ी देर हो गई पर मुझे खुशी है कि कल से सभी तालाबों का काम शुरू हो रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि भले में अभी पद पर नहीं हूं लेकिन मेरे कार्यकाल की हर एक योजना जो शहर के लिए माइलस्टोन है उसका निगरानी मैं खुद करूंगी ताकि कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहे, नवनिर्मित टैक्सी स्टैंड, राजा हरिश्चंद्र घाट और मोहल्ले में बने बच्चों के लिए मल्टीप्ल स्टेशन की तरह मेरे कार्यकाल का बना एक-एक योजना को याद किया जा सके। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर के इन 6 तालाबों का गहरीकरण के साथ, टहलने के लिए ट्रैक, बुजुर्गों को बैठने के लिए बेंच, लाइट और गार्डन भी होगा जहां लोग सुकून से समय बिता सकेंगे। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि कई बार प्रयास के बाद भी चैनपुर थाना से नेउरा तक का रोड नहीं बना दुखद है। मैं एक बार फिर उपायुक्त पलामू से मिलकर इस रोड को तत्काल बनाने का अनुरोध करूंगी नहीं तो यहां से आंदोलन भी किया जायेगा। उस रोड के वजह से जहां सैकड़ो भारी गाड़ियां पत्थर लेकर आते जाते डस्ट उड़ता है इससे दुकानदार बीमार पड़ रहे हैं। बरसात में कितनी तीन पहिया वाहन पलट जाती जिसे कोई संज्ञान लेने वाला नहीं है।

## जैतूखाड़ मलय नदी पर भी कराया जायेगा पुल निर्माण कार्य : डॉ शशिभूषण मेहता





पांकी विधायक ने ग्राम जैतूखाड़ के कुंदरहिया नाला पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत जुरू ग्राम जैतूखाड़ के कुंदरहिया नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि कुछ दिन बाद जैतूखांड मलय नदी पर एक और बड़ा पुल निर्माण कार्य किया जाएगा इसका भी जल्द शिलान्यास किया जायेगा। पांकी विस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से जुड़ेगा साथ ही लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। कहा कि पांकी विस क्षेत्र की महिलाएं प्रशिक्षण पाकर स्वावलंबी बन रही है। मौके पर सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रो बच्चन ठाकुर, जुरू मुखिया तारा देवी, कृष्णा पासवान, उपमुखिया सुजीत पासवान, समाजसेवी कमेश यादव, सुनील कुशवाहा, संतोष वर्मा, महेंद्र मेहता, शंकर शुक्ला समेत लोग उपस्थित थे।

## प्रथम महापौर ने भाजपा मंडल अध्यक्षों व उनके परिवार को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने निर्धारित सम्मान कार्यक्रम के तहत भाजपा रामगढ़ मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, बरगढ़ मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, मंडल एवं भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर के घर जाकर उन्हें एवं उनके परिवार को सम्मानित किया। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि सम्मानित करने जहां भी जा रहे हैं वहां मुझे भाइयों के प्यार के साथ माताओ बहनों का प्यार, सम्मान और बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिल रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जल्द केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने के लिए डाल्टनगंज विधानसभा के सभी पंचायत में चौपाल लगाऊंगी ताकि भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ की जानकारी जन-जन को हो सके। खासकर ग्रामीण महिला बहनों को और बुथ स्तर तक के कार्यकताओं से भी मिल पाऊंगी। भाजपा नेताओं व उनके परिवार वालों ने भी प्रथम महापौर को सम्मानित करने के लिए बधाई दी।

## सांसद बीडी राम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

**स्वीकृत सड़कों का जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत की चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुनः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बनने की हार्दिक बधाई दी। सांसद राम ने गडकरी से गढ़वा बाईपास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने, एनएच 39 (75) एवं एनएच 98 सड़क का फोरलेन निर्माण में तेजी लाने, एनएच 343 गढ़वा अन्नराज घाटी के पास स्वीकृत ब्लैक स्पॉट तथा केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत स्वीकृत सड़कों का जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय अवसंरचना निधि के तहत नए सड़कों/ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है जिसमें हुसैनाबाद में देवरीकला सोन नदी पर ब्रिज निर्माण, भवनाथपुर कैलान से बिशनपुर वाया बरडीहा तक रोड निर्माण, पंसा से हैदरनगर रोड़ निर्माण, ब्रहमोरिया मोड़ से कजरूकला होते हुए दुर्गा माइंस तक रोड़ निर्माण व विश्रामपुर महुगांई ईटको मोड़ तक रोड़ निर्माण शामिल है। उपरोक्त सड़कों के निर्माण के संबंध में मंत्री गडकरी ने पलामू सांसद को आश्वस्त किया है कि आगामी केंद्रीय बजट स्वीकृति के उपरांत उक्त सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## हेमंत सोरेन के साथ हुआ न्याय : अभिषेक सिंह



मेदिनीनगर। झामुमो के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने पर खुशी जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आज का निर्णय हमारे न्यायिक प्रणाली की अखंडता और न्याय के अटल सिद्धांतों का प्रमाण है। सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड में शक्ति और नेतृत्व के स्तंभ रहे हैं, जो लोगों के मुद्दों को आगे बढ़ाते हुए और राज्य के विकास की दिशा में अथक कार्य करते रहे हैं। हेमंत को जमानत मिलना यह हम सभी के लिए एक बड़ा राहत और खुशी का क्षण है जो न्याय और कानून के शासन में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि जमानत देने का निर्णय न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में विश्वास को पुन: स्थापित करता है, बल्कि इस सिद्धांत को भी रेखांकित करता है कि हर व्यक्ति को कानून के तहत निष्पक्षता का अधिकार है। हम हेमंत सोरेन के राज्य के लिए निरंतर योगदान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## वीएन पांडेय को भूटान में मिला प्राइड ऑफ एशिया अवार्ड

**सनातन ग्रुप को मिला साउथ एशियन क्वालिटी एजुकेशन अवार्ड**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भूटान के थिम्पु स्थित रायल थिम्पु कॉलेज में पांचवां भारत-भूटान फ्रेंडशिप समिट 2024 का आयोजन किया गया। समारोह में भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डीएन धुंगेल, साउथ एशियन एक्सलैंस अवार्ड के चेयरमैन रमेश त्रिपाठी, प्रोग्राम कन्वेनर डॉ राजेश कोन्नुर ने भाग लिया। समारोह में एनटीपीसी एवं झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ विजय नारायण पांडेय को प्राइड ऑफ एशिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। विजय नारायण पांडेय को उनके व्यक्तिगत उपलब्धियों एवं लीडरशिप डेवलपमेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। विजय पांडेय पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के गोदरमा के निवासी हैं। समारोह में रेहला के सनातन समूह को साउथ एशियन क्वालिटी एजुकेशन अवार्ड 2024 का खिताब समूह के प्रोफेसर विनय कुमार पांडेय, संजय कुमार पांडेय एवं प्राचार्य पिल्लई, गौतम पांडेय को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिले के शिक्षाविद एवं प्रबुद्धजनों ने वीएन पांडेय एवं सनातन समूह को अवार्ड मिलना पलामू के लिए गौरव की बात कही है। बधाई देने वालों में बलराम तिवारी, भाजपा नेता मनोज सिंह, राजेश्वर पांडेय, विभाकर नारायण पाण्डेय, सीएस दुबे, रमेश चंद्र द्विवेदी, दिनेश कुमार द्विवेदी, दिलीप तिवारी, सुनील पासवान, विजय रविदास शामिल हैं।

## अज्ञात हाइवा ने मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति को रौंदा, पांच घंटे तक सड़क जाम



रामगढ़ पलाम। रमकंडा-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के तेलमरवा घाटी में शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। अज्ञात हाइवा के रौंदने से मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क को शव के साथ जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस एवं सिविल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। सड़क करीब पांच घंटे तक जाम रहा। आक्रोशित लोग धक्का मारने वाले वाहन को पकड़ने, चालक पर कार्रवाई करने, उचित मुआवजा देने और मुख्य सड़क से हाइवा का परिचालन बंद करने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद रामगढ़, चैनपुर थाना पुलिस के अलावा चैनपुर के बीडीओ नीतेश भाष्कर, अंचलाधिकारी चन्द्रशेखर कुणाल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने में का प्रयास किया। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद उचित मुआवजा सहित अन्य कार्रवाई करने का आश्वासन देकर सड़क से जाम हटवाया गया। मृत दंपति की पहचान गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रोहड़ा गांव निवासी 60 वर्षीय महावीर साव व उनकी पत्नी 55 वर्षीय कौशल्या देवी के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी इलाज कराने रांची गये हुए थे। रांची से डालटनगंज लौटने के बाद शुक्रवार की सुबह पांच बजे अपनी मोपेड से वापस रमकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा घाटी के पास तेज गति से डालटनगंज की ओर जा रहे अज्ञात हाइवा उन्हें रौंदते हुए निकल गया। घटना के बाद शव क्षत विक्षत हो गए, वही मोपेड के परखच्चे उड़ गए। मृत बुजुर्ग दंपति ही अपने घर पर रहते थे। परिवार के अन्य सदस्य बेटा-बहू सब छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं।

## पांकी विधायक ने कुलिया में ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान किया

खबर मन्त्र संवाददाता





**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोहिता पंचायत के आदिवासी बहुल कुलिया गांव में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनकर आंन द स्पॉट समस्याओं का समाधान शुक्रवार को कराया।

इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वरम गुप्ता कनीय अभियंता ददन राम को गांव में अधूरे लगाए गए जल जीवन मिशन के तहत टावर से पानी नहीं मिलने पर फटकार लगाते हुए कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही दूसरी ओर बीडीओ अभिषेक पांडेय के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार और प्रखंड के पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के साथ दीपक कुमार अदनान अशरफ के अलावा कई पदाधिकारी और कर्मियों ने पेंशन संबंधी कार्य तथा अन्य कार्यों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया।

अरविंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर कुलिया गांव के पीडीएस डीलर जमीदार उरांव को निलंबित कर दिया गया है। इधर बताया गया कि ऑन द स्पॉट तीन दर्जन के करीब सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत किया गया है। मौके पर कमेश यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा आशीष सिन्हा, महेश यादव, धनंजय पांडेय, कुंदन यादव, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुनील कुमार, संतोष मेहता, दिनेश साव, राजू उरांव विश्वनाथ उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

**पदाधिकारी कर्मी जनता की समस्या को सुने : विधायक**

पांकी विधायक डॉ मेहता ने कहा है कि पदाधिकारी व कर्मी जनता की समस्या को सुने अन्यथा जनता जब उखड़ जाएगी तो उन्हें कोई नहीं मना नही सकता है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, पानी और सड़क की समस्या को ग्रामीणों ने रखा जिसे तुरंत समाधान कराया गया। डॉ मेहता ने चापाकल के लिए बोरिंग मशीन बोर करने के लिए बुलाया गया है। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि गांव के लोगों का जो भी समस्या है, उसका समाधान गांव में ही ओन द स्पॉट पदाधिकारी और कर्मियों को करने की नसीहत दी। उन्होंने जनसमस्याओं के निदान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं विधायक मेहता के पहल पर अस्वस्थ भिखारी उरांव को सहयोग राशि देकर तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाकर रांची रिम्स इलाज के लिए भेजा गया।

## झामुमो नेता दीपक तिवारी ने पेयजल संकट को लेकर पीएचइडी मंत्री से की मुलाकात



मेदिनीनगर। पलामू के जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देखते हुए राज्य के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें पलामू प्रमण्डल के भयानक पेयजल की समस्या से से अवगत कराया है। इस गम्भीर मुद्दे पर बातचीत के दौरान मंत्री ने तिवारी को आश्वस्त किया कि झारखण्ड सरकार पलामू प्रमण्डल में पेयजल के लिए पूरी गति के साथ काम कर रही है। पेयजल प्रयोजन में रोड मैप के साथ सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में पलामू में सेकेण्ड फेज का पेयजल योजना पर सरकार गम्भीरता से आगे बढ़ रही है, जिसका रिजल्ट बहुत जल्द पलामू में दिखेगा। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने यह भी कहा कि हर घर नल में जल योजना पर भी सरकार ने कार्य प्रयोजना को रूप देना आरम्भ कर दिया है, इसलिए सरकार सम्पूर्ण दृष्टिकोण से पलामू प्रमण्डल के आम-आवाम को यकीन दिला रहा है कि इस क्षेत्र से जल संकट दूर होगा। पेयजल की समस्या पर मंत्री के संज्ञान लिए जाने से दीपक तिवारी और उनकी टीम ने मंत्री को बधाई दी। मंत्री से मिलने वालों में चिंयाकी के सदर परवेज अख्तर और समाजसेवी महताब खान का नाम शामिल है।

## युवक ने तलवार से महिला को काट डाला, बच्चा घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत महूगावां में एक मनसोख युवक ने धारदार हथियार से महिला और गांव के एक बच्चे पर हमला कर दिया। इस घटना में महिला की मौके पर मौत को गयी। जबकि 14 माह का बच्चा गंभीर स्थिति में रांची के रिम्स में जिंदगी मौत से जूझ रहा है। समाचार के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 7:30 बजे आशीष विश्वकर्मा उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा नामक युवक ने अपने ही चचेरी भाभी रेखा देवी उम्र लगभग 25 वर्ष को कुछ बात को लेकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर हीं मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उक्त युवक सड़क पर भी लोगों को धारदार हथियार लेकर दौड़ाते देखा गया। कुछ लोग उसे देखकर इधर उधर भागने लगे। वहीं अपने दरवाजे पर बच्चा लेकर बैठी एक महिला के बच्चा पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे बच्चा भी बुरी तरह से घायल हो गया जिसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। बच्चा का भी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बच्चा विगण साव के पोता छोटू कुमार बताया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पांडू पुलिस ने हत्यारा आशीष विश्वकर्मा उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। वही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद किया है। पांडू थाना प्रभारी का कहना हैं कि इतनी बड़ी घटना का अंजाम क्यों दिया गया पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जॉच कर रही है। इधर हत्यारे युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं।

**हत्या का आरोपी गिरफ्तार**



पाण्डु पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत महूगावां में युवक द्वारा तलवार से महिला की हत्या करने व बच्चा को घायल करने के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के प्रथमिकी अभियुक्त महुगावां निवासी उपेंद्र विश्वकर्मा उम्र करीब 27 वर्ष पिता शंकर विश्वकर्मा को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। साथ ही कांड मे इस्तेमाल किये गए हथियार/तलवार को जब्त किया गया।

## बीस सूत्री सदस्यों ने उताकी पंचायत में संचालित योजनाओं में अनियमितता का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन बीससुत्री की बैठक प्रखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने की और संचालन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने किया। बैठक में पिछले बैठक में उठाये गये समस्याएं पर की गई कार्रवाई पर चर्चा किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य, आपूर्ति विभाग, वन विभाग, कल्याण विभाग सहित कई विभागों के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा किया गया। बैठक में मनरेगा के द्वारा बनाई जा रही कुआं, बागवानी, खेल मैदान के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं बीससूत्री सदस्य कमलेश कुमार एवं कमेश पाण्डेय ने उताकी पंचायत में चल रही योजनाओं में अनियमितता की शिकायत की। सदस्य कमेश पाण्डेय ने बैठक वनों की कटाई पर सवाल उठाया। कहा कि वर्षो से पाटन में रेंज ऑफिसर के नहीं रहने के कारण बुढ़ी बुक्का चेतमा के वन क्षेत्र में लोग घर बना कर रह रहे हैं इसका मुद्दा उठाया। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी, पाटन पाटन एमओ, मनरेगा बीपीओ पदाधिकारियों के द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का जानकारी दिया। वहीं पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से बैठक से पहले किये सवालों का होमवर्क कर आने की बात कही। बैठक में प्रधान सहायक आशीष सिंह, बीससुत्री उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, अहमद हुसैन अंसारी, अमीन हसन अंसारी, विनय शर्मा, मनरेगा बीपीओ स्वीटी सिन्हा, पंचायत सेवक सुरेश सिंह, शीवम जायसवाल, जेई हरीश कुमार, पाटन एमओ संजय कुमार, अनील कुमार, श्रवण मेहता, अभिमन्यु गुप्ता, अजीत मिश्रा, शांति, कमलेश, मिथलेश सिंह, जेई नितिश कुमार सहित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हेमंत सोरेन की रिहाई की खबर सुनते ही समर्थको ने लड्डू बांटे एक दुसरे को रंग अबीर लगाया

**गोड्डा।** पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत समर्थको के साथ महागठबंधन के नेताओं ने मनाया जश्न, हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट ने जमानत मिल गई है। बता दें कि लैंड स्कैम मामले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्ता किया गया था। उन्हें 148 दिन बाद जमानत मिली है। अब हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि बड़गाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि 13 जून को जब हाईकोर्ट में हेमंत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, उस वक्त हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी कोर्ट रूम में मौजूद थीं। हेमंत सोरेन की रिहाई की खबर सुनते ही महगामा के बासुआ चौक पर महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने इस खुशी मे कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर रंग गुलाल उड़ाए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक सम्पन्न



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर शुक्रवार 28 जून को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति और एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल की अगुवाई में बैठक किया गया। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक की। अधिवक्ताओं को आगामी 13 जुलाई को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। जिसमें ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन हो सके और इससे मूव्वकिलो को फायदा हो। आगे बताया गया कि किस तरह से मध्यस्थता केंद्र में चेक बाउंस के मामलों में समझौता कराकर मुकदमों का निष्पादन कराया जा सके। इस तरह और भी अन्य मामलों के निष्पादन के लिए कई तरह का दिशा निर्देश दिए गए। वही अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने के परामर्शी सेवा के साथ-साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत भी कराया गया। तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के बारे में बताया गया और सभी को शपथ दिलाया गया कि भविष्य में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नही करेंगे। साथ ही अपने आस पास के लोगों से भी तम्बाकू का उपयोग नही करने के लिए प्रेरित करे। मौके पर अधिवक्ता बीरेंद्र प्रसाद, वकील महतो, वेंकट हरि विश्वनाथन, बैद्यनाथ शर्मा, सुभाष कटरियार, पंकज सिंह, देव दत तिवारी, मनोज कुमार चौबे, अनील कुमार, संतोष कुमार, नरेंद्र सिंह, मुरली मनोहर वर्धन, मो शाबीर, सुमेश सिन्हा, प्रहलाद महतो, मुनमुन कुमारी, रिया कुमारी, सुशील सिंह, संजय कश्यप, मुकेश कुमार, भागीरथ कुमार, जीतेंद्र कुमार राय आदि मौजूद थे।

### नावाडीह मे मनरेगा कार्यो में रोजगार सेवक के कारनामों की खुब हो रही है चर्चा

**बेरमो।** बोकारो जिला के नावाडीह में मनरेगा कार्यो में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के रोजगार सेवक धर्मवीर कुमार के काले कारनामा से पूरा महकमा परेशान है। किन्तु आश्चर्य की बात यह है कि उस पर विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाने से तरह तरह की चर्चा है। उक्त रोजगार सेवक द्वारा जम्मुनियाटांड निवासी अबुआ आवास के लाभुक पुष्पा देवी से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का वीडियो वायरल एवं तिलैयाटांड के अबुआ आवास लाभुक रिंकी देवी, सुमित्रा देवी से सफेद कागज में हस्ताक्षर कराकर और पोस मशीन द्वारा पैसा निकालने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि बुधवार को नावाडीह के पोटसो पंचायत में एक नया मामला सामने आया है। वह भी रोजगार सेवक धर्मवीर के हाथों ठगी के शिकार है। अब देखना है कि जिला प्रशासन कुछ करती है या भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध लेती है। ताजा मामला पोटसो पंचायत का है। यहां खूंटा गांव के मईउदीन अंसारी एवं नासिर अंसारी ने लगाया है। मईउदीन अंसारी डोभा लाभुक है और इन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके डोभा में काम करने वाले मजदूर के जगह दूसरे मजदूर को फर्जी तरीके से भुगतान कर राशि की बंदरबांट कर ली। जब विरोध किया तो धर्मवीर मात्र 40 हजार रुपये देकर चुप हो गया। वहीं सिंचाई कूप के लाभुक नासिर अंसारी का कहना है कि कूप निर्माण में वह स्वयं मजदूर व मेटेरियल लगाया, किन्तु भुगतान मात्र 1.5 लाख रुपए किया है। जबकि वह कूप निर्माण अपने मवेशी बेचकर किया है। जबकि कूप निर्माण में आवंटित की गई राशि का पूरा किस्त लाभुक को अभी तक प्राप्त नही हो सका इसकी शिकायत नावाडीह बीडीओ से भी कर चुके है। किन्तु कोई कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है

### प्रशिक्षण सह मासिक बैठक का आयोजन हुई

**साहिबगंज।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज जिला के सभी पारा लीगल वालंटियर (पीएलसी) को प्रशिक्षण सह मासिक बैठक का आयोजन किया गया प्राधिकार के सचिव बिश्वनाथ भगत ने बताया की यह प्रशिक्षण सह मासिक बैठक प्रत्येक महिना के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा की पीएलवी का काम जरूरतमंद की नि:शुल्क मदद करना है। कानूनी प्रक्रिया के विचाराधीन होने पर प्राधिकार के माध्यम से पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होने से ग्रामीणों को समय से न्याय नहीं मिल पाता है। पीएलवी की यह जिम्मेदारी है कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करके पीड़ित की मदद करें और जरूरतमंद को विधिक सहायता प्रदान करवाएं। उन्होंने कहा की पीड़ित और न्यायपालिका के बीच पीएलवी महत्वपूर्ण कड़ी है। प्राधिकार के सचिव ने यह भी बताया की कस्तूरबा गाँधी बालिका विधालय, साहेबगंज के विद्यार्थियों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया और कानून की विभिन्न जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की विधालय की बलिकाओं ने नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल रविन्द्र श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ज्योति कुमारी विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

# अंतत: सत्य की जीत हुई : एम टी राजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। लैंड स्कैम मामले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 148 दिन बाद जमानत मिली है। बता दें कि बड़गाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 13 जून को जब हाईकोर्ट में हेमंत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, उस वक्त हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी कोर्ट रूम में मौजूद थीं। जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरिष्ठ एडवोकेट कपिल सिब्बल और हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट पियूष चित्रेष ने बहस की थी।

### दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रखा था

पिछली सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन के वकील ने जमानत देने की मांग की थी। लेकिन, ईडी के वकील ने इसका विरोध किया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद आज हेमंत सोरेन को कोर्ट ने जमानत दे दी। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा में खुशी की लहर देखी जा रही है मौके पर मौजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नईम अंसारी ने कहा कि यह हम पूरे झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों के लिए खुशी की बात है की मुख्यमंत्री को कोर्ट से जमानत मिल गई है सच्चाई की जीत हुई है। कहां की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड वासियों के लिए मसीह के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोविद के दौरान जो काम किया है वह आज पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं उन्होंने कहा कि बीजेपी को इससे सबक लेना चाहिए कि आज उनकी जो दोहरी नीति है जिनके कारण आज झारखंड में चुनाव कई जगहों पर हार गई अगर अभी भाजपा अपनी नियत में सुधार नहीं लाई तो शायद झारखंड मैं जो भी सियासी जमीन है उसे बचाने में नाकाम साबित होंगे। वही राजमहल में एम टी राजा के अध्यक्षता में एक जुलूस निकाला गया जिसमें हेमन्त सोरेन की जयकारे लग रहा था। हजारों की संख्या में जे एम एम के कार्यकर्ताओं ने पुरे राजमहल का परिक्रमा किया और राजमहल बालू



प्लाट के पास आकर सभी कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिलाए। वही जे एम एम के कद्दावर नेता एम टी राजा ने कहा कि सत्य की जीत हुई है।दादा की जो कमी थी ओ आज जेल से बाहर आने के बाद पूरी हो गयी। सामने विधानसभा का चुनाव है जहां हेमन्त दा का दिशा निर्देश बहुत जरूरी रहेगी।

### पूर्व सीएम की रिहाई पर कार्यकर्त्ताओं में जश्न का महौल

**दुमका।** लैंड स्कैम केस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर झामुमों कार्यकर्त्ताओं में जश्न का महौल छा गया। जमानत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए हैं। जेल से पूर्व मुख्यमंत्री के बाहर आने पर कार्यकत्ताओं ने टीन बाजार चौक पर जमकर अतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिला अबीर गुलाल उड़ाये। कार्यकर्त्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को सत्य का जीत बताया। कार्यकर्त्ताओं में नगर अध्यक्ष रवि यादव के नेतृत्व में अबीर की होली खेली। इस अवसर पर इसान सिंह, पराक्रम शर्मा, हेमंत स्वर्णकार आदि मौजूद रहे। यहां बता दें कि हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई। हेमंत को लैंड स्कैम के मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया गया था।



### शिकारीपाड़ा में झामुमो ने मनाया जश्न

**शिकारीपाड़ा।** हाईकोर्ट के द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत मिलने और उनके जेल से बाहर आने की खुशी में दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड मुख्यालय में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। झामुमो नेता कलीमुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड अध्यक्ष चुण्डा हेंब्रम, प्रखंड प्रमुख हुदु मरांडी, तमीज अंसारी,प्रभुनाथ हांसदा के साथ काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार में इकट्ठे हुए और उन्होंने जमकर आतिशबाजी की।लोगों को मिठाइयां बांटी गई। झामुमो नेताओं का कहना था कि यह सच्चाई की जीत है।

### बोकारो के प्रधान जिला जज ने अधिवक्ताओं से की भेटवार्ता



**बोकारो।** बोकारो के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा बोकारो के अधिवक्ताओं से मिलने वकालतखाना गए। उनके साथ बोकारो के प्रभारी जज इंचार्ज अभिनंदन पांडेय डालसा सचिव अनुज कुमार भी मौजूद थे। पुस्तकालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधान जिला जज ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की अधिवक्ता ऑफिसर ऑफ दी कोर्ट होते है और उनका मान सम्मान होना चाहिए। बेंच और बार को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए ताकि सभी को सुलभ न्याय मिल सके। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने प्रधान जिला जज से अधिवक्ताओं को हो रहे समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया। श्री गिरि ने जिला जज से रेलवे कोर्ट बोकारो को धनबाद से बोकारो लाने में सहयोग करने की अपील की। इस पर जिला जज ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। इस अवसर पर बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी वासुदेव गोस्वामी महेश चौधरी सोमनाथ शेखर प्रेम कुमार विकास तापड़िया अतुल कुमार रूपेश कुमार कामदेव पाठक नवीन कुमार सृष्टिधर सिंह माया सिंह संपूर्ण चंद्र लायक मृत्युंजय मल्लिक दिनेश शर्मा सुबोध कुमार दीपक कुमार समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

### अवैध शराब की खेप को पुलिस ने किया जब्त

**हंसडीहा।** बंगाल से गिट्टी में छिपाकर बिहार को खपाया जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप को गुरुवार की देर रात हँसडीहा पुलिस ने जब्त किया है।जानकारी के अनुसार गुरुवार को दुमका पुलिस को सुचना मिली थी की बंगाल से झारखण्ड के रास्ते स्टोन चिप्स लोड ट्रक में छिपाकर शराब बिहार ले जाया जा रहा है जिसके बाद हँसडीहा के रामगढ़ मोड़ में एक ट्रक संख्या जेएच18बी1506 को रोककर चेक किया गया तो उसमें स्टोन चिप्स के नीचे शराब की पेटियां रखी हुई मिली। ट्रक चालक फुचो कुमार मंडल ग्राम सिंघियान थाना भवानीपुर जिला पूर्णिया बिहार ने बताया की बंगाल से सटे क्षेत्र से उसने शराब को लोड किया था, शराब लोड करने के बाद उसके ऊपर शिकारीपाड़ा के एक क्रेशर से शराब के ऊपर करीब दस टन हाफ इंच स्टोन चिप्स डलवा दिया ताकि किसी को शक न हो। लेकिन पुलिस की सक्रियता की वजह से वह पकड़ा गया।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचन**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 07 वर्ष 2024-25

D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 06.07.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 08.07.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 08.07.2024 को 03:30 बजे अपराहन, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :-

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत परसही ग्राम परसही में पंचायत सचिवालय से कानी महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 16,29,500 | 33,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत परसही ग्राम डुडंगीखूर्द में आंगनबाडी केन्द्र से हिकमत सिंह के घर मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,79,000 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत शीशी ग्राम शीशी में लेवड़ा टांड प्राथमिक विद्यालय से कालीकरण रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,64,300 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 बर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड लातेहार से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 328005 Rural Development(24-25)#D


### आकांक्षी प्रखंड के बैठक में लिए गए कई निर्णय



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे, जिनमें गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बलराम मुखी, प्रखंड लेखा प्रबंधक गौतम कुमार, महिला बाल विकास विभाग के सुषमा गुप्ता, रेखा कुमारी, कांति कुमारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम रोहन कुमार, पीरामल फाउंडेशन के बसंत कुमार और पौल्मी सिंह राय, एसप्रेशनल ब्लॉक फेलो शशि कुमार सहित कृषि विभाग के कर्मी शामिल थे। बैठक के दौरान, पीरामल फाउंडेशन के बसंत कुमार ने नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत सिक्स इंडिकेटर (विभागीय कार्यों) को शत प्रतिशत पूर्ण करने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि इन इंडिकेटर्स में स्वास्थ्य विभाग के तीन, बाल विकास परियोजना के एक, कृषि विभाग के एक, और जेएसएलपीएस के एक इंडिकेटर को 3 माह के अंदर योजनाबद्ध तरीके से पूरा करना है।


**प्रपत्र VI 'क'**

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

**अधिसूचना संख्या 466/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-केरवा, थाना नं0-128, थाना-रमकंडा, अंचल-रमकंडा, जिला-गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका-रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-केरवा, थाना नं0-128, थाना-रमकंडा, अंचल-रमकंडा, जिला-गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश- **0.891** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 23 | 410 | रैयती | टॉड़ दो | 0.04 | रेका कोरवा पिता गेयार कोरवा बंधिका रामनाथ ठाकुर पिता केदार ठाकुर | रास्ता | 409 | 411 | 410 |
| 2 | 34 | 521 | रैयती | टॉड़ दो | 0.04 | विजय यादव पिता वंशीधर यादव | 520 | रास्ता | रास्ता | 522 |
| 3 | 37 | 522 | रैयती | टॉड़ दो | 0.031 | 1 विजय यादव 2 भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 518 | 523 | रास्ता | 512 |
| 4 | 34 | 523 | रैयती | टॉड़ दो | 0.037 | भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 522 | 524 | रास्ता | 526 |
| 5 | 18 | 524 | रैयती | मकान मय सहन | 0.084 | विनोद यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 523 | रास्ता | रास्ता | 525 |
| 6 | 42 | 525 | रैयती | टॉड़ दो | 0.079 | 1 जीतनारायण यादव 2 विनोद यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 526 | रास्ता | 524 | 529 |
| 7 | 36 | 702 | रैयती | टॉड़ दो | 0.06 | 1 बिवलाल भुईयां पिता स्व0 बंधन भुईयां राजकुमार भुईयां पिता स्व0 बेलास भुईयां | रास्ता | 698 | रास्ता | 699 |
| 8 | 59 | 698 | रैयती | टॉड़ दो | 0.064 | 1 राजेश यादव 2 शिवशंकर यादव 3 जीतनारायण यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 702 | 697 | रास्ता | 694 |
| 9 | 26 | 681 | रैयती | धान दो | 0.006 | गफ्फार मियां पिता ओजाह मियां | 680 | रास्ता | 680 | 680 |
| 10 | 71 | 707 | रैयती | टॉड़ दो | 0.013 | नरेश कोरवा पिता स्व0 जोदड कोरवा | रास्ता | 708 | 707 | 705 |
| 11 | 18 | 717 | रैयती | मकान मय सहन | 0.01 | दुखन कोरवा पिता दिलदान कोरवा के वंशज | 704 | 719 | 719 | रास्ता |
| 12 | 18 | 719 | रैयती | टॉड़ दो | 0.055 | 1 शेवधर यादव 2 देवेन्द्र यादव 3 विनोद यादव पिता फागु यादव | 717 | रास्ता | 716 | रास्ता |
| 13 | 15 | 740 | रैयती | टॉड़ दो | 0.058 | अकलू सिंह पिता रामप्रसादसिंह | रास्ता | 739 | रास्ता | 742 |
| 14 | 31 | 742 | रैयती | टॉड़ दो | 0.064 | भोला यादव पिता भगवान यादव | रास्ता | 749 | 740 | 741 |
| 15 | 37 | 745 | रैयती | टॉड़ दो | 0.011 | सत्यनारायण यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 744 | रास्ता | 746 | रास्ता |
| 16 | 13 | 764 | रैयती | टॉड़ दो | 0.044 | शिवनायण यादव पिता रामवृक्ष यादव | रास्ता | 765 | 761 | रास्ता |
| 17 | 13 | 765 | रैयती | टॉड़ दो | 0.02 | मनोज यादव पिता स्व0 रामदास यादव | 764 | 766 | 761 | रास्ता |
| 18 | 13 | 766 | रैयती | मकान मय सहन | 0.019 | 1 मनोज यादव पितास्व0 रामदास यादव 2 विपती कुंवर पति स्व0 रामदास यादव | 765 | 767 | 765 | रास्ता |
| 19 | 13 | 767 | रैयती | टॉड़ दो | 0.034 | बिपती कुंवर पति स्व0 रामदास यादव | 766 | 768 | 761 | रास्ता |
| 20 | 42 | 459 | रैयती | टॉड़ दो | 0.004 | पुरन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 458 | रास्ता | 455 | 458 |
| 21 | 42 | 460 | रैयती | धान दो | 0.004 | पुरन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 460 | रास्ता | रास्ता | 460 |
| 22 | 42 | 461 | रैयती | टॉड़ दो | 0.063 | पुरन चौधरी व विगन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 460 | रास्ता | रास्ता | 461 |
| 23 | 47 | 432 | रैयती | टॉड़ दो | 0.029 | चन्दन चौरसिया संजय चौरसिया वगैरह पिता स्व0 रामराज चौरसिया | रास्ता | 428 | 199 | रास्ता |
| 24 | 42 | 415 | रैयती | धान दो | 0.004 | रामलाल कोरवा पिता रेका कोरवा | रास्ता | 414 | 416 | 412 |
| 25 | 42 | 412 | रैयती | धान दो | 0.012 | रामलाल कोरवा पिता रेका कोरवा | रास्ता | 413 | 415 | 411 |
| 26 | 42 | 411 | रैयती | धान दो | 0.006 | तिलक देवार पिता वृज देवार बंधिका भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | रास्ता | 407 | 412 | 410 |
| कुल :- | | | | | **0.8910** | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0-08द0/भू0अ0नि0 (अधिनियम)-129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.328019 District(24-25):D


# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिया कई दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बेरमो व चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि डीडीसी संदीप कुमार डीटीओ वंदना शेजवलकर अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया एसडीओ चास ओपी गुप्ता एसडीओ बेरमो अशोक कुमार व अन्य की उपस्थिति में पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। डीटीओ ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में दिए निदेर्शों का अनुपालन किया गया है। बैठक क्रम में उपायुक्त ने जिले से होकर गुजर रही राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडरों पर अभियान चलाकर पौधरोपण करने का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओं को निर्देश दिया। डीटीओ द्वारा कुछेक क्षेत्रों में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण से सड़क दुर्घटना होने की बात रखी। जिस पर उपायुक्त ने एनएच संबंधित एसडीओ/ स्थानीय सीओ /थाना प्रभारी आदि के साथ समन्वय बनाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया। पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना से संबंधित एफआईआर का लंबित दस्तावेज जल्द संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य केंद्रों में खराब पड़े एवं तकनीशियन के अभाव में बंद एक्स-रे सेवा का प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। शिक्षा विभाग को विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर संबंधित एवं विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी बीएसएल के प्रतिनिधि सड़क सुरक्षा की टीम आदि उपस्थित थे।

# प्रदूषण का प्रभाव

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टिट्यूट की हाल ही में जारी रिपोर्ट उत्तर भारत में प्रदूषण के घातक प्रभावों को दशार्ती है। रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि वायु में व्याप्त घातक प्रदूषण से उत्तर भारत के पचास करोड़ लोग प्रदूषण के चलते अपनी उम्र के सात वर्ष खो देंगे। दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो स्थिति ज्यादा विकट है क्योंकि यहां औसतन दस साल उम्र कम होने की आशंका बनी हुई है। यह एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट बताती है कि पूरे देश में प्रदूषित हवा के चलते देशवासियों की औसत आयु पांच साल घट जाती है। यह पहला मौका नहीं कि जब किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भारत में भयावह प्रदूषण की स्थिति का आईना दिखाया हो। कमोबेश महानगरों में ही नहीं देश के छोटे शहरों की हवा भी अब दूषित होने लगी है, जिसके चलते भारत की गिनती दुनिया के दूसरे सबसे अधिक प्रदूषित देश के रूप में हो रही है। वहीं देश की राष्ट्रीय राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार है। देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग प्रदूषित वायु के चलते असमय मौत के मुंह में चले जाते हैं। इसके बावजूद यह मुद्दा सत्ताधीशों की प्राथमिकता में नहीं है। विडंबना यह भी कि जनता के स्तर पर ही जागरूकता नहीं है कि सत्ताधीशों को कारगर कदम उठाने के लिये बाध्य करें। साथ ही इसे चुनावी घोषणापत्र में शामिल करके जमीनी हकीकत को बदलने का प्रयास करें। दुखद स्थिति यह है कि प्रदूषण से मुक्ति के प्रयास सिर्फ प्रतीकात्मक स्तर या सिर्फ कागजों में होते नजर आते हैं। कहने को तो केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम यानी एनसीएपी में 2024 तक हवा में घातक पी.एम. मैटर के स्तर को वर्ष 2017 के मुकाबले तीस प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस दिशा में गंभीर प्रयास हो रहे हों, ऐसा नजर तो नहीं आता।

# टोल टैक्स का औचित्य

यह बात सर्वविदित है, लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान ने इस बहस को तेज किया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमें टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की कारगुजारियों पर नजर रखनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। लोगों के समय व वाहनों में पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है। लेकिन कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी या सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है।


# हूल आजादी की पहली लड़ाई थी

**इस** ऐतिहासिक परिघटना संथाल हूल को इतिहासकार संथाल विद्रोह मानते हैं जबकि सच्चाई यह है कि यह कोई विद्रोही आंदोलन नहीं था बल्कि ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ जंग था इसे समझने के लिए जंग और विद्रोह के बीच फर्क को समझना होगा विद्रोह किसी भी सत्ता से असंतुष्ट जन आंदोलन को कहा जा सकता है जबकि जंग दो सत्ताओं के बीच अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए होता है और संथाल हूल संथालो द्वारा अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ जंग था।

30 जून अट्ठारह सौ पचपन को शुरू हुआ भारत में प्रथम सशस्त्र जन संघर्ष जो बाद में चलकर प्रथम छापामार जंग भी बना 26 जुलाई अट्ठारह सौ पचपन को संथाल हूल के सृजन कर्ताओं में से प्रमुख व तत्कालीन संथाल राज्य के राजा सिद्धू और उनके सलाहकार व उनके सहोदर भाई कान्हू को वर्तमान झारखंड के साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड में भोगनाडीह गांव में 1815 ईसवी को और सिद्धू का जन्म 1820 में हुआ था। संथाल विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले इनके और दो भाई भी थे जिनका नाम चांद मुर्मू और भैरव मुर्मू था चांद का जन्म 1825 एवं भैरव का जन्म 1835 ईस्वी में हुआ था इनके अलावा इनकी दो बहने भी थी जिनका नाम फूलों मुर्मू और जानू मुर्मू था इन छह भाई-बहनों का पिता का नाम चुन्नी मांझी था। अपने वतन व जनचेतना की सुरक्षा हेतु वह निरंतर संघर्ष करता है बिहार जनजातीय समाज में अब तक जितने भी संघर्ष हुए उनका प्रमुख पहलू सामुदायिक पहचान बचाना रहा है जोत जमीन जल जंगल की रक्षा व समानता पर आधारित समाज निर्माण हेतु जमीन से जुड़े आदिवासियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहास है।

पाट,शोषण, बलात्कार जैसे उत्पीड़न व जुल्म से त्रस्त संथाल भागते फिर रहे थे लेकिन उनकी अधीनता स्वीकार करने को कतई तैयार नहीं थे इन तमाम घटनाक्रम को देखते हुए विद्रोह किया 1789 से 1831- 32 के बीच कई जनजातियां आंदोलन हुए हैं जिनके लिए खुंट - कट्टी व्यवस्था के विघटन के प्रति प्रतिशोध की भावना प्रमुख रूप से रही 1831 में मुख्य कोल विद्रोह हुआ मुंडा, हो, उरांव आदि सभी विद्रोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मानसून में भूमिजो का विद्रोह हुआ इस विद्रोह के दौरान गांव लूटे गए जलाए गए तथा पुलिस सैनिकों सहित कई नागरिक मारे गए। रांची पलामू जिले विद्रोह के केंद्र बिंदु रहे।





**- नसीम अहमद**

> राजा सिद्धू व उनके सहोदर भाई कान्हू को वर्तमान झारखंड के साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड में भोगनाडीह गांव में 1815 ईसवी को और सिद्धू का जन्म 1820 में हुआ था। संथाल विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले इनके और दो भाई भी थे जिनका नाम चांद मुर्मू और भैरव मुर्मू था चांद का जन्म 1825 एवं भैरव का जन्म 1835 ईस्वी में हुआ था इनके अलावा इनकी दो बहने भी थी जिनका नाम फूलों मुर्मू और जानू मुर्मू था।

ब्रिटिश शासन के शुरू के 100 वर्षो में नागरिक विद्रोह का सिलसिला किसी खास मुद्दे व स्थानीय असंतोष के कारण चलता रहा 1763 से 1856 के मध्य देशभर में अंग्रेजो के खिलाफ 40 से अधिक बड़े विद्रोह में छोटे पैमाने पर तो इनकी संख्या बेशुमार है धार्मिक नेताओं के मौलवी पंडित ने भी विद्रोह के झंडे लहराए जनजातीय विद्रोह में उनकी जातीय हित की बुनियादी कारण रहे हैं जनजातियों में संथाल का विद्रोह ठोस, व्यापक और आक्रमक था भारत से अंग्रेजों को भगाने के लिए प्रथम जनक्रांति थी जो संथाल हुल के नाम से प्रसिद्ध हुई।

संथालो में जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है और उनका निवास संथाल परगना है उस समय छोटनागपुर के उत्तरी पूर्वी छोर पर स्थित है। इनकी अधिसंख्या के वजह ही संथाल परगना नाम दिया छोटनागपुर में दाखिल के बाद संथाल में इसी इलाके को अपना निवास स्थल बनाया संथाल परगना तब भागलपुर कमिश्नरी का अंग था हजारीबाग और वीरभूम जिले में संथाल बहुत पहले आ बसे थे इन्हीं इलाको से आकर ये मूल निवासी भोले भाले पहाड़िया की ओर से कोई खास विरोध नहीं हुआ।

और कई गैर संथाली लोगों ने बड़ी हिस्सेदारी निभाई जिनमें मंगरा पूजोहर (पहाड़िया) गुरैया पुजहर (पहाड़ियां) हरदास जमादार (ओबीसी) ठाकुरदास (दलित) बेचू अहीर (ओबीसी) गंदू लोहरा, चुकू डोम दलित वर्ग से मानसिंह ओबीसी और गुरु चरण दास शामिल थे

जंगल को साफ कर खेती के लायक जमीन तैयार करते गए गांव बसाते गए सर्वप्रथम 1790- 1810 के बीच यहां बसे इनका आना-जाना जारी रहा 1836 तक 427 गांव से कम नहीं बसाए गए 1851 तक यहां संथालो के 1473 गांव बस चुके थे जिनकी आबादी लगभग 82795 हो गई थी।

छोटानागपुर में अंग्रेजों का वर्चस्व 1756 से ही हो चुका था परंतु यहां की जनजातियों पर नहीं धीरे-धीरे शोषण, अत्याचार और जुल्म का शिकंजा जकड़ता गया 1850 तक यहां के चप्पे-चप्पे में शोषण छा चुका था संथाल भी इससे अछूता नहीं रहा । 71 साल बाद संथाल हूल का नेतृत्व भोगनाडीह निवासी चुन्नी मांझी के चार पुत्रों ने किया ये थे सिद्धू कान्हु चांद और भैरव हुल के समय कान्हु की उम्र 35 ,चांद की आयु 30 वर्ष, और भैरव की उम्र 20 वर्ष, बताई जाती है सिद्धू सबसे बड़ा था

जब सिधु कान्हू ने शोषण और अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह करने का संकल्प ले लिया तो जनमानस तथा जनसमूह को एकजुट करने व अपने मुहिम को मुकाम तक पहुंचाने का अहद लेते हुए जनसमूह को एकजुट व संगठित करने तथा एकत्रित करने के लिए अंग्रेजों हमारी भूमि छोड़ो कि नारे से गूंज उठा और फिर सिद्धू ने ललकारा था करो या मरो अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ दो।

अपने परंपरागत ढंग को अपनाया । डुगडुगी पिटवा दी और सालटहनी का संदेश गांव गांव में दिया। सिद्धू को अगस्त 1855 में पंचकठिया नामक स्थान पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई वह पेड़ आज भी उसी स्थान पर स्थित है जिसे शहीद स्थल कहा जाता है जबकि कन्हू को भोगनाडीह ने फांसी दी गई पर आज भी वह संथालो के दिलों में आज भी जिंदा है और याद किए जाते हैं।

(लेखक अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता है।)

**खास बात**

# सिंधु दर्शन

**धीरज बसाक**

सिंधु नदी का तट भारत के अतीत की गौरव गाथा है। यहीं प्राचीन सिंधु नदी घाटी सभ्यता जन्मीं। मान्यता है कि यहीं वेद लिखे गये। यहीं रहस्यवादी प्राचीनतम बौद्धमठों की श्रृंखला निर्मित हुई। जी हां, हम हर साल बुद्ध पूर्णिमा के बाद तीन दिनों तक आयोजित होने वाले सिंधु दर्शन महोत्सव की सरजमीं की ही बात कर रहे हैं। इस साल यह सांस्कृतिक आयोजन 23 जून से 26 जून तक चलेगा। हर साल आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर सिंधु दर्शन महोत्सव के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर तीन दिन के इस टूर में 9 से 10 हजार रुपये प्रतिव्यक्ति का खर्चा आता है।

इस सांस्कृतिक पर्यटन सिंधु दर्शन यात्रा की शुरूआत लेह आगमन से होती है। हिंदुस्तान के विभिन्न कोनों से लेह एयरपोर्ट जुड़ा हुआ है और जब आप सांस्कृतिक पर्यटक के रूप में लेह एयरपोर्ट पर पहुंचते हैं तो जिस टूर एंड ट्रैवल कंपनी ने आपका पैकेज बुक किया होता है, उसके प्रतिनिधि आपका लेह एयरपोर्ट पर स्वागत करते मिलते हैं। वे आपको होटल ले जाते हैं और फिर आपको होटल में पूरे दिन आराम करने के लिए छोड़ देते हैं ताकि आप लेह की ऊंचाई और जलवायु के हिसाब से खुद को ढाल लें। शाम की हाई टी के बाद आपको ट्रैवेल कंपनी का कोई प्रतिनिधि स्थानीय पहाड़ी की चोटी पर स्थित सफेद गुंबद वाले शांति स्तूप तक ले जाता है, वहां कुछ देर गुजारने के बाद तथा शांति और आध्यात्मिक वातावरण को फील करने के बाद आप उसके इर्दगिर्द के स्थानीय बाजार में अपनी पसंद की चीजें खरीदते हैं।

दूसरे दिन जो कि वास्तव में सिंधु महोत्सव का मुख्य दिन होता है। सीधे सिंधु घाटी की ओर प्रस्थान करते हैं, जो हमें अपनी कल्पना और आध्यात्मिक यात्रा में हजारों साल पीछे सिंधु सभ्यता के पैदाइशी समय में ले जाते हैं, जहां भारतीय सभ्यता जन्म ले रही होती है। जहां हमारे ऋषि-मुनि भारतीय मेधा की अमिट छाप छोड़ने वाले वेदों का अध्ययन, मनन, चिंतन और लेखन कर रहे होते हैं। सांस्कृतिक पर्यटकों का यह पूरा दिन एक ट्रांस में गुजरता है।

# न्याय और प्रेम

**धर्म-प्रवाह**


**स्वामी सत्यानंद जी परमहंस**

**न्याय** भी हो जाए और प्रेम भी ऐसा सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। ईश्वर ही ऐसा कर सकता है जिसमें न्याय भी हो और प्रेम भी। राजा दिलीप की कथा बताते हुये उन्होंने कहा कि गुरु वशिष्ठ की गाय नंदनी की रक्षा में उन्होंने अपने प्राण की परवाह नहीं की। इस जीवन में जो कुछ भी किया जाता है उसका परिणाम अवश्य मिलता है। इस त्याग के बाद ही राजा दिलीप पिता बने और पुत्र रधु के नाम पर ही रधु कुल को संसार जानती है जिस कुल के राजा राम की चर्चा सर्वाधिक होती है। कश्यप मुनि और तक्षक के प्रकरण पर स्वामी जी ने कहा कि कश्यप मुनि ने तक्षक को दिखा दिया कि वे राजा परीक्षित को बचा सकते हैं। तब तक्षक ने कहा कि क्या आप प्रकृति के न्याय को बदलना चाहते हैं। कश्यप मुनि लौट गये उन्होंने ईश्वर के न्याय का सम्मान किया। वहीं शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों में ही ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण कर दिया जिसके कारण तक्षक के काटने और प्राण निकलने का कष्ट उन्हें नहीं हुआ। इस प्रकार न्याय और प्रेम दोनों संभव हुआ। कश्यप मुनि का न्याय और शुकदेव जी के प्रेम से ईश्वर के नियम की रक्षा हो सकी। भारतीय संस्कृति, धर्म का आधार क्षमा है। ईश्वर आपको अनेको बार क्षमा करता है। आपको सुधरने, परोपकारी बनने का अवसर देता है आवश्यकता है आप उसे समझें और गंभीरता से लें। हमारी संस्कृति की विराटता को समझें बिना इस पर किसी प्रकार का सवाल उठाना गलत है। निश्चित है जो किया है वही पाना है।

**अब** अगर आप सही हो
तो कुछ भी साबित करने की कोशिश मत करो ,
बस सही बने रहो
गवाही वक़्त खुद दे देगा।
**-अनुपम खेर अभिनेता**

**आपके ट्वीट**

**आत्म** विस्मृति ही मनुष्य के दुःख का मूल कारण है । हमारी आत्म-सत्ता स्वयं ही आनन्द और अबाध शान्ति का स्रोत है । अंतमुर्खी होते ही स्थिरता, आनन्द, परिपूर्णता और अस्तित्व की संपूर्ण दिव्यतायें अनुभूत होने लगती हैं ।
**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**जल** संसाधन विभाग की योजनाओं को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उनके द्वारा अधिकारियों को योजनाओं की गति तेज करने समेत कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। **चंपई सोरेन, सीएम**

# मीडिया ट्रायल बनाम समानान्तर अदालती व्यवस्था

**डॉ. हरवंश दीक्षित**

नीट में लापरवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और खबर आयी। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नम्बर से एनटीए को मेल किया था। लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है। इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए, किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती।

बीते वर्षों में रिया-सुशांत, आरुषि-तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर-सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं, जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी

**सामयिक**

टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया-सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा। खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू-टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां-बाप को जीते जी मार डाला।

बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरुषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गई, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यन्त्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा।

नीट से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है, जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है। मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है। यह जब किसी विषय पर अदालत विचार कर रही हो तो इस तरह का मीडिया ट्रायल न्यायिक कार्यों में दखलंदाजी और अदालत की अवमानना है।न्यायशास्त्र का आधारभूत सिद्धांत यह है कि किसी व्यक्ति को तब तक निर्दोष माना जाएगा जब तक उसे अदालत द्वारा दोषी साबित न कर दिया जाए, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ऊपर यह नियम लागू नहीं होता।

**कॉर्टून वर्ल्ड**

**नाटो से क्या करें उम्मीद...**




साभार कॉर्टून मूववेंट

**लेटर टू एडीटर**

## विकास के पीछे

**विकास** की चकाचौंध के पीछे भी कई गंभीर समस्याएं छुपी हुई हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर करती है। लेकिन किसान कई मुश्किलों का सामना करते हैं, जैसे कि सिंचाई के लिए पानी की कमी, फसल उत्पादों के लिए लाभकारी मूल्य न मिलना और बढ़ता हुआ कर्ज का बोझ। किसान आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेता है। वहीं शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी दर भी बढ़ रही है। **-रवि, रांची**

## बुनियाद मजबूत

**देशी-**विदेशी रेटिंग एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक तक ने भारत को लेकर आर्थिक वृद्धि के अपने अनुमान कम कर दिए हैं। यह अलग बात है कि सरकार लगातार दावे कर रही है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है।अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए बेशक रिजर्व बैंक की कोशिशों में कमी नहीं है। लेकिन स्थितियां विपरीत है।
**- निवास, हजारीबाग**

# संथाल हूल के नायक थे गरभू मांझी

**जेरोम जेराल्ड कुजूर**

1857 के सिपाही विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की पहली लड़ाई कहा जाता है, लेकिन झारखंड के इतिहास में इसके पूर्व ही यहां के शूरवीरों ने अंग्रेजी सम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। अमर शहीद तिलका मांझी का आंदोलन 1772 के आसपास हुआ था। जिन्हें अंग्रेजों ने फांसी दी। 1832 में कोल विद्रोह हुआ जिसमें पूरे आदिवासी शामिल हुए थे। 1855 का संताल हूल सिद्धो-कान्हो के नेतृत्व में लड़ी गयी। इस संताल हूल के एक नायक थे गरभू मांझी। गरभू मांझी न होते तो शायद संताल हूल न होता।

गरभू मांझी का जन्म बरहेट क्षेत्र के आमगाछी गांव में हुआ था। उस समय संथालपरगना में अंग्रेज महाजनी प्रथा चला रहे थे। उनके गांव में महाजनी के लिए कुबिरा गांव के दो भाई किनाराम और बेचाराम भगत आया करते थे। वे दोनों लोगों का तीन चार मुर्गा और ज्यादा पैसा वसूल ले जाते थे। पैसा नहीं देने पर गाय-बैल, भेड़-बकरी भी जबरन उठा ले जाते थे। यह सब देखकर गरभू मांझी को रहा नहीं जाता था। चूंकि मांझी था इसलिए गांव की जिम्मेवारी उसी पर थी। ग्रामीणों की पीड़ा देखकर वह महाजनों के खिलाफ आवाज उठाया। गरभू मांझी की शक्ति देखकर महाजन किनाराम और बेचाराम भगत व्याकुल हो उठे। उसे दबाने के लिए दोनों महाजनों

**विचार**



ने बरहेट थाना में महेश लाल दरोगा के समक्ष गरभू मांझी के खिलाफ झूठा केस दायर कर दिया। इस पर दरोगा ने आमगाछी गांव आकर गरभू मांझी को गिरफ्तार कर लिया।

यह खबर संतालपरगना में आग की तरह फैल गयी। उस समय का जेल भागलपुर में था, इसलिए गरभू मांझी को बरहेट से भागलपुर जेल ले जाना था। इसकी सूचना पडेरकोला श्यामपरगना लिप्तीपाड़ा के विजय मांझी एवं भोगनाडीह के संताल भाइयों सिदो-कान्हो तक भी पहुंच गयी।

अतः गरभू मांझी को छुड़ाने के लिए सिदो-कान्हो ने हजारों संतालियों को जमा करके बरहेट थाना का घेराव किया। बरहेट थाना में सिदो ने गरभू मांझी की हथकड़ी खोल दी। हथकड़ी खुलते ही गरभू मांझी ने संताल भाई से तलवार छीनकर दारोगा महेशलाल की कान काट दी। और सभी संतालों ने एक साथ चिल्लाया हूल-हूल, फिर उन्होंने ने बरहेट थाना जला दिया गया। यहीं से संताल हूल की शुरुआत हुई। यह घटना 1855 की है। अगर गरभू मांझी नहीं होते तो सिद्धो-कान्हो और उनके भाई तथा अन्य संताली यह आंदोलन नहीं करते। लेकिन जिस प्रकार अन्य मामलों और आंदोलनों की इतिहास में उपेक्षा की गयी है उसी प्रकार इस आंदोलन के कई महत्वपूर्ण पात्र अनजान है और उनके बारे में कोई नहीं जानता है।

झारखंड की धरती रत्नगर्भा होने के साथ वीर भी पैदा करती रही है। संताल हूल गरभू मांझी के कारण ही प्रारंभ हुआ लेकिन आज वे इतिहास के पन्नों से गायब हैं।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता और चिंतक हैं।)

## एक नजर में

### झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिप सदस्य रामप्रसाद दिल्ली तक करेंगे साइकिल यात्रा



टाटीझरिया। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ टाटीझरिया जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने पैतृक निवास झरपो से दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास तक साइकिल से यात्रा कर नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने रांची पुलिस महानिरीक्षक को पत्रांक संख्या 46 के तहत लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की । उन्होंने कहा कि झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को अंकुश लगाने को लेकर झरपो से 30 जून सुबह 6 बजे साइकिल से यात्रा करेंगे। जीप सदस्य ने कहा के मुझे रांची पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था दी जाएगी।

### विस्थापित नेता गोविन्द महतो को जमानत

बड़कागांव। पिछले महीने विस्थापित प्रभावित नेता गोविन्द महतो पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी सिंदूवारी निवासी त्रिवेणी कंपनी के प्रबंधन ने मारपीट की लिखित आवेदन थाना में देकर उन्हें जेल मे डाल दिया गया था, पिछले दो महीने से वे जेल में थे। बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के प्रयासों से आखिर उन्हें इंसाफ मिला और न्याय की जीत हुई और विस्थापित नेता गोविंद महतो को जमानत मिला इसी क्रम उन्हें पकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के अगुवाई मे ढ़ोल नगाड़े के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### यातायात नियमों का करें पालन : थाना प्रभारी



बरही। उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में एसपी अरविंद कुमार सिंह के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर बरही पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जाएगा। थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन चालक अपने वाहन के साथ सभी कागजात जैसे इन्सुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, आरसी साथ रखें। साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि खुद सुरक्षित रहे, दूसरे को भी सुरक्षित रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे किसी प्रकार के वाहन, मोटरसाइकिल, ठेला, खोमचा एवं किसी प्रकार के दुकान आदि लगाकर अतिक्रमण नहीं करें। अतिक्रमण करने वाले अथवा यातायात नियमों का पालन नही करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घायल को मनोज यादव ने किया मदद

बरही। बरसोत निवासी महेंद्र रविदास का पिछले दिनों एक सड़क दुर्घटना में पैर टूट जाने से उनकी आर्थिक हालत काफी खराब हो जाने से वह काफी परेशान थे। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव महेंद्र रविदास के घर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना और बेहतर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भरोसा देते हुए आर्थिक सहयोग किया। पूर्व विधायक कहा कि बरही के लोगों ने उन्हें जो सम्मान और प्यार दिया है उसका वह आभारी है। लोगों के सुख दुख का साथी बनना और क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता निभाना उनका दायित्व है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बासुदेव साव, रमेश चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, अजय कुमार रामराज, कैला रविदास, मुकेश बक्शी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया मनरेगा का निरीक्षण

चौपारण । नवपदस्थापित बीडीओ सीमा कुमारी ने पदभार संभालते ही प्रखंड के विकास कार्यो में जुट गई है। शुक्रवार सुबह उन्होंने पांडेयबारा पंचायत के कमलवार में मनरेगा अंतर्गत चल रहे कई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ने बागवानी योजना, कूप योजना एवं प्राथमिक विद्यालय कमलवार का निरीक्षण किया। बागवानी योजना में चल रही काम की समीक्षा की । पुरानी योजना की जांच में पाया कि कुछ पौधे ही बागवानी योजना के तहत लगी हुई है जो मृतक अवस्था में है। बीडीओ ने ठेकेदार मोइनुद्दीन को फटकार लगाकर नियम संगत काम करने का हिदायत दी।

### हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर बांटी मिठाई




इचाक। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल हो जाने की खुशी में इचाक प्रखंड में मिठाई बांटकार खुशी का इजहार किया । पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता खुशी मना रहे हैं । प्रखंड और पंचायत में कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे हैं। विधानसभा के चुनाव में बखूबी से विपक्षियों और तानाशाही सरकार के रवैया को जवाब दिया जायेगा। केंद्रीय सदस्य टेकोचांद महतो पूर्व जिला संगठन सचिव संजय राय प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर प्रसाद मेहता प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता रामप्रवेश सिंह संतोष मेहता बांसी मेहता रामफल मेहता सुरेंद्र मेहता राजू यादव रामदिप मेहता कुलदीप राम एम दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मृतक के परिजनों से मिले 20 सूत्री अध्यक्ष

चौपारण। सियरकोणी निवासी कैलाश भुइयां के परिजनों से मिले 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव व सवेदना प्रकट किया।उन्होंने कहा कि विधायक उमा शंकर अकेला गरीबों के मसीहा हैं वे हमेशा सभी के सुख दुख में शामिल होते है। आगे भी होते रहेंगे। कैलाश भुइयां की मृत्यु के पश्चात उनके घर जाकर विधायक द्वारा आर्थिक सहयोग भी दिया। इस दौरान साथ में बालकिशुन यादव, मन्नू भगत,मनोज सिंह,नकुल यादव,उमेश सिंह,सुरेंद्र यादव, मनोज यादव,संतोष भुइयां, ब्रह्मदेव भुईया, बोधा भुईया, काली भुईया, मनोज भुईया, विकास भुईया,गुँजन भुईया, राजेश भुईया,रामस्वरूप भुईया, कार्तिक भुईया,धनंजय यादव,दिलचंद यादव,राधे भुईया, रामविलास कुमार,सुनील कुमार पीयूष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य के पिता का निधन



गोला( रामगढ़ )। गोला के पूर्व प्रमुख सह वर्तमान जिला परिषद् सदस्य ( गोला मध्य) जलेश्वर महतो के पिता स्व. नन्हकू महतो का निधन गुरुवार को देर रात उनके निवास स्थान में हो गया। स्व.महतो करीब 100 साल के थे। इनका दाह संस्कार शुक्रवार को ग्राम – बड़की कोईया के भैरवी नदी स्थित मुक्ति धाम में किया गया। उनके निधन पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनिता चौधरी, जिला परिषद् अध्यक्ष सुधा चौधरी, पूर्व जिला परिषद् अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, गोपाल चौधरी, रोशन लाल चौधरी आदि ने शोक व्यक्त किया।

### हाथियों ने आम बागवानी को किया नष्ट

कुजू। जंगली हाथियों के झुंड ने सारूबेड़ा पंचायत में करीब दो एकड़ में लगाये गये आम बागवानी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। गुरूवार रात करीब 9:30 बजे अचानक हाथियों का झुंड सारूबेड़ा पहुंचा। रामकुमार मांझी के दो एकड़ भूमि पर लगाये गये आम बागवानी को पूरी तरह से तहस–नहस कर दिया। हाथियों के आने के बाद ग्रामीणों ने जानकारी वन विभाग को दिया। इसके बाद करीब 3 बजे सुबह वन विभाग की टीम पहुंचकर ग्रामीणों के साथ हाथियों का भगाने का प्रयास किया।

## नीट पेपर लीक मामले में तीसरे दिन भी सीबीआइ का एक्शन जारी

# हजारीबाग से तीन और गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल वाइस प्रिंसिपल और एक पत्रकार से हो रही पूछताछ**

हजारीबाग/ चरही। नीट पेपर लीक मामले में शुक्रवार तीसरे दिन भी सीबीआई का एक्शन जारी रहा। लगातार दो दिनों से किये जा रहे ताबड़तोड़ एक्शन के बाद शुक्रवार को तीन और लोगों की गिरफ्तारी की सूचना है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और एक पत्रकार को सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। चरही में इन तीनों से पूछताछ के बाद उन्हें टीम पटना ले जायेगी। गुरूवार को टीम द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमे एहसान उल हक और इम्तियाज शामिल थे।

शुक्रवार को एक पत्रकार को गिरफ्तार किया गया और उन तीनो को साथ बिठाकर पूछताछ की गयी। सीबीआई उन तीनो को साथ लेकर हजारीबाग से पटना ले जायेगी। आशंका जताई जा रही है कि उन्हें स्पॉट पर ले जाकर टीम सबूत पुख्ता करेगी। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में संदेह का दायरा बढ़ रहा है कि क्वेश्चन पेपर का पैकेट खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है। हालांकि, इस जानकारी पर सीबीआई ने अभी कुछ नहीं कहा है। आज जब स्कूल में पूछताछ चल रही थी, तब एफएसल की टीम को भी बुलाया गया था। टीम ने भी कुछ सबूत इकट्ठे किए हैं। एक अन्य जानकारी यूजीसी नेट से भी जुड़ी है जो इसी स्कूल की है। यूजीसी नेट परीक्षा भी इसी सेंटर पर हुई थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि इसी स्कूल से उसके प्रश्नपत्र लीक होने का शक भी है।

टीम ने शुक्रवार को स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट इम्तियाज आलम का एक मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। एजेंसी को शक है कि ओएसिस स्कूल से ही पेपर लीक किया गया है और इम्तियाज के लैपटॉप से इसकी सबूत मिलने की उम्मीद की जा रही है।

## अडाणी फॉउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों को दिया पोषण किट



बड़कागांव। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए 80 टीबी मरीजों को शुक्रवार को निःशुल्क पोषण किट दिया। बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत अगले छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जाएगा। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नवीन कुमार ने बताया कि फॉउंडेशन की ओर से अब तक 130 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं।इस अवसर पर टीबी विभाग के ट्रेनिंग सुपरवाइजर दीपक कुमार, सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी शरद मिश्रा और तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में तैनात हुये सीआइएसफ जवान

बड़कागांव। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने को लेकर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। पकरी बरवाडीह ने परियोजना की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसफ) को सौंप दी है। सिकरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र में आयोजित सीआईएसफ इंडक्शन कार्यक्रम में डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब को सीआईएसफ शील्ड देकर इसकी औपचारिक प्रक्रिया को पूर्ण किया। परियोजना प्रमुख के द्वारा भी पकरी बरवाडीह परियोजना की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसफ को सुरक्षा चाभी सौंप कर की गई। इस मौके पर डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार एवं परियोजना प्रमुख श्री फैज तैयब ने सभागार में मौजूद ऑडियंस को संबोधित किया। डीआईजी सीआईएसफ ने अपने जवानों को निर्देश देते हुए कहा की नई जगह पर आने के बाद आपको यहां के बारे में अच्छे से जान लेनी चाहिए ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाएंगे। पकरी बरवाडीह परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री फैज तैयब ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम परस्पर सहयोग से आगे बढ़ेंगे और अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे। डिप्टी कमांडेंट श्री मृत्युंजय स्वामी ने भी अपना वक्त रखा और सीआईएसएफ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी सीआईएसएफ अधिकारियों के अलावा परियोजना के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं कर्मचारियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि आपके सहयोग और समर्पण के बिना यह इंडक्शन कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता था।

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण करें सिविल सर्जन : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आजसू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बीडीओ व सीओ को सौंपा ज्ञापन

विष्णुगढ़। राज्य में भ्रष्टाचार और प्रशाशनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी के केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल जबकि संचालन बिनोद बिहारी महतो ने किया। मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड में बिना पैसे का कोई काम नही हो रहा है गरीब असहाय जनता कुव्यस्था से त्रस्त है इस अराजक व्यस्था के खिलाफ पार्टी राज्यभर मे हल्ला बोल आंदोलन चला रही है ज्ञापन मे जमीन के दाखिल खारिज के आवेदनों पर करवाई करने, अबुवा आवास के चयन मे पारदर्शिता, मनरेगा से संबंधितभूगतान शीघ्र करने योजनाओं का क्रियान्वयन करने, छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने में शीघ्रता लाने, किसानो को समय पर खाद बीज की आपूर्ति करने, विधुत आपूर्ति व्यस्था मे सुधार, सरकारी कर्मियों को कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने झारखंड आंदोलनकारी को सरकारी योजनाओं मे प्राथमिकता देने, पेंशन धारियों को नियमित भुगतान करने, राशन कार्ड धारियों को समय पर राशन आपूर्ति, खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत एवं बिष्णुगढ प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल की दर्जा की मांग की गई । मौके पर रंजीत गुप्ता, महादेव देहाती, लिलो महतो, दिपु अकेला गौतम वर्मा, सतीश कुमार,हितेंद्र पटेल राजकुमार सिंह, दामोदर महतो रवि कुमार, लकी कुमार, टेकलाल यादव,जय नारायण महतो सुधीर कुमार चुनिया देवी, अनिता देवी, सोनी देवी संगीता देवी, सुरेश कुशवाहा, विकास महतो, गोविंद महतो, धीरज साव दिवाकर दिव्यदर्शी , राज यादव, राजेश साव, जागेश्वर महतो समेत कई उपस्थित थे।

## नव निर्माण मोर्चा ने डीसी व एसपी को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा नव निर्माण मोर्चा के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 12 सूत्री मांगो को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। नव निर्माण मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें सभी मुद्दों से अवगत कराया। जिसमें विशेष कर भुरकुंडा में आए दिन होने वाले सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही। डीसी और एसपी ने मोर्चा से कहा कि भुरकुंडा बाजार में जाम की समस्या है इससे निजात दिलाने के लिए जल्द ही ट्रैफिक पुलिस देने का प्रयास किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मोर्चा के मुकेश राउत, अजय साहु, देवानंद प्रसाद, बिहारी मांझी, रुस्तम कुमार शामिल थे।

## आजसू का हल्ला बोल 5 को



कुजू। 5 जुलाई को आजसू पार्टी के 11 सूत्री मांग को लेकर मांडू प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम को शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ। केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश पर पूरे राज्य में पार्टी द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपको जनता की सेवा के लिए चुना है। आम जनता के समस्याओं का समाधान करना आपका धर्म है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मधुमेह की हुयी जांच



भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन चिकित्सक सह रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार ढांढनिया, रोटरी क्लब रांची के निदेशक अमित अग्रवाल, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 70 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। जांचोपरांत डॉ ढांढनिया ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। इससे पूर्व बच्चों और अभिभावकों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताओं पर चर्चा की। डॉ ढांढनिया ने कहा कि डायबिटीज से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है। स्लीप और वेक अप टाइम का पालन करें। कम से कम आठ घंटे की नींद अवश्य लें। नींद का पूरा नहीं होना इस बीमारी का पहला बड़ा कारण है। भोजन करने का टाइम भी फिक्स करें

## हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष

भुरकुंडा (रामगढ़)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। हेमंत सोरेन को बेल मिलने की सूचना कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो खुशी से झूम उठे। बेल मिलने पर झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन पाधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के कर्मठ योद्धा हैं। उन्होंने झारखंड के लोगो के लिए बहुत काम किया है।

उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत भाजपा की केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया था, लेकिन उनका बेल मिल जाना भाजपा के मुह पर करारा तमाचा है।

# 2019 में ज्वाइनिंग और 2023 में सस्पेंशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ अनुशासनहीनता और गलत एक्टिविटी निलंबन का है प्रमुख कारण : प्राचार्य**

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अनुशासनहीनता के आरोप में बीते 26 अक्तूबर 2023 को शारीरिक शिक्षक रविन्द्र कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। निलंबन के संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि उक्त शिक्षक का व्यवहार उनके पदस्थापना वर्ष 2018 से ही स्थानीय प्रबंधन के खिलाफ रहा है। प्राचार्य के आदेश की अवहेलना और बच्चो को विद्यालय के प्रबंधन के खिलाफ भड़काना, विद्यालय के पीटी कक्ष में छात्राओं से अकेले में बात करना आदि जैसे कई मामले आते रहे है। कई बार समझाने का कार्य भी किया गया, कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए परंतु आदतन सुधार नही हुए। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी दी गई है। इसी क्रम में बीते 20 जुलाई को विद्यालय के ही तीन अभिभावको ने उक्त शिक्षक पर अपनी बच्ची को मिसगाइड करने, रात में मोबाईल पर वीडियो कॉल करके बात करने, व्हाट्सएप चैटिंग करने आदि संबंधित शिकायत करते हुए एक मोबाईल भी विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया। जिसमे उक्त शिक्षक की छात्राओं के साथ फोटो और अन्य कई बातें रिकॉर्ड है।इससे अभिभावकों में काफी रोष था और अपनी बच्चियों का नाम भी विद्यालय से कटवा दिया। इस संबंध में आरोपी शिक्षक से स्पष्टीकरण भी मांगा गया, जिसका उन्होंने कोई जवाब नही दिया। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को की गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएवी प्रबंधन ने 26 अक्तूबर को उक्त शिक्षक को निलंबित कर दिया। जिसे लेकर निलंबित शिक्षक द्वारा मामले को कोर्ट ले जाया गया, जहां मामला हियरिंग में चल रहा है। उन्होंने बताया कि जब निलंबन से संबंधित उक्त शिक्षक से पक्ष मांगा गया तो उन्होंने बतौर चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि मामला कोर्ट में है, जो भी जवाब देना होगा कोर्ट में दिया जाएगा, परंतु बीते कुछ दिनों से जब मामला कोर्ट में चल रहा है तो अनर्गल बयान बाजी और धरना प्रदर्शन की बात कर रहे है। उनकी सारी एक्टिविटी को लीगल एडवाइजर तक सूचना दे दी गई है, जिसके सलाह के आधार पर प्रबंधन उचित कदम उठाएगी।

आरोपी शिक्षक का सांकेतिक धरना : आरोपी शिक्षक ने निलंबन वापसी और प्राचार्य पर तानाशाह का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना देने का काम किया। इस संबंध में उनका पक्ष लेने पहुंचे पत्रकारों से उन्होंने बात करने से मुकरते हुए स्वयं पक्ष न रखकर फोन से किसी और से बात करवाने का प्रयास किया, मानो किसी के कहने के आधार पर कार्य किया जा रहा हो। जिसका पत्रकारों ने विरोध किया और बिना उनसे उनका पक्ष लिए वापस लौट गए।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा,
दूरभाष– 7209721521, ई–मेल–simdegafisheriesdfo@gmail.com

"आम सूचना"

एतद् द्वारा सिमडेगा जिले के सभी केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बायोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बायोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में अम्ब्रेला योजना (Umbrella Scheme) के तहत् राज्य योजनान्तर्गत राज्यादेश संख्या 04 रा0(वि0), दिनांक–30.05.2024 द्वारा अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त है। इच्छुक मत्स्य पालक इस योजना का लाभ लेने हेतु कार्यालय में 10.07.2024 तक आवेदन जमा करें। आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तें निम्न है :–

1. विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय–23–आपूर्ति एवं सामग्री मद में स्वीकृत राशि में मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा 25.00 (पच्चीस रू0) मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम् अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
2. कंडिका 01 के अतिरिक्त विगत मत्स्य पालकों को 2 mm अथवा उससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से ही अनुदान देय होगा। एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम मो0– 17500/– (सतरह हजार पाँच सौ) रू0 मात्र अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।
3. कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों को दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए 2 mm से बड़े 4 mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से अनुदान देया होगा। एक लाभुक को अधिकतम कुल 1200 कि0ग्रा0 2 mm से बड़े 4 mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम मो0– 30000/– (तीस हजार) रू0 मात्र अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। इसके अतिरिक्त रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बायोफ्लॉक टैंक तथा बायोफ्लॉक तालाब के लिए भी अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा जो निम्न है :–

(क) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) :– रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 90 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए अधिकतम् 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक की दर से 4 mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18.00 (अट्ठारह) रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

(ख) बायोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) :– इसी प्रकार बायोफ्लॉक टैंक में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिमतम् 50 टैंक) के लिए अधिकतम् 100 कि0ग्रा0 प्रति टैंक की दर से 4 mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

(ग) बायोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond) :– बायोफ्लॉक तालाब (0.1 ha) में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम् 2000 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1ha) की दर से 4 mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

4. केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/ बायोफ्लॉक टैंक लाभुकों/ बायोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु इनके चयन में यह ध्यान रखा जाएगा कि लाभुक सक्रिय केज मत्स्य पालक/सक्रिय रिसर्कुलेटरी सिस्टम संचालक/सक्रिय बायोफ्लॉक टैंक संचालक/सक्रिय बायोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में/ रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक टैंक संचालक/बायोफ्लॉक तालाबों में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो। उसके पास कम से कम पिछले एक Crop का रिकॉर्ड हो। मात्स्यिकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिक्री की गई मछलियों का Data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा को अवगत कराने के लिए सहमत हो।
5. लाभुक द्वारा 2 mm अथवा उससे छोटे साईज/ 2mm से बड़े 4 mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) का वास्तविक रूप में क्रय किया गया है एवं इसकी GST Billing हुई है। GST Billing के बिना लाभुक के खाते में राशि डी0बी0टी0 नहीं ही जाएगी। लाभुक को देय अनुदान की राशि उसके द्वारा व्यय की गई राशि से 50 प्रतिशत् अथवा मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम् अनुदान से ज्यादा नहीं हो।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 328121 Fish(24-25)#D

## स्पीड न्यूज

### बिजली आंदोलन के समर्थन में आज दुकानें रहेगी बंद

**चतरा।** टंडवा में बिजली आंदोलन के समर्थन में आज दुकानें बंद रहेंगी। व्यवसायियों ने आंदोलन के समर्थन में अपनी दुकानें स्वेच्छा से बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यवसायिक संघ महामंत्री सुभाष चंद्रा ने कहा कि आंदोलन के बाद वार्ता में व्यवसायी संघ को भी शामिल किया जाए।

### चतरा लोकसभा चुनाव 2024 की लेखा मिलान बैठक 30 जून को

चतरा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार, चतरा लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी 22 अभ्यर्थियों के लिए लेखा मिलान बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक 30 जून 2024 को सुबह 11 बजे चतरा समाहरणालय के सभागार में होगी। चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी उम्मीदवारों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही

**चतरा।** जिले के टंडवा में करीब डेढ़ महीने पहले दो स्कूली छात्राओं की दर्दनाक मौत ने विद्यार्थियों के मन में गहरा असर डाला है। 15 मई 2023 को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के सामने ही एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने दो छात्राओं को कुचल दिया था। इस हादसे के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था और स्कूल के सामने स्थायी नो इंट्री लगाने तथा स्लाइड बेरिकेड उपलब्ध कराने की मांग की थी। लेकिन, प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में असुरक्षा की भावना है। अब शिक्षक ही बच्चों को सड़क पार करा रहे हैं।

### युवाओं को कैरम बोर्ड वितरण

**टंडवा (चतरा)।** राहम सेवा फाउंडेशन ने राहम गांव के युवाओं को कैरम बोर्ड वितरित किए। फाउंडेशन युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करता है। पहले भी फाउंडेशन ने क्रिकेट टूर्नामेंट, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, संगीतमय सुंदर पाठ, पौधा रोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष अजित पाण्डेय, मुख्य वॉलंटियर विकाश कुमार पांडेय, सह वॉलंटियर अरबिंद पाण्डेय, उपेन्द्र पाण्डेय और राहम के युवा उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली डिस्पेंसरी होन्हे में शुक्रवार को महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कान के मरीजों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीसीएल गांधी अस्पताल के इएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर अम्ब्रिश कुमार अपनी टीम के साथ शिविर में उपस्थित थे। शिविर में 51 विस्थापित और प्रभावित ग्रामीणों का कान से संबंधित बीमारियों का नि:शुल्क जाँच कर दवाइयां दी गईं और आवश्यकतानुसार मरीजों का ऑडियोमेट्री जांच भी किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में रविवार को ब्लॉक रोड स्थित स्टेट बैंक और पतंजलि योग समिति के सामने सुबह 10 बजे से 5 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेरणा की अध्यक्ष सारिका लड्डा सचिव शीतल पोद्दार ने दी। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की परियोजना निदेशक नेहा जैन कृतिका मोदी की देखरेख में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक रमेश गोयल सेवा संस्थान एवं आनंद लोक अस्पताल के द्वारा किया जा रहा है। इनके द्वारा 6 चिकित्सक जांच करेंगे। वहीं पदाधिकारी ने बताया कि इसमें दांत का टेस्ट और उपचार, इसीजी, ओपीडी, आंखों का जांच एवं चश्मा 10 से 20 रुपये में उपलब कराया जाएगा। इसके लिए जांच करने वाले लोगों को 10 से 12 बजे के बीच ब्लॉक रोड स्थित पतंजलि योग के सामने पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और उनकी जांच की जाएगी।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

# दुष्कर्म के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास

### 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना कांड संख्या 88/2020 एसटी 51/2020, लकड़ी चुने गई एक नाबालिक लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी 22 वर्षीय सुजीत कुमार पिता जगदीश भोक्ता ग्राम करचैता थाना सतगावां निवासी को आईपीसी की धारा 376 का दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला :** मुक्तभोगी ने थाना को दिए आवेदन में कहा था कि 08 अगस्त 2020 को समय करीब 9 बजे मैं अपने दो अन्य सहेलियों के साथ जंगल में लकड़ी लाने गई थी। जब हम लोग घर वापस आ रहे थे, इसी दौरान मेरा मुंह सुजीत कुमार ने दबा दिया। मुझे पटक कर दुपट्टा से मेरा मुंह बांध दिया और जबरदस्ती मेरे साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर टंगी के बेट से मुझे पीटा। सहेलियों के हल्ला करने पर कुछ लोगों द्वारा मुझे बचाया गया। मुक्त भोगी ने पुलिस से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में प्रगति लायें : उपायुक्त


### उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला स्तरीय स्टीरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक कर कार्य की समीक्षा किया। बैठक में मॉडल विद्यालय में मध्याह्न भोजन, स्कूल स्टेप डिलीवरी हेतु वाहनों की स्वीकृति, सामाजिक अंकेक्षण, विद्यालय के किचेन शेड की मरम्मती, आयुष्मान भारत योजना से रसोइया को अच्छादित करना समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। वहीं उपायुक्त ने सिविल सर्जन को आयुष्मान भारत योजना से रसोइया को अच्छादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त की। वहीं उपायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में प्रगति लायें, प्रोजेक्ट रेल के तहत नियमित टेस्ट लें और बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विकास करें। वहीं उन्होंने सभी बीपीओ को निर्देश दिया कि सभी बच्चों को समय पर किताबों का वितरण करें एवं सभी छात्र-छात्राओं का बैंक खाता खुलवाएं। मौके पर सीएस डॉ. अनिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, डीइओ अजय कुमार समेत सभी बीईईओ, बीपीओ आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुई रूबरू



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात् उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** झारखंड के खेलकूद एवं युवकार्य निदेशालय, राँची के तत्वावधान में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में किया गया।

### कोडरमा को मिला ऑवरऑल चैंपियन का खिताब

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बागीटांड़ स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 19वीं क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। 26 जून से 28 जून तक चले उक्त खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ, गिरिडीह और चतरा के पुलिस के जवानों ने विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर, अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, रामगढ़ जिले के एसपी, डीएसपी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### ड़ामहाबागी समीप हुई सड़क दुर्घटना से एक की मौत, दूसरा घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा-केरेडारी के बॉर्डर डामहाबागी के पास एक सड़क दुर्घटना में कुमडांग निवासी राजेन्द्र साव की दर्दनाक मौत हो गई और उनके जीजा घायल हो गए। राजेन्द्र अपनी जीजा की बहन की शादी के लिए कार्ड बांटने जा रहे थे। हादसा तब हुआ जब विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो कोल वाहन के चकमे में आकर टकरा गई। राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई और उनके जीजा को गंभीर हालत में हजारीबाग रेफर कर दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर नौकरी, मुआवजा और उचित कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार कोल वाहनों के कारण यह दुर्घटना हुई है और अगर नो इंट्री लागू होती तो यह हादसा नहीं होता। राजेन्द्र की मौत से उनका दो साल का बेटा और पत्नी की जीविका का संकट खड़ा हो गया है। राजेन्द्र का आम्रपाली में अधिग्रहित जमीन के बदले में नौकरी का फॉर्म भरा गया था और कुछ ही दिनों में उन्हें नौकरी मिलने वाली थी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सड़क जाम थी।

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ जगन्नाथ जैन कॉलेज मैदान में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज व डीईओ अजय कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल का विधिवत शुरुआत किया। इस प्रतियोगिता में सभी 6 प्रखंडों से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष तथा बालक/बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खेल का शुभारंभ बालक आयु वर्ग 15 वर्ष अंतर्गत मरकच्चो और जयनगर के बीच खेला गया, जिसमें मरकच्चो 2-0 से विजयी रहा। तत्पश्चात् सतगावां एवं कोडरमा में कोडरमा 1-0 से विजयी रहा। पहला सेमीफाइनल मरकच्चो और चंदवारा के बीच खेला गया, जिसमें मरकच्चो 4-2 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल डोमचांच और कोडरमा के बीच हुआ, जिसमें कोडरमा 1-0 से विजयी रहा।

फाइनल मैच कोडरमा और मरकच्चो के बीच खेला जायेगा। वहीं बालक आयु वर्ग 17 वर्ष अंतर्गत मरकच्चो एवं चंदवारा के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा 3-1 से विजेता रहा और कोडरमा और सतगावां के बीच में कोडरमा 1-0 से विजयी रहा। पहला सेमीफाइनल जयनगर और चंदवारा के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा 1-0 से आगे रहा। दूसरा सेमीफाइनल कोडरमा और डोमचांच के बीच खेला जायेगा।

# बर्तन चमकाने के नाम पर महिला से ठगे सोने के जेवरात



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जेवर और बर्तन चमकाने के नाम पर इन दिनों झुमरीतिलैया शहर में ठग गिरोह काफी सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को गिरोह ने तिलैया थाना क्षेत्र के बिशुनपुर रोड किड्जी स्कूल के निकट एक महिला को निशाना बनाया और जेवर बर्तन चमकाने के नाम पर महिला के सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई, घटना 11 बजे की बताई गई है। घटना की सूचना के लगभग 3 घंटे बाद दो पैंथर के जवान मौके पर पहुंचकर पीड़ित महिला से पूछताछ कर जानकारी हासिल की। इस संबंध में भुक्तभोगी प्रीति सिंह पति सुधीर कुमार के अनुसार दो लोग उनके घर पर आए और बोला कि वे लोग पतंजलि योग मार्केटिंग से आए हैं और वे लोग बाबा रामदेव के बने प्रोडक्ट पाउडर का इस्तेमाल पीतल के बर्तन साफ करने का काम करते हैं। एक बार काम करा कर देख लो जिस पर महिला प्रीति उसकी बातों में आ गया और पीतल के बर्तन निकालकर दे दिया। इसके बाद ठगों ने कहा की वे लोग जेवर भी चमकाते हैं। महिला ने ठग के कहने पर पहले अपनी बिछिया साफ करने निकाल कर दी, फिर उन्होंने अपने सोने का एक भर का चैन ( 10 ग्राम ) निकाल कर दिया।

# भारत विकास परिषद का उद्देश्य निस्वार्थ राष्ट्र सेवा : रामप्रवेश

### 10 जुलाई तक पखवाड़ा सप्ताह मनाने का लिया निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत विकास परिषद झूठा लिया शाखा के तत्वाधान में डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती मनाई गई। भारत माता, स्वामी विवेकानंद और सूरज प्रकाश के चित्रों पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मौके पर सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे एनीमिया कार्यशाला, स्कूली बच्चों के बीच कॉपी, किताब, कलम, बांटना तथा अन्य सेवा कार्य 10 जुलाई तक किए जाने का निर्णय लिया गया। मौके मुख रूप से उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने कहा कि भारत विकास परिषद का स्थापना का उद्देश्य निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि परिषद का मुख्य कार्य सेवा और संस्कार के कार्यों को बढ़ाना है और इस कार्य को डॉ. सूरज प्रकाश ने बहुत ही विस्तृत तौर पर किया। भारत चीन युद्ध के समय उन्होंने सैनिकों को मदद की इस कारण से इन्हें पुरस्कृत भी किया गया। आज भारत विकास परिषद की स्थापना एवं उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती है, जो प्रति वर्ष 27 जून को मनाई जाती है। इतना ही नहीं आज से लेकर 10 जुलाई जो परिषद् का स्थापना दिवस है, इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। जिसे सेवा पखवाड़ा के नाम से जाना जाता है। वही प्रांतीय कोषाध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने परिषद् के उद्देश्य और कार्यों की चर्चा की तथा संगठन विस्तार पर जोर दिया। मौके पर शाखा अध्यक्ष कैलाश राणा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके अलावा प्रांतीय महिला संयोजिका जूही दास गुप्ता ने परिषद के पांचो प्रकल्प को समझाया। मौके पर छोटेलाल पांडे, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### हेमंत सोरेन को जमानत मिलने से झामुमो में हर्ष

## सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं : रविंद्र शांडिल्य



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष झामुमो सह पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा झामुमो रविंद्र शांडिल्य ने कहा कि झमुमो को अपने देश व राज्य के न्यायिक संहिता प्रक्रिया पर पूर्ण भरोसा है, सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं। श्री सोरेन को जमानत मिलने से झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं श्री शांडिल्य ने कहा कि उन्हें हाई कोर्ट से 5 माह बाद जमानत मिल रही है, जिससे कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष देखा जा रहा है। हर्ष व्यक्त करने वालों में श्यामदेव यादव, गोपाल यादव, अशोक कुमार, संजय पांडेय, बैजनाथ मेहता, इस्लाम अंसारी, संदीप पांडेय, गणेश राय, अशोक सिंह, विश्वनाथ राय, कामेश्वर भारती, दिवाकर तिवारी, दीपक विश्वकर्मा, पवन माइकल कुजुर, निर्मला तिवारी, मुन्नी कुमारी, गुड़िया देवी, बेबी देवी, आदि के नाम शामिल है। हेमंत सोरेन को लैंड स्कैम मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 148 दिन बाद जमानत मिली है। हेमंत सोरेन को बड़गाईं अंचल जमीन मामले की जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 13 जून को जब हाईकोर्ट में हेमंत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, उस वक्त हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी कोर्ट रूम में मौजूद थीं।

**दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने ऑर्डर सुरक्षित रखा था :** पिछली सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन के वकील ने जमानत देने की मांग की थी, लेकिन ईडी के वकील ने इसका विरोध किया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। पिछली सुनवाई में हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ ईडी का केस गलत है। उनके मुवक्किल को बेवजह इस मामले में फंसाया गया है। उनकी गिरफ्तारी भी गैरकानूनी है।

### अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समारणालय स्थित सभा कक्ष में उग्रवादी हिंसा में मृत्य व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकम्पा का लाभ देने पर विचार करने हेतु जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मई 2024 में घटित हिंदियाकला प्रखण्ड प्रतापपुर के 02 मामलो सहित अन्य 04 मामलो पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद, समिति ने 02 मृतक के आश्रितों को चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा विभाग को भेजने का निर्णय लिया।?साथ ही, अन्य मामलों में ससमय अद्यतन कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीसी को आवेदन देकर जांच पड़ताल की मांग

### योजनाओं में हेरा-फेरी और रिश्वत मांगने का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया के प्रखंड प्रमुख रोहन साहू ने बीपीओ राजेश पासवान पर मनरेगा योजना में हेरा-फेरी करने और रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन देकर जांच पड़ताल की मांग की है। प्रमुख ने आवेदन की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त चतरा और अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को भी सौंपी है। प्रमुख का कहना है कि बीपीओ के द्वारा मनरेगा योजना में हेरा-फेरी किया जा रहा है साथ ही बिना पैसा के किसी भी योजना को ऑनलाइन नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे में प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद पंचायत की दर्जनों योजनाएं लटकी हुई है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व मनरेगा योजना में बिना योजना क्रियान्वित किए तीन खेल मैदान की राशि निकाल ली गई थी जिसकी शिकायत पर प्रखंड पंचायत समिति की कमेटी गठित कर जांच कराई गई थी जिसमें मामला सही पाया गया था। किंतु जांच की सभी रिपोर्ट सौंपने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीपीओ ने सांठ-गांठ और पैसे का लेनदेन कर मामले को रफा-दफा कर दिया। उन्होंने कहा कि बीपीओ ने सबानो, पगार, पुंडरा, बानासाड़ी आदि पंचायत के दर्जनों योजनाओं को अपने लॉगिन में पैसों के कारण फंसा रखा है। प्रमुख का कहना है कि बीपीओ द्वारा मनरेगा योजना में कहीं जेसीबी मशीन का उपयोग करने तो कहीं आधे अधूरे कार्य कर पैसे के निकासी की शिकायत लगातार मिल रही है। उन्होंने उपयुक्त से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### खराब पड़े चापानल का जल्द से जल्द कराएं मरम्मतिः डीसी

**चतरा।** शहर के वार्ड संख्या 16 में एक सप्ताह से चापानल खराब होने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है, जिसकी शिकायत जनता दरबार में की गई। प्रतापपुर प्रखंड के जोगियारा पंचायत में जलमीनार और शौचालय अवैध रूप से बनाए जाने और सोलर प्लेट टूटने की शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं कोविड-19 के दौरान कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय भुगतान में देरी की शिकायत पर सिविल सर्जन, चतरा को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया गया।? मोटेशन से संबंधित मामले, शौचालय का अवैध निर्माण, गव्य विकास, विद्युत विभाग, अतिक्रमण समेत अन्य मामलों पर भी सुनवाई हुई।

स्पीड न्यूज

## चंदवा: सड़क हादसे में घायल युवक की मौत



**चंदवा।** रांची-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग पर ब्रह्मणी के समीप अनियंत्रित होकर अफजल खान (55) पिता नेजाम खान (सासंग, पतरातू, लातेहार) बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके सिर में गंभीर चोट आने से काफी रक्तस्त्राव होने लगा। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी की देखरेख में उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची भेज दिया गया, जहां रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है अफजल अपने बाइक द्वारा रांची से अपने घर सासंग पतरातू के लिए निकले थे। इसी क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के ब्रह्मणी के समीप असंतुलित होकर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## सीमेंट लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के देवनद नदी के समीप एक सीमेंट लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक शंकर पासी की मानें तो वह बोकारो से सीमेंट लेकर डालटनगंज जा रहा था। देवनद नदी के समीप वाहन को खड़ा कर वह आराम करना चाह रहा था इसी दौरान ट्रक पीछे की ओर लुढ़कते दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक का पिछला हिस्सा जमीन से सट जाने के बाद हादसा होते-होते बचा। इधर थाना क्षेत्र के ही मुगलदाहा पुल के समीप एक अन्य सीमेंट लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक-उपचालक फरार हो गए। यहां कई सीमेंट के बोरियों के चोरी होने की सूचना है।

## लोहरसी में आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में हुआ यशमनी मिंज का चयन



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लहरसी ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र भाग-1 में रिक्त सहायिका पद के चयन को लेकर बाल विकास परियोजना कार्यालय चंदवा के पत्रांक 108 दिनांक 06/06/2024 के आलोक में विशेष आम सभा का आयोजन किया गया। चयन समिति एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमें सभी अहर्ता को पूर्ण करने वाली यशमनी मिंज पति सुशील भगत का चयन सहायिका के रूप में किया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जयशंकर पाठक, महिला पर्यवेक्षिका मीरु झा, मुखिया जतरु मुंडा, एएनएम नोयमी सुशांता गिद्ध, पंसस समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपाईयों ने लगाया पौधा



पौधा लगाते लोग।

**बारियातू।** भाजपा मंडल कार्यालय बारियातू में मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई. कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एंव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र पर द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि के पश्चात शुरूआत की गई। कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक बुथ में मोदीजी के मन की बात को रविवार को सुनना और प्रत्येक बुथ में पौधा लगाना है। अपने माँ के साथ अगर माँ नहीं है तो मां की तस्वीर लगा कर पौधा लगाने की शुरूआत किया गया। पौधा रोपण कार्यक्रम बारियातू बुथ नंबर 67 से शुरू किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, किशोर सेठ, गोपाल यादव, प्रखंड युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजन यादव, बलदेव यादव, पिन्टु केशरी, दुलारचंद पासवान, गणेश गंझु, धनेश्वर ऊरांव, पुर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकताओं ने पौधा रोपण कर अन्य लोगों से पौधा लगाने की अपील की।

## झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में राशन कार्ड से संबंधित किया गया कैंप



कैंप में उपस्थित लोग।

**बेतला।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी बरवाडीह अरविंद कुमार रवि पहुंचे, जहाँ केड़ पंचायत सचिवालय में ग्रीन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रीन कार्ड बनाने के लिए 61 आवेदन ऑनलाइन किया गया। जिसमें राशन ग्रीन कार्ड 25 और आयुष्मान कार्ड 36 ऑनलाइन किया गया। खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि ने बोले कि झारखंड सरकार द्वारा हर एक पंचायत सचिवालय भवन में ग्रीन कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जो ग्रामीण अभी तक राशन कार्ड से वंचित है। आसानी से अपने सचिवालय भवन में आकर बना पाएंगे। किसी भी प्रकार से परेशानी हो तो आप अपने नजदीकी डीलर से संपर्क कर सकते हैं। डीलर द्वारा लापरवाही बरतने पर आप अपना राशन कार्ड को दूसरा डीलर के पास राशन कार्ड को चेंज कर सकते हैं और लाभ ले सकते हैं। मौके पर उपस्थित डिलर अशोक कु .सिंह, डिलर बेतला मुकेश कुमार, नंदू बैठा, मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित नेता-हरेश्वर उरांव, नंदकुमार यादव काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिप सदस्य बलवंत सिंह ने बीडीओ के खिलाफ दिया एक दिवसीय धरना

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर मे शुक्रवार को पश्चिमी जिप सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह के द्वारा बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ धरना कार्यक्रम आयोजित की गई। धरना मे शामिल जिप सदस्य बलवंत सिंह का आरोप है कि मनिका बीडीओ मनोज कुमार तिवारी मनरेगा प्रशासनिक मद से बगैर सामग्री क्रय किये रूपये की निकासी की गई है। इस मामले मे कोई भी कारवाई जिला प्रशासन नहीं कर रही है। मौके पर कई लोग मोजूद थे।

## सीओ सह बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



समीक्षा बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक मे मनरेगा सें जुड़े हुए योजना सहित लाभुक को वित्तीय वर्ष 2024-25 मे बिरसा मुंडा आम भगवानी स्वीकृत किए हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर गड्ढा खुदाई करवाने कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा पंचायत मे चल रहे सिचाई कूप निर्माण का कार्य को खुदाई कर बारिश के पूर्व कूप बंधाई का कार्य जल्द सें जल्द पूर्ण करें। और वित्तीय वर्ष 2023-24 पशुधन योजना सेड को अंदर बाहर कार्य को पूर्ण करने की बात कही। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पाधिकारी केतन गुप्ता, पंचयात सेवक चन्दन कुमार, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, रवि यादव, अरविन्द ठाकुर, रामलखन यादव, रानी कुमारी, प्रकाश कुमार सहित अंचल एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# सत्य की जीत हुई व तानाशाह की हार: सितमोहन मुंडा



जश्न मनाते झामुमों कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जमीन घोटाले के आरोप में विगत लगभग 5 महीने से जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट के द्वारा जमानत दिए जाने के बाद चंदवा में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। प्रखंड के जमीरा पंचायत में झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा की अगुवाई में झामुमो कार्यकताओं ने आतिशबाजी की व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने कहा कि हाई कोर्ट में आज सत्य की जीत व तानाशाह की हार हुई है। केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर किस प्रकार एक जननेता को फंसाया गया है, यह बातें जगजाहिर हो गयी है। अब तक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हेमंत सोरेन पर कोई भी ठोस आरोप सिद्ध नहीं हो पाया है बावजूद इसके उन्हें 5 महीने जेल के अंदर बितानी पड़ी। हेमंत सोरेन के जेल जाने से हेमंत सोरेन व झारखंड मुक्ति मोर्चा को और मजबूती मिली है, आगामी विधान सभा चुनाव में राज्य की जनता इसका हिसाब करेगी। हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर केंद्रीय समिति सदस्य दीपू सिन्हा, झामुयुमो जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जतरु मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति, बबलू राही, मो. नौशाद, मो. सरफराज, सुमन सुनील सोरेंग, रामपाल उरांव समेत कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## पूर्व सीएम को मिला बेल, झामुमो कार्यकताओं ने मनाया जश्न



जश्न मनाते झामुमों कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत की खुशी में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार के नेतृत्व में समाहरणालय गेट, शहीद चौक, थाना चौक में महागठबंधन के कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष अरुण दुबे, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडेय, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष गंझू, मनोज चौधरी, सुदामा प्रसाद, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, युवा नेता अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, वारिश अंसारी, गोपाल सिंह, रंजीत उरांव, वीरेंद्र पाठक, चंदन कुमार, मनीष पाठक, रविन्द्र प्रजापति, विवेक गुप्ता, राजु प्रसाद, पिंटू प्रसाद, प्रियरंजन प्रसाद, ज्योति प्रकाश दुबे, मनोज पासवान, वाजिद अंसारी, हनुमान अग्रवाल, अरसद अंसारी, विकास कुमार, आनन्द पासवान, शुभम कुमार, अशोक यादव समेत हजारों महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओ ने पुर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर मनाया जश्न



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झामुमो कार्यालय मे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया साथ ही जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी की। मौके पर बीससुत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, उपाध्याय भुनेश्वर यादव, सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव गौरी शंकर, मंगर गंझु, अनुप उरांव, दिगम्बर टाना भगत रा.सा.प्रतिनिधि रिगन कुमार, जगदिश गंझु, राजदेव उरांव युगेश यादव संतोष यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रमिकों के स्थानीय समस्याओं को लेकर बीएमएस ने उपायुक्त को सौंपा 15 सूत्री ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



समाहरणालय के बाहर खड़े संघ के लोग।

**चंदवा।** भारतीय मजदूर संघ जिला कमेटी के तत्वाधान में श्रमिकों के स्थानीय समस्याओं के निदान को लेकर लातेहार उपायुक्त को 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि जिले में सरकारी एवं गैस सरकारी संस्थानों में मजदूर शोषण के शिकार हो रहे हैं। मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ को बताया है कि जिले में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है, 726 रुपए की जगह महज 300 की दर से मजदूरी भुगतान की जा रही है। भवन निर्माण में निबंधित मजदूरों को विभागीय पदाधिकारी के छल कपट से लाभ लाभ से वंचित किया जा रहा है, मजदूरों को रोजगार के अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी एवं नियोजित तथा किसी ट्रेड यूनियन श्रमिक संगठन के द्वारा बगैर प्रमाणित किये ही मजदूरों का निबंधन किया जा रहा है। इस पर तत्काल सुधार करने की जरूरत है। बीएमएस ने जिले में हाल सर्वे में हुए जमीन संबंधी मामलों में हुई त्रुटि में सुधार, बड़े कंस्ट्रक्शन कार्य में लगे कंपनियों में कार्यरत मजदूरों को सरकारी नियमों अनुसार खाते में वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, सरकारी विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने, जिले में संचालित उद्योग धंधे एवं कल कारखाना में स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने, जिले के सभी कलस्टर लेवल में निर्मित स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति करने समेत कुल 15 मांगे उपायुक्त से की गई है। मौके पर यूनियन के सुरेश कुमार उरांव, जिला मंत्री प्रमोद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र गुप्त क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मराज शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश जी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने पुलिया निर्माण के लिए उपायुक्त को सौंपा पत्र



ग्रमीणों के साथ वार्ता करते जिप उपाध्यक्ष।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भैसादोंन ग्राम में पुलिया निर्माण कार्य कराने को लेकर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने आवेदन सौपा है। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जानकारी मिली थी कि बालूमाथ प्रखण्ड के भैंसादोन नीचे टोला में 30 से 35 घर हैं। रास्ते मे बड़की नदी पड़ती है। जिस कारण बरसात में टोला अन्य गांवों से अलग-थलग पड़ जाता हैं। बच्चे स्कूल नही जा पाते उनकी बरसात की छुट्टी हो जाती है और जानवरों के समक्ष चारे का संकट उत्पन्न हो जाता है और इसको लेकर उपायुक्त गरीमा सिंह से मुलाकात किया और आवेदन सौपकर वहां पर पुलिया निर्माण का अनुरोध किया। इसके अलावा टोला में जल जीवन मिशन के तहत एक ही जलमीनार लगाया गया है। जिसका बोरवेल भी धंस गया है। जिस कारण किसी भी घर को पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसपर उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार से बात किया और पानी की सुविधा बहाल करने की बात कही।

## उच्च विद्यालय गणेशपुर में नामांकन के नाम पर 500 रू प्रत्येक बच्चे से की जा रही है वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता



उच्च विद्यालय गणेशपुर।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर उच्च विद्यालय में इन दिनों बच्चों से नामांकन के नाम पर 500 की अवैध वसूली धड़ल्ले से की जा रही है। छात्रा कविता कुमारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं मध्य विद्यालय ओकिया से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होकर नवम वर्ग में नामांकन के लिए उच्च विद्यालय गणेशपुर गई थी। वहां के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार द्वारा यह कहा गया की 500 नामांकन का लगेगा। तभी तुम्हारा नामांकन कर पाएंगे। कबिता ने प्रधानाध्यापक से कहा कि मेरे पिताजी बाहर मजदूरी करने गए हैं मेरे पास पैसा नहीं है और मैं बार-बार गिड़गिड़ाती रही। लेकिन प्रधानाध्यापक ने मेरा नामांकन नहीं किया। तब मेरी मां ने घर में रखे अनाज को बेचकर मुझे पैसा दी। तब जाकर मेरा नामांकन हुआ। वहीं अवैध उगाही की सूचना पाकर जब मीडिया के टीम विद्यालय पहुंचा तो वहां देखा कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के जगह झाड़ू लगा रहे हैं। एवं अधिकांश बच्चे बाहर खेलते हुए नजर आए। विद्यालय की रसोइया गैस के जगह कोयला से खाना बना रही थी। वहीं बच्चों को दी जाने वाली मध्याहन भोजन बिल्कुल ही निम्न स्तर व घटिया खाना बनाया गया था। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार से पूछा गया की मध्यान भोजन समेत आपके विद्यालय में बहुत सारी अनियमिता है तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं ना तो डीसी से डरता हूं नहीं कोई पदाधिकारी से। आप लोगों को जहां जाना है आप लोग जा सकते हैं। प्रधानाध्यापक का दिया गया बयान साक्ष्य के रूप में मौजूद है। वहीं खाना बनाने वाली रसोइया ने कहा कि विद्यालय में कई महीनो से गैस में खाना हम लोग नहीं बना रहे हैं। शिक्षक द्वारा गैस नहीं लाया जाता है इसलिए मगध कोलियरी से की गई चोरी का कोयला को खरीद कर हम लोग खाना बनाते हैं।

## सिबला व गोनिया मे हरा राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग को लेकर लगा शिविर



शिविर में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया और सिबला पंचायत भवन मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन (हरा) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया. गोनिया पंचायत मे लगे शिविर में 08 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं सिबला मे 05 आवेदन प्राप्त हुए। गोनिया मे 11 एड मेंबर किया गया है । सिबला मे 03 एड मेंबर के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। वहीं सिबला मे 44 व गोनिया मे 44 आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने कहा की अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिडिओ सह सीओ नंद कुमार राम व प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार ने शिविर में अधिक से अधिक लोगो को हिस्सा लेने की अपील की। शिविर मे सिबला मुखिया सुरेश उरांव, गोनिया मुखिया रानो देवी सहित पंसस कई राशन प्रणाली दुकानदार सहित कई गन्य मान्य लोग भी मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक, एक वृक्ष मां के नाम लगाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

**महुआडांड़।** जन उपयोगी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अभी से सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा कार्यालय महुआडांड़ में मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद एवं जिला कार्य समिति सदस्य भुवनेश्वर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 4 जुलाई को सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मां के नाम से एक वृक्ष लगाने की बात कही गई। साथ ही कार्यकताओं को अपने क्षेत्र में लोगों से भी एक-एक वृक्ष अपने मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक के दौरान 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित मन की बात को लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। सभी कार्यकताओं से अपील की गई कि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों की समस्या पर कार्य करते हुए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें। जिला कार्य समिति सदस्य भुवनेश्वर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम सभी के प्रयास से चतरा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हुई है। उसी प्रकार आने वाले विधानसभा की तैयारी इससे भी बेहतर ढंग से करना है। जिससे मनिका विधानसभा जीत कर राज्य में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने और हमारे प्रदेश का विकास हो। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, भाजपा कार्यकर्ता आनंद किशोर नाथ शाह, प्रशांत सिंह, मोहन यादव, सुनील कुमार जायसवाल, देवनारायण प्रसाद, प्रदीप नाथ शाह, बद्री प्रसाद, कपिल देव सिंह, एस टी मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बूथ अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, परधेनु टोप्पो, विमला देवी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसबीआई बैंक में दस दिनों से नहीं हो रहा है निकासी, ग्राहक आक्रोश



दस दिनों से बैंक का चक्कर लगाते फिर रहे हैं ग्राहक।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू एसबीआई बैंक में 10 दिनों से पैसों की निकासी नहीं होने के कारण बैंक ग्राहक आक्रोश है। वही बैंक ग्राहक धीरपाल सिंह, शिवनाथ सिंह, विमली देवी, अनीता देवी, शीलू देवी, जीतनी देवी, चानी देवी समेत कई अन्य ग्राहकों ने बताया कि हमलोग तकरीबन 10 से 15 किलोमीटर के दूरी तय करके सरयू एसबीआई बैंक का 10 दिनों से चक्कर लगाते फिर रहे हैं। उसके बावजूद भी हमलोग का पैसा का निकासी नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण हमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरयू एसबीआई बैंक के ग्राहक धीरपाल सिंह ने बताया की सरयू एसबीआई बैंक में पैसों की निकासी नहीं होने के कारण धान और मकई का बीज लेने के लिए तरस रहे हैं, उन्होंने कहा कि मानसून का शुरूआत हो गया है और हमलोग बरसात के दिनों में खेती गृहस्ती में आश्रित रहते हैं। बैंक में जमा किया हुआ पैसा नहीं मिलने से हमलोगों को काफी परेशानी हो रही हैं। वहीं अनिता देवी ने बताई कि मेरा तबियत काफी दिनों से खराब है, पैसों कि अभाव के कारण बेहतर इलाज नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने कही की सरयू बैंक में पैसा निकासी के लिए आते हैं, परन्तु पैसा नहीं निकासी होने के कारण खाली हाथ लौटकर घर चले जाते हैं। सरयू बैंक में समय पर पैसा नहीं मिलने के कारण अपना ईलाज नहीं करा पा रहे हैं। वहीं आक्रोशित सरयू एसबीआई बैंक के ग्राहकों ने शाखा प्रबंधक से सुचारू रूप से पैसों की निकासी और जमा करने की गुहार लगाई है।

# बिहार पुल हादसों पर तेजस्वी ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर बोला हमला

एजेंसी

**पटना।** बिहार में बीते दस दिनों में पुल गिरने की चार चार घटनाओं पर राजनीति चरम पर है। सत्ता पक्ष के नेता जहां हादसों जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कह रहे हैं तो विपक्षी दल इन घटनाओं के लिए डबल इंजन की सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर हमला कर रहे हैं। इस बीच बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार में पुल गिरने की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के सदाचार के कारण मात्र 10 दिन के अंदर बिहार में करोड़ों की लागत से निर्मित और निमार्णाधीन केवल 4 ही पुल गिरे है। शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के सदाचार के कारण मात्र 10 दिन के अंदर बिहार में करोड़ों की लागत से निर्मित और निमार्णाधीन केवल 4 ही पुल गिरे है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी/ठऊअ की सरकार है तो सत्ता पक्ष और उनका अभिन्न अंग गोदी मीडिया इसे भ्रष्टाचार तो कदापि ही नहीं कह सकते। डबल इंजन सरकार के पायलट अब कहेंगे कि शुक्र मनाओ कि 10 दिन में 4 ही पुल गिरे है, 10 तो नहीं गिरे है ना। ये पायलट यह भी



कहेंगे कि पुल गिरने के दोषी तो विपक्ष और जनता है इससे पहले अररिया, सीवान और पूर्वी चंपारण में पुल गिरने की घटनाओं के बाद भी तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार और केंद्र सरकार दोनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोला था। बीते 23 जून को भी तेजस्वी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट डालकर नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर जोरदार जुबानी हमला बोला था। पीएम मोदी और बिहार सीएम नीतीश कुमार के भाषणों की नकल करते हुए तेजस्वी यादव ने जो लिखा था उसे हम आपके सामने हूबहू पेश कर रहे हैं। बिहार में मॉनसून के आगमन के साथ पुलों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। दस दिनों में चार पुल तबाह हो गए। सबसे पहले 18 जून को अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर 12 करोड़ का एक पुल गिरने का मामला सामने आया। विपक्ष ने सरकार पर जमकर हमला बोला लेकिन सिलसिला नहीं थाम। इसके चार दिन बाद 22 जून को सिवान के दरौंदा और महाराजगंज ब्लॉक को जोड़ने वाली गंडक नहर पर बना पुल ध्वस्त हो गया जिससे आस पास की आबादी परेशान हो गई। तीसरा पुल पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में 23 जून को गिरा। यहां घोड़ासहन ब्लॉक में एक पुल निर्माण का कार्य चल रहा था। रात में पुल की ढलाई हुई और सुबह पुल ढह गया। इसके बात किशनगंज में पुल हादसा हुआ। जिले के बहादुरपुर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाया गया 13 साल पुराना पुल बाढ़ के पानी में धंस गया। 2011 में इसका निर्माण 25 लाख की लागत से कराया गया था। इस पुल के धंसने से आसपास के लगभग 40 हजार लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया।

## खबर एक नजर में

### ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मी को बनाया बंधक



**किशनगंज।** जिले के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के बलवा जागीर पावर हाउस के कर्मी को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण लगातार लाइट कटने से नाराज थे। घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। जब ग्रामीण खजूरबारी के कबीर चौक के समीप लोगों ने बिजली कर्मी को लाइन ठीक करते देखा तो उसका घेराव किया और उसे बंधक बना लिया। कर्मी के बंधक बनाने की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। टेढ़ागाछ पीसीएस के कनीय अभियंता सीताराम ने शुक्रवार को बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हमने पुलिस को उक्त बात की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर बिजली के अन्य कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझाकर उक्त कर्मी को मुक्त करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यहां बिजली की समस्या बनी है। पावर हाउस के 3 किमी के दायरे में नियमित बिजली लोगों को नहीं मिलती है। वहीं विभाग को सूचना देने पर भी कोई सुनवाई नहीं की जाती है, इसीलिए कर्मी को ही बंधक बना लिया।

### जलवायु परिवर्तन विश्व के लिए बड़ी चुनौती : कुलपति

**समस्तीपुर।** बिहार के प्रतिष्ठित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डॉ पी.एस.पाण्डेय ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन आज भारत ही नहीं विश्व मे एक बड़ी चुनौती बन गई है। कुलपति डॉ पाण्डेय शुक्रवार को समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में जलवायु अनुकूल कृषि के लिए जीवंत और अनुकूल रणनीति बनाने विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु में हो रहे बदलाव से निपटने के लिए वैज्ञानिकों को किसानों के साथ मिलकर युद्ध स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। किसानों के साथ मिलकर काम करने का अर्थ है कि किसानों के अनुभव से भी वैज्ञानिक अवगत हो और इसके समाधान के लिए एक ठोस कार्य नीति बनायें।

## स्पीड न्यूज

### सुब्रतो फुटबॉल कप टूनार्मेंट का आयोजन



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

**केतार।** प्रखंड के लोहिया समता हाई स्कूल केतार के मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल कप टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट में अंडर 15 बालक टीम में मध्य विद्यालय केतार, अंडर 17 बालक टीम में प्लस 2 उच्च विद्यालय परसोडीह, अंडर 17 बालिका टीम में लोहिया समता हाई स्कूल केतार विजेता रही। सभी विजेता और उपविजेता टीम को बीडीओ, थाना प्रभारी, बीपीएम, मुखिया ने पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार वैद्य ने बताया कि उक्त सभी विजेता टीम को आगामी होने वाले जिला स्तर पर खेल में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। मौके पर प्रदीप कुमार टोपनो, गौतम पाल, शिक्षक दीनानाथ मेहता, प्रेम कुमार गुप्ता, नवीन प्रकाश, बसंत कुमार, रामनरेश कुमार, बिनोद पाल आदि मौजूद थे।

### गंगा स्नान करने के दौरान डूबा युवक, तलाश जारी

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज स्थित मुसहरी घाट में शुक्रवार को गंगा स्नान करने गए पसराहा निवासी सुबोध कुमार गहरे पानी में डूबे गए। डूबे युवक की खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चल पाया है। घटना के बाबत सुबोध के दोस्त राजेश ने बताया कि आज सुबह सुबोध अपने कुछ दोस्तों के साथ मायागंज स्थित मुसहरी घाट गंगा स्नान करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान सुबोध गंगा में तैर रहा था। तैरते हुए सुबोध को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाया और सुबोध डूबने लगा। राजेश ने बताया कि जब सुबोध डूब रहा था तो हम लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक सुबोध डूब चुका था। घटना की सूचना बरारी पुलिस को देने के बाद बरारी पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुबोध की तलाश कर रही है।

## जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए नीतीश दिल्ली रवाना

एजेंसी



**पटना।** जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो गये। दिल्ली में 29 जून को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते नीतीश बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इसमें पार्टी को अन्य राज्यों में विस्तार, आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति और कई अहम पदों पर नेताओं को खास जिम्मेदारी देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में कई एजेंडों को लेकर प्रस्ताव पास किये जा सकते हैं। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार में पार्टी के मंत्रीगण, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य, सभी प्रदेशों के अध्यक्ष समेत राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, लोकसभा में जदयू संसदीय दल के नेता दिलेश्वर कामत, राज्यसभा में जदयू संसदीय दल के नेता संजय झा सहित सभी वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी के संबंधित नेताओं को संदेश भेजा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 29 दिसम्बर, 2023 को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में ही हुई थी, जिसमें नीतीश कुमार को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

## युवक को गोली मार रुपयों से भरा बैग लूट लिया



**पटना।** बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी है। गोली मारने के बाद अपराधी हथियार लहराते फरार हो गया। घटना पटनासिटी के महिंद्रा शो रूम के पास की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन बाइक पर सवार लगभग सात के संख्या में अपराधी आये और बाइक सवार युवक पर फायरिंग करने लगे। गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। युवक भागने लगे लेकिन भागने के क्रम में उसे बांह में गोली लग गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बहुत तेजी से वहां से फरार हो गये। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपक बैग में नगद रुपये लेकर जा रहा था, तभी घात लगाए अपराधी दीपक पर फायरिंग करने लगे। इस गोलीबारी में अपराधी अपनी मंशा में कामयाब हो गये और रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। बैग स्थानीय लोगों का कहना है कि बेखौफ अपराधियो ने रुपया लूटने के लिए वहां लगभग छह-सात राउंड गोली चलाये, जिसमे एक गोली दीपक के कांधे में लग गयी। घायल दीपक ने बताया कि गोली लगने के बाद घायल अवस्था में ही वह बाइक से ही एनएमसीएच पहुंच गया। फिर उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकरी मिलने के साथ ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दीपक ने पुलिस को बताया कि लगभग सात की संख्या में अपराधियो ने इस घटना को अंजाम देकर नगद रुपए लूट लिए। दीपक का कहना है कि बैग में नगद कितना था, इस बात की जानकारी मुझे नहीं है। बाद में हिसाब मिला लेने के बाद ही पता चल पाएगा कि बैग में कितना रुपया था, वही घटना के सूचना मिलते ही पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। वही इर्द गिर्द लगे सीसीटीवी कैमरा के सहारे अपराधियो की खोजबीन कर रही है ।

## मृतक के परिजनों को मिला दो-दो लाख रुपये का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता



चेक प्रदान करते शाखा प्रबंधक।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक के हाथों शुक्रवार को दो लोगो को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। बताते चले कि मकरी निवासी स्व. अशोक विश्वकर्मा की पत्नी प्रतिमा देवी उम्र 40 वर्षीय को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक दिया गया। बताते चलें कि 20 रुपये का बीमा अशोक विश्वकर्मा द्वारा सीएसपी मकरी के संचालक सुरेश पाल के पास कराया था। विदित हो कि अशोक विश्वकर्मा की मोटर साईकिल दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। सीएसपी संचालक सुरेश पाल के अथक प्रयास से आज नॉमिनी प्रतिमा देवी को दो लाख का चेक एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार द्वारा दिया गया। जबकि अरसली दक्षिणी पंचायत के बनखेता निवासी स्व. राजकुमार यादव के नॉमिनी नहक यादव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक शाखा प्रबंधक के द्वारा दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार, सहायक मैनेजर फील्ड मैनेजर राजेश मुंडा, सीएसपी संचालक सुरेश पाल, धर्मेंद्र कुमार, राजू कुमार सहित कई बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## पेड़ से लटकी मिली दसवीं के छात्र की शव



**गया।** गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र में स्थित राज स्कूल के छात्रावास के पास शुक्रवार को छात्र का शव सूखे पेड़ पर बेल्ट के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही टिकारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। छानबीन के दौरान राज स्कूल के छात्रावास के एक कमरे के पास खून के धब्बे मिले हैं। मृतक छात्र की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के कईयाटांड गांव के रहने वाले शत्रुघ्न दास के 16 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि टिकारी राज स्कूल के दसवीं की छात्रा छावनी मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। बीते गुरुवार को कोचिंग से पढ़ाई कर शाम छह बजे घर आया और बाहर निकल गया। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगे। परिजनों को शुक्रवार की सुबह उक्त स्कूल के छात्रावास के समीप एक सूखे पेड़ पर बेल्ट के सहारे छात्र रौशन का शव लटका मिला।

## धुरकी के ड्राइवर की छत्तीसगढ़ में मौत



रमेश यादव।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटिया पंचायत के परासपानी खुर्द गांव निवासी लाखा यादव के 42 वर्षीय पुत्र रमेश यादव की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना बुधवार की है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश रायपुर के हैदराबाद में श्री गायत्री इंटरप्राइजेज में कार्यरत थे। जहां कंपनी के अंदर ही उनको करंट लग गई जिससे उसकी मौके हो गई। रमेश कंपनी में मिलर सीमेंट मिक्स करने वाले मशीन का ड्राइवरी करता था, प्रत्येक दिनचर्या के अनुसार वह सीमेंट मिक्स कर काम के बाद गाड़ी को धुलाई कर रहा था। वहीं ऊपर से बिजली तार गुजरा हुआ था, धुलाई करने के दौरान वह जैसे ही गाड़ी से नीचे उतरा वैसे ही विद्युत करंट की चपेट में आ गया। मृतक का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह कनहर नदी के तट पर किया गया। इधर घटना की खबर सुनते ही जिप सदस्य सुनीता कुमारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख विनोद कोरवा, मुखिया पति इस्लाम अंसारी, बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश कुमार गौड़, रामप्रवेश यादव, अमरेश यादव, हरिनारायण यादव, वदूद खां एवं जनप्रतिनिधि ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बनाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

## विश्व ओलम्पिक दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

**भवनाथपुर।** विश्व ओलम्पिक दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए साइकिलिंग रेस तथा कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिका वर्ग के साइकिलिंग रेस में अंजली कुमारी ने प्रथम, बबली कुमारी ने द्वितीय तथा खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में रॉकी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में भवनाथपुर डे बोर्डिंग बालिका टीम ने भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता के सभी सफल प्रतिभागियों के बीच पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह जेएमएम नेता ब्रजेश कुमार सिंह, जिला कबड्डी संघ के अजय कुमार गुप्ता तथा प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल शिक्षक ने पुरस्कार वितरण किया। इससे पहले कबड्डी कोच अजय कुमार गुप्ता ने ओलम्पिक दिवस के महत्व पर युवाओं के बीच विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज गेम से खिलाड़ियों को अवसर मिलता है। खिलाड़ी अपने बेहतर खेल की बदौलत देश विदेश पर अपनी पहचान बना रहे है। मौके पर चमन सिंह, सोनू ठाकुर, विमलेश कुमार, मुकेश कुमार, बेबी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### जेल से निकले हेमंत...

जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरिष्ठ एडवोकेट कपिल सिब्बल और हाईकोर्ट के सीनीयर एडवोकेट पीयूष चित्रेष ने बहस की थी। हेमंत को लैंड स्कैम के मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**भावुक दिन : कल्पना :** पूर्व सीएम की अनुपस्थिति में पार्टी का कामकाज देख रहीं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि आज का दिन बहुत भावुक करने वाला है। अपनी भावना व्यक्त करने के लिए उनके पास शब्दों की कमी है।

सुप्रीम कोर्ट जायेगी इडी : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ ईडी अपील में जायेगी। हाईकोर्ट के फैसले की कॉपी मिलने के बाद ईडी मुख्यालय के स्तर पर इस फैसले की समीक्षा की जा रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में ईडी सुप्रीम कोर्ट में जमानत के फैसले के खिलाफ अपील करेगी।

### आवाज दबाने की...

न्याय प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि दिन, महीने नहीं वर्षों लग रहे हैं। कहीं ना कहीं जो लोग पूरे सिद्दत के साथ अपने राज-समाज, देश के प्रति दातित्वों का निर्वहन कर रहे हैं उनमें बाधाएं डाली जा रही हैं।'

अपना संकल्प पूरा करूंगा

श्री सोरेन ने कह, आज फिर मैं जनता के बीच में हूं और जो लड़ाई हमने... और जो संकल्प लिया है उसे हर हाल में पूरा करूंगा। कानून का आदेश आपके सामने है। किन बातों को उसमें कहा गया है, उसे मैं अपनी जुबान से नहीं कहना चाहता। आप लोग इसकी समीक्षा करें।

### 200 यूनिट बिजली...

नागरिकों की मौत पर मुआवजे की गाइडलाइन : उग्रवादी या आतंकवादी हिंसा पर सामान्य नागरिकों की मौत होने पर उनके आश्रितों के अनुग्रह अनुदान और अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत गाइडलाइन बनायी गयी। पुराने मामलों में भी इसके तहत निष्पादन किया जायेगा। बीआरपी और सीआरपी के संविदा कर्मियों के मासिक मानदेय के 17500 से बढ़कर 27500 बीआरपी के लिये किया गया। बीआरपी एंड ट्रेंड को 26000, सीआरपी प्रशिक्षित को 25500, सीआरपी एंड ट्रेंड को 23900 मिलेगा। मानदेय वृद्धि हर साल 3 प्रतिशत होगी।

**अबुआ स्वास्थय योजना :** मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी। राज्य में अभी 33 लाख 44000 से अधिक लोगों को 5 लाख के बीमा कवर दिया जा रहा है। अब इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इसके लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य है। मालूम हो कि आयुष्मान योजना से अलग से 5 लाख रुपये का बीमा अलग से मिल रहा है। इसका लाभ 28 लाख लोगों को दिया जा रहा है। राज्य में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन रखरखाव योजना शुरू होगी। स्वास्थ्य उपकेंद्र की रक्षों के लिए दो लाख प्रतिवर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिये 50 लाख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिये 10 लाख रुपये दिये जायेंगे। जिला अस्पतालों के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव योजना राशि उपलब्ध कराने के मद में झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम राशि एक अरब 16 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गयी।

**शोध कार्य राशि भी बढ़ी :** विवि के छात्रों के शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फेलोशिप दी जायेगी। पीएचडी में नामांकन लेनेवाले छात्रों को प्रतिमाह 25000 दर से राशि दी जायेगी। रिसर्च के लिये पेपर प्रस्तुति करने के लिए प्रोत्साहन राशि सिर्फ 500 यूनिवर्सिटी के रैंकिंग के आधार पर अगर किसी विद्यार्थी का फेलोशिप प्रकाशित होता है तो एक बार विदेश जाने के लिये 2,00,000 दिया जायेगा। टॉप यूनिवर्सिटी में अध्ययन के लिए स्कॉलरशिप राशि 100 फीसदी ट्यूशन फीस दी जायेगी। अधिकतम 6 लाख दिये जायेंगे। इसके लिए परिवार की सालाना में 8 लाख से नीचे होनी चाहिये।

### नीट पेपर लीक ...

**संजीब मुखिया के रिश्तेदारों का गैंग :** पेपर लीक में आरोपी चिंटू और मुकेश तीन दिनों की सीबीआइ रिमांड पर हैं। रिमांड के दूसरे दिन सीबीआइ ने दोनों को साथ लेकर स्पॉट वेरिफिकेशन किया। दोनों से कड़ी पूछताछ जारी है। सूत्रों की मानें तो अभियुक्त रॉकी के नेपाल भाग जाने की आशंका है। सीबीआइ के लिए संजीव के साथ-साथ रॉकी इसलिए भी अहम कड़ी है, क्योंकि हजारीबाग में पेपर लीक से पहले भी हुए पेपर लीक में रॉकी के शामिल होने के सबूत मिले हैं। पेपर लीक का मास्टर माइंड माना जा रहा संजीव मुखिया ही इस पेपर लीक गैंग का भी मुखिया है। उसने अपने परिवार और रिश्तेदारों का एक पेपर लीक गिरोह खड़ा कर लिया है। संजीव मुखिया कभी कुख्यात परीक्षा माफिया रंजीत डॉन का कैशियर हुआ करता था। इस मामले जिस रॉकी के नेपाल में छिपे होने की खबर है वो संजीव मुखिया का भांजा है। जानकारी ये भी सामने आ रही है कि चिंटू और रॉकी आपस में जीजा-साले हैं। इतना ही नहीं बीपीएससी शिक्षक बहाली परीक्षा के पेपर लीक का आरोपी डॉक्टर शिव कुमार तो संजीव मुखिया का बेटा ही है। वह फिलहाल जेल में है। संजीव मुखिया का करीबी सिकंदर यादवेंदु भी इसी केस में जेल में है। साथ ही सिकंदर के साले की पत्नी और उसका बेटा भी कानून की गिरफ्त में हैं। बिहार पुलिस की इयूओ जिस सिपाही भर्ती पेपर लीक और बीपीएससी शिक्षक भर्ती पेपर लीक की जांच कर रही है, उनके भी तार संजीव मुखिया गैंग से ही जुड़े हुए हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा हो या बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा या फिर नीट सभी के पेपर लीक में नातेदारों-रिश्तेदारों वाले गिरोह का ही हाथ है।

# सभी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय में आज लगेगा विशेष राजस्व शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



डीसी शेखर जमुआर।

**गढ़वा।** जिले में राजस्व कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन एवं आम जनों की सुविधा के लिए शनिवार को सभी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालयों में राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके आलोक में डीसी शेखर जमुआर ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 29 जून (शनिवार) को अपने मुख्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन करेंगे। इस दौरान राजस्व संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमें ऑनलाईन दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण से संबंधित वादो का निष्पादन, भू-लगान वसूली, सीमांकन से संबंधित वादों का निष्पादन, जमाबंदी अपडेसन, भू-अभिलेख में त्रुटि निराकरण, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र का निष्पादन आदि मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

डीसी ने सभी अंचल अधिकारी को राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने तथा शिविर में आम जनों से प्राप्त होने वाले आवेदनों को क्रमवार पंजी में संधारित करते हुए उन्हें पावती रसीद निर्गत करने का भी निर्देश दिया है। वहीं सभी प्रखण्डों के लिए जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी को अपने आवंटित प्रखण्डों में आयोजित होने वाले राजस्व शिविर का पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करने तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उसके निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन जिला मुख्यालय में साझा करने को कहा गया है।

## धुरकी में सुब्रत कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड में सुब्रत कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता एवं प्रखंड प्रमुख शांति देवी ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लिखनीधौरा एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी धुरकी के बालिकाओं ने बाजी मारी। मौके पर प्रखंड के पंचायत समिति कृष्णा सिंह, अंबाखोरया पंचायत के मुखिया एवं विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विपिन बिहारी गुप्ता ने किया।

स्पीड न्यूज

# मानसून की पहली ही बारिश में दिल्ली बनी दरिया, कई उड़ानें और ट्रेनें रद्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार को सुबह मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली सरकार और अन्य एजेंसियों की पोल खोल कर रख दी। 40 से 50 किमी प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवा के साथ मानसून की पहली तेज बारिश ने दिल्ली को पानी पानी कर दिया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। सुबह दफ्तर जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दिल्ली की प्रमुख सड़कें पानी से लबालब थीं। सुबह से ही आईटीओ समेत दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा। हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बरसात में ही मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा। वहां एक ट्रक फंस गया। कमोबेश यही नजारा द्वारका,

- **इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत ढही, एक की मौत व 6 घायल**
- **सुबह दफ्तर जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसे**
- **कांग्रेस सांसद शशि थरूर और सपा सांसद रामगोपाल गोपाल के घरों में घूसा पानी**

कापसहेड़ा, प्रगति मैदान और अन्य कई अंडरपास में देखने को मिला। तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण हवाई अड्डा टर्मिनल 1 की छत टूटने के कारण बड़ा हादसा हुआ। इस हादसे की चपेट में एक टैक्सी आ गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

इस घटना के कारण टर्मिनल-1 से उड़ानें दो बजे तक निलंबित करनी पड़ीं। इंडिगो एयरलाइंस ने टर्मिनल 1 से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दीं। स्पाइसजेट ने भी अपनी उड़ानें रद्द कर दीं। खराब मौसम के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 28 फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं। देश के अलग-अलग हिस्सों से दिल्ली आने वाली कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। जलभराव के कारण सुबह हजरत निजामुद्दीन और सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पहली बरसात में ही सफदरजंग में 228 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आम लोगों के साथ खास लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। कांग्रेस के सांसद शशि थरूर और सपा सांसद रामगोपाल गोपाल के घरों में पानी भर गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया। बारिश के पानी से स्कूल, कालेज यहां तक कि एम्स के अस्पताल के आसपास पानी भर गया। यमुना पार गुरुतेग बहादुर अस्पताल (शाहदरा) के ब्लड बैंक में भी पानी भर गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की कुछ कक्षों के छतों से पानी झरने की तरह बहता नजर आया। दिल्ली सरकार, एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम के सारे दावे पहली बरसात ने धो कर रख दिए।



वसंत कुंज, ग्रेटर कैलाश, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, साकेत और मालवीय नगर सहित दक्षिणी दिल्ली के वीआईपी आवासीय इलाकों और सड़कों पर जलभराव दिखा। इसके साथ सराय काले खां, जंगपुरा, वजीरपुर, अशोक विहार, लक्ष्मी नगर, दक्षिणपुरी और पश्चिम विहार समेत कॉलोनियों और शहरी गांवों में जलभराव देखने को मिला। पूरे बाहरी रिंग रोड खंड, पीरागढ़ी गोल चक्कर और धौला कुआं पर बाढ़ जैसे हालात थे। गाजीपुर बॉर्डर, मुर्गा मंडी और धौला कुआं में अंडरपास के पास जलभराव के साथ मिंटो ब्रिज, तिलक ब्रिज, बादली, मूलचंद, आजादपुर, जखीरा, अशोक नगर अंडरपास और प्रगति मैदान सुरंग में बाढ़ जैसे हालात थे। आईटीओ की मुख्य सड़कों पर सुबह 9 बजे तक घुटनों तक पानी भरा रहा। रोहिणी के सेक्टर 13 में सड़क धंस गई और खड़ी कार खाई में गिर गई। तिमारपुर में निमार्णाधीन सड़क पर एक कार गड्ढे में गिर गई। भारी बारिश के कारण यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशन पर कुछ समय के लिए एंट्री-एग्जिट बंद करना पड़ा।

## विक्रम मिसरी होंगे नये विदेश सचिव



नयी दिल्ली। भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिसरी भारत के नये विदेश सचिव होंगे। उनकी नियुक्ति 15 जुलाई से अमल में आएगी और वह विनय मोहन क्वात्रा का स्थान लेंगे। सरकारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के इस फैसले की जानकारी दी गई है। विक्रम मिसरी पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल और मनमोहन सिंह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निजी सचिव रह चुके हैं। वह चीन में भारत के राजदूत भी थे। जनवरी 2022 में वह उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किये गये थे।

## कर्नाटक में ट्रक से टकरायी वैन 13 मरे

हावेरी । कर्नाटक में हावेरी जिले के गुंडेनहल्ली में शुक्रवार तड़के एक वैन के खड़ी ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना करीब 03 :45 बजे उस समय हुई , जब एक वैन राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गयी। दुर्घटना में वैन में सवार 17 यात्रियों में से 11 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## लोकसभा ने दी पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को 13 पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी और सदन ने मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को कुछ पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी। उन्होंने इस दौरान इन सदस्यों के कार्यकाल और कार्यों की भी जानकारी दी।

## रास में सांसद फूलो देवी की बिगड़ी तबीयत

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम की शुक्रवार को सदन में अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किए जाने के दौरान कांग्रेस सहित विपक्षी सदस्य नीट मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तभी नेताम की तबीयत बिगड़ गई। उनको चक्कर आ गया।

## रास का उपसभापति पैनल हुआ पुर्नगठित

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन के 264 वें सत्र के लिए उपसभापति पैनल को पुर्नगठित करने की घोषणा की। धनखड़ ने बताया कि एनसीपी की फौजिया खान, बीजद के सुजीत कुमार, टीएमसी के सुखेंदु शेखर राय, भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी, कांग्रेस की रजनी पाटीदार, भाजपा की सोनल मानसिंह और मेधा कुलकर्णी पैनल में शामिल हैं।

### हंगामा कर रहे सांसदों को स्पीकर ने दी नसीहत


# सड़क व संसद का अंतर समझे विपक्ष

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित करने से पूर्व हंगामा कर रहे राजनीतिक दलों को कड़ी नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में मदद करने का भी अनुरोध किया। ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि आप अपनी जो भी बात रखना चाहते हैं, उसके लिए आपको अवसर दिया जाएगा। पर

**संसदीय व्यवस्था और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केवल धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा हो सकती है : बिरला**

यहां साफ दिख रहा है कि आप योजनाबद्ध तरीके में संसद की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि चुनावों के बाद यह संसद का पहला सत्र है। जनता ने आपको इसलिए चुनकर भेजा है ताकि आपकी उनकी बात यहां रख सकें लेकिन आप जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे लगता है कि आप सड़क और संसद के बीच का अंतर नहीं



समझते हैं। ओम बिरला ने कहा कि संसदीय व्यवस्था और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केवल उस पर धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा हो सकती है। राष्ट्रपति ने अभिभाषण में नीट परीक्षा का मुद्दा भी उठाया था। आप चर्चा में भाग लेकर उस पर अपनी बात रख सकते हैं।

## मोदी-पुतिन के बीच होगी शिखर वार्ता

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता की तैयारी की जा रही है। हालांकि शिखर वार्ता की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत और रूस के बीच शिखर वार्ता का आयोजन एक नियमित प्रक्रिया है। अब तक 21 बार शिखर वार्ता हो चुकी है। प्रवक्ता ने कहा कि कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित होने वाली संघाई सहयोग संगठन की शिखर वार्ता में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह शिखर वार्ता 3 और 4 जुलाई को आयोजित होगी। मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता के आयोजन की पुष्टि रूस के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से भी की जा चुकी है। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच आठ जुलाई को शिखर वार्ता होगी।

# सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार : प्रधान

**नयी दिल्ली।** संसद में विपक्षी सांसदों के राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन सब कुछ परंपरा और मर्यादा के भीतर होना चाहिए। प्रधान ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब गुरुवार राष्ट्रपति ने स्वयं अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं और देश के छात्रों के प्रति है। सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर भ्रम क्या है? उन्होंने कहा कि नीट मामले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। सीबीआई ने जांच

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री बोले-दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी सीबीआइ ने शुरू कर दी है जांच**



शुरू कर दी है। किसी को नहीं बख्शा जाएगा। सीबीआई ने नीट पेपर लीक से जुड़े आरोपितों की गिरफ्तारी भी शुरू कर दी है। सरकार किसी को छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि एनटीए में सुधार के लिए एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समिति भी बनाई गई है, जल्द ही उन सभी परीक्षाओं की तारीख भी घोषित की जाएगी। मैं विपक्ष से भी अनुरोध करता हूं कि वे राजनीति से बाहर आएं और चर्चा में शामिल हों।

## एयरटेल ने भी बढ़ाया टैरिफ, तीन जुलाई से लागू होंगी नयी दरें

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सर्विस प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। रिलायंस जियो के बाद एयरटेल भी अपने मोबाइल टैरिफ में 10 से 21 फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी।

एयरटेल ने शुक्रवार को कहा है कि वह 3 जुलाई, 2024 से मोबाइल टैरिफ में संशोधन करेगी। कंपनी ने कहा कि असीमित वॉयस प्लान की दरों में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एयरटेल के मुताबिक अब ये दरें 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये से बढ़ाकर 509 रुपये और 1,799 रुपये से बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी गई हैं। इसके अलावा दैनिक ह्यडेटा प्लानह्न श्रेणी को 479 रुपये से बढ़ाकर 579 रुपये कर दिया गया है, जो 20.8 फीसदी की वृद्धि है।

# टीवी अभिनेत्री हिना खान को स्तन कैंसर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकप्रिय अभिनेत्री और टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है कि खूबसूरत अदाकारा हिना खान ने तीसरी स्टेज के स्तन कैंसर से पीड़ित होने की पुष्टि की है। छत्तीस वर्षीय हिना इतनी गंभीर बीमारी का शिकार हो गईं, इसका खुलासा उन्होंने इंस्टाग्राम पर किया है। पोस्ट में उन्होंने अपने फैंस से उनके जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना करने की बात कही है। हिना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने सभी समर्थकों के साथ इस गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की बात को साझा किया और इस गंभीर बीमारी का सामना करने के अपने दृढ़ संकल्प पर जोर दिया। सुश्री खान ने अपने प्रशंसकों को आश्वासन दिया कि वह इस गंभीर बीमारी से जंग जीतकर फिर से

- **प्रशंसकों को दिया आश्वासन इस गंभीर बीमारी से जंग जीतकर फिर से पहले की तरह जिंदगी जीयेंगी**



पहले की तरह जिंदगी जीयेंगी, जिसके लिए वह दृढ़ संकल्प है। उन्होंने पुष्टि की कि उनका इलाज शुरू हो चुका है और उन्होंने इस लड़ाई में और भी मजबूत होकर उभरने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## हैदराबाद : कारखाने में धमाका, 6 लोगों की मौत व 15 घायल

**हैदराबाद।** रंगारेड्डी जिले के शादनगर की साउथ ग्लास फैक्टरी में शुक्रवार को कंप्रेसर फटने से 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। इसकी आधिकारिक पुष्टि कुछ देर पहले हुई है। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। कांच फैक्टरी में कंप्रेशर फटने से हुए भीषण विस्फोट में 6 लोगों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए उस्मानिया और गांधी अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों में अधिकतर ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे जानकारी के अनुसार विस्फोट के समय 150 से अधिक मजदूर फैक्टरी में मौजूद थे। कांच उद्योग होने के कारण शवों में कांच के टुकड़े पाए गए। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है।

# मार्केट कैप में सबसे आगे भारतीय शेयर बाजार

### पहली तिमाही में 13.8 प्रतिशत का इजाफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के मामले में भारतीय शेयर बाजार मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान दुनिया भर के सभी स्टॉक मार्केट से आगे निकल गया है। अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान भारतीय कंपनियों का मार्केट कैप 13.8 प्रतिशत बढ़ गया है। भारतीय कंपनियों के मार्केट कैप में लगातार पांचवीं तिमाही के दौरान बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक शेयर बाजार में लिस्टेड भारतीय कंपनियों का कुल मार्केट कैपीटलाइजेशन फिलहाल 5.03 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। हालांकि मार्केट कैप के मामले में भारतीय शेयर बाजार का स्थान अभी भी दुनिया में पांचवें नंबर पर है। मार्केट कैपीटलाइजेशन के मामले में सबसे आगे फिलहाल अमेरिकी इक्विटी मार्केट है,

- **लगातार पांचवी तिमाही में मार्केट कैप में हुई बढ़ोतरी**
- **डॉलर के अलावा अन्य वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले रुपया काफी मजबूत हुआ**
- **भारतीय कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5.03 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हुआ**

जिसकी टोटल मार्केट वैल्यू फिलहाल 56.84 ट्रिलियन डॉलर है। लेकिन अमेरिकी इक्विटी मार्केट में लिस्टेड कंपनियों के टोटल मार्केट कैपीटलाइजेशन में अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान सिर्फ 2.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के दूसरे सबसे बड़े इक्विटी मार्केट चीन (8.6 ट्रिलियन डॉलर) में कंपनियों का टोटल मार्केट कैप अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान 5.6 प्रतिशत कम हो गया है। चीन के मार्केट कैप में लगातार पांचवीं तिमाही में गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह जापान के शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान 6.24 प्रतिशत की कमी के साथ 6.31 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। मार्केट कैप के मामले में चौथे स्थान पर काबिज हांगकांग के शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप पहली तिमाही के दौरान 7.3 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5.15 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा ब्रिटेन के शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 3.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फ्रांस के शेयर बाजार का मार्केट कैप 7.63 प्रतिशत बढ़ा है। कनाडा के मार्केट कैप में 2.7 प्रतिशत और सऊदी अरब के मार्केट कैप में 8.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

## रिलायंस का मार्केट कैप 21 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 21 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के टैरिफ दरों में 25 फीसदी तक महंगे करने की घोषणा के बाद शुक्रवार को रिलायंस का शेयर करीब 2 फीसदी चढ़ कर रिकॉर्ड 3,129 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद कंपनी का मार्केट कैप बढ़ कर 20 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भाव 2 फीसदी की तेजी के साथ 3129 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 52 हफ्ते का नया उच्चतम स्तर है।

आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना
स्वास्थ्य का वरदान, आयुष्मान
"विशेष आयुष्मान पखवाड़ा"
(दिनांक 15 जून से 29 जून 2024)
राज्य के गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार पाएं 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज। राज्य के समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कृपया इस अवसर का लाभ उठाएं एवं अपना और अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवायें।
निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैसे बनायें?
नजदीकी पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालय में।
सहिया द्वारा घर-घर जाकर।
नजदीकी सरकारी अस्पताल में।
नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में।
नजदीकी निजी अस्पताल में।
आयुष्मान एप द्वारा "स्वयं"
आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत मिलने वाली सुविधाएं
5 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज
राज्य एवं देश के किसी भी सरकारी एवं निजी अस्पताल में पाएं निःशुल्क ईलाज
अस्पताल में ईलाज के दौरान निःशुल्क जाँच, दवाईयाँ एवं भोजन की सुविधा
अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद आवश्यकतानुसार 15 दिनों तक की दवाईयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं
योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की नकद राशि देय नहीं है
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड।
अधिक जानकारी या शिकायत के लिए संपर्क करें:- 14555/18003456540
PRNO 327494 (Jharkhand State Arogya Society) IPRD 24-25